अटूट कथाओं से पता चलता है कि विसाख एक व्यापारी व बौद्व शिक्षक था। विसाख इस बात से महात्मा बुद्ध को अवगत कराते है तो बुद्ध खुश होकर कहते है कि वे भी बिल्कुल धम्मदिन्ना की तरह ही उत्तर देते है। यह इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं न केवल आरम्भिक बौद्ध समुदाय में स्पष्ट रूप से उपस्थित थी बल्कि साधिकाओं व शिक्षिकाओं दोनो ही रूपों में प्रमुख व सम्माननीय जगह भी बनाए हुए थी।

प्रारम्भिक बौद्धधर्म में न केवल महिलाओं के लिए धर्मपंथ खुला था। बल्कि वास्तव में यह रास्ता महिलाओं व पुरूषों दोनों के लिए एक ही प्रकार का था। ऐसी बात नही कि लिंग भेद नही थे परन्तु वे मुक्ति प्राप्त करने

में बाधक नही थे। जब सामावती सहित राजा व उनकी 500 पत्नियां उद्देन जल मरी तो इस दुःखद स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा "भिक्षुओं इनमें से कुछ महिलाएं प्रवाह विजेता, कुछ एक बार लौटने वाली और कुछ कभी न लौटने वाली थी। इसका स्पष्ट अर्थ है कि महिलाएं मुक्ति मार्ग के उन विभिन्न चरणों को प्राप्त करने में पूरी सक्षम मानी गयी थी। जिसके माध्यम से अहर्त बन जाता था।

"और चाहे महिला हो या पुरूष उनके लिए
ऐसा रथ प्रतीक्षा करेगा उसी रथ पर चढकर
वे निर्वाण की स्थिति में पहुँच जाऐंगे।"

इस प्रकार के पद्य यह बताते है कि जो परम्परागत सीमाएं महिलाओं पर थोपी गयी है उन्हें न तो बौद्ध रीति रिवाज से किसी भी रूप से अलग रखा जा सकता है और न ही अंतिम लक्ष्य, अर्थात निर्वाण प्राप्त करने से रोका जा सकता था। बौद्ध धर्म ने महिलाओं को विधमान ब्राहमणवाद की तुलना में अधिक अच्छे अवसर प्रदान किए।

गृहस्थ स्त्री को भी बौद्ध धर्म ने हिन्दू धर्म से अधिक स्वतन्त्रता दी। उस समय परिवार में स्त्रियों की तीन भूमिकाएँ प्रमुख थी। प्रथम पत्नी, गृहणी की भूमिका प्रत्येक स्त्री के लिए आमतौर पर विवाह आवश्यक था। विवाह का अर्थ पति सेवा तथा गृहस्थी चलाना था। दूसरी गणिका। नगरवधु भी बन सकती थी। गणिका के सम्बन्ध कई पुरूषों से होते थे। इस वजह से उनका उस पर वर्चस्व होता था। वह अपनी सम्पत्ति की मालकिन तथा प्रबन्धक होती थी। अपनी सम्पत्ति का क्रय और विक्रय भी कर सकती थी। जहां ठीक लगे वहा दान भी दे सकती थी। दान देना आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति थी। क्योंकि इससे लक्षित होता है कि सम्पत्ति पर स्त्रियों का अधिकार था। ऐसी स्त्रियों का उनकी योग्यता के अनुसार आदर किया जाता था। बुद्ध के काल में आग्रपाली, बसन्तसेना, रागमंजरी और चन्द्रसेना का साहित्य में उल्लेख है जो नगर वधु कहलाती थी।

तीसरी भूमिका भिक्षुणी की थी। भिक्षुणी ही पूर्णरूप से पितृसत्ता के अलग अलग प्रकार के पालि शिकंजों से मुक्त होती थी। पति त्रिपिटक में कुछ संदर्भ मिलता है जिनमें महिलाओं की उपस्थिति को स्वीकार ही नही किया गया बल्कि उनकी प्रशंसा भी की गई है। उदाहरण के लिए खेमा को बुद्ध ने स्वयं अनुदेशित किया था, किवदन्ती के अनुसार जब उसकी शिक्षा पूरी हुई तब वह धर्म व इसके अर्थ पर पूर्ण पकड़ के साथ अर्हत्व पा चुकी थी। किसा गौतमी ने भी बुद्ध द्वारा दिए गए धर्म उपदेश को समझने के बाद अर्हत्व प्राप्त किया। भिक्षुणी सभा के बारे में कहा जाता है कि उसने आनन्द के उपदेशों को सुना और इस प्रकार अर्हत बन गई। चिता को महाप्रजापति गौतमी ने धर्म में दीक्षित किया था। जिसके बाद उसने अर्हत्व प्राप्त किया था। सभी उदाहरण सिद्व करते है कि बुद्ध ने महिलाओं का पुरूषों के समान ही आदर किया व उनसे से कई को अपनी शिक्षाएं स्वयं प्रदान की।

महात्मा बुद्ध ने भिक्षुणियां बनाई। फिर उन्हे संघ में प्रविष्ट तो कराया परन्तु ऐसे नियम बना दिए कि बौद्व भिक्षुणियों को भिक्षुओं के बराबर सम्मान प्राप्त न हो सका। एक सौ साल की भिक्षुणी भी किसी भिक्षु को पहले नमस्कार करती थी उसे भिक्षु के सामने खड़ा होना पड़ता था। हाथ जोड़कर नमस्कार करना पड़ता था और झुकना भी पड़ता था। चाहे वह भिक्षु अभी अभी बना हो। भिक्षुणियों को भिक्षुओं से बात करने की इजाजत नही थी।

परन्तु गहराई से अगर देखा जाए तो ऐसा लगता है कि बुद्ध को इस वास्तविकता का अहसास था कि भिक्षुणियों को समाज की प्रताड़ना न सहनी पड़े व पुरूष हिंसा से वे बची रहे। इसलिए कुछ नियमों का होना

आवश्यक है। जैसा कि रीटा ग्रास ने संकेत किया है कि इन नियमों द्वारा महिलाओं के अकेली यात्रा व श्रम करने पर समान्यतः प्रतिबंध लगाया गया था। ठीक उसी प्रकार जैसे कि आज हम प्रायः महिलाओं को असामान्य समय में असुरक्षित जगहों पर न जाने का सुझाव देते हुए उन पर संभावित पुरूष हिंसा का प्रतिकार करते है। उन्हे लगता था कि विहारों की स्थापना मानवीय व स्त्रियों की बाहरी सीमा पर की गयी थी। जिससे भिक्षुणियों की सुरक्षा को खतरा था।

विनय पिटक के अनुसार लोग भिक्षुणियों पर दोषारोपण करने की ताक में रहते थे। भिक्षुणियों व भिक्षुओं के प्रति लोगों की चुगलखोरी व उन पर दोषारोपण की घटनाएँ इस विनय में भी भरी पड़ी है। यह ध्यान देना जरूरी है कि भिक्षुओं की अपेक्षा भिक्षुणियों को ही तिरस्कार झेलना पड़ता था। किसी भिक्षुणी के द्वारा कोई गलती करने पर लोग उन्हें प्रायः सिर मुंडी वेश्याएँ कहकर धिक्कारते रहते थे। इसके विपरीत जब भिक्षुओं से कोई गलती होती थी तो उनके बारे में इतने अपमानजनक शब्दों का प्रयोग नही करते थे जितना भिक्षुणियों के लिए किया जाता था। भिक्षुणियों व भिक्षुओं की आलोचनाओं की तुलना से पता चलता है कि प्राचीन भारतीय समाज में लोग भिक्षुओं की अपेक्षा भिक्षुणियों की गलती के प्रति अधिक क्रोधित होते थे। इस तथ्य से यह भी संकेत मिलता है कि इसी कारण इस श्रेणी में भिक्षुओं की अपेक्षा भिक्षुणियों के लिए अधिक नियम बनाए गए। समाज सामान्यतः महिलाओं के घरेलू जीवन त्यागने के पक्ष में नही था। समानता की धारणा को मान लिए जाने के बावजूद महिलाओं को खुद अपना नियन्त्रण व संरक्षण कर पाना सामाजिक तौर पर असंभव था।

आई. बी. हार्नर के विचार में इस बात की काफी संभावना थी कि वे आमतौर पर भिक्षुओं की अपेक्षा योग्यता में कम आंकी जाती थी और इसलिए बिना किसी उद्देश्य के संघ में प्रवेश करने वाली भिक्षुणी को छांटने के लिए उनकी कड़ी जांच की जाती थी।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि भिक्षुणी संघ की स्थापना से बुद्ध ने महिलाओं को जिस स्तर पर धर्मपरायणता का अवसर दिया वह विश्व के इतिहास में आने वाले लंबे समय तक एक अद्वितिय बात रही। परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी मृत्यु के पश्चात कुछ व्यावहारिक तर्को को नारी स्वभाव की कमियों के बारे में अटकलबाजी करने के बहाने का आधार बना लिया गया। बुद्वोत्तर काल में जैसे जैसे बौद्व धर्म अधिक संस्थागत व पुरूष प्रधान बन गया। इस तरह की मानसिकता बोद्व धर्म की विशेषता बन गयी थी। फिर भी महिलाओं ने विहारों में अपना रचनात्मक धार्मिक जीवन कायम रखा। बुद्व की मृत्यु के बाद कुछ शताब्दियों तक ऐसा कहा। लेकिन बौद्ध धर्म के बढते हुए ब्राहमणीकरण व तापसीकरण के कारण भिक्षुणी संघ के जीवन हाशिए की ओर धकेला जा रहा था। प्राचीन भारत में प्रारम्भिक सफलता के बाद भिक्षुणी संघ का पतन होना प्रारम्भ हो गया। क्योंकि उपासक भिक्षुणियों की अपेक्षा भिक्षुओं का समर्थन ज्यादा खुशी से करते थे। सबसे अधिक अचंभित करने वाली बात तो यह है कि भले ही हाशिए पर लेकिन लम्बे समय तक भिक्षुणी संघ विघमान रहने में सफल रहा।

यह कोई हैरानी की बात नहीं है कि बौद्वोत्तर काल का साहित्य नारी द्वेष व नारी आलोचना से भरा पड़ा है। पालित्रिपिटिक के अंतिम तह में पाया गया। साहित्य नारी की प्रति शुद्वतापूर्ण रूख रखने वाला है। नारी का मानव जाति के पतन व आध्यात्मिक प्राणी की मृत्यु के लिए जिम्मेदार पाया गया है। उनको असभ्य नीच, लालची, सनकी, धूर्त, मूर्ख, नासमझ, व असंख्य दुर्गुणों का शिकार बताया गया है। जातक इस तरह के विशाक्त रूख का

सर्वात्तम उदाहरण है। इस प्रकार की मानसिकता के फलस्वरूप यह बताया गया है कि नारी का पुरूष द्वारा दमन किया जाना चाहिए उसे नियन्त्रण में रखा जाना चाहिए तथा उस पर विजय पानी चाहिए।

नारी लैंगिकता, संस्कृति, समाज तथा धर्म के लिए खतरा समझा जाने लगा और इस तर्क का योग सभी महिलाओं को हाशिए के जीवन में धकेलने के लिए किया जाने लगा। महापरिनिर्वाणौत्तर बौद्व संघ में सामान्य तथा वही महिलाएं प्रवेश कर पाती थी जो या तो सम्राट अशोक की पृत्री संघमित्रा की भांति समाज की नैतिकता के आम नियमों से उपर थी या फिर वे औरते जिनका आगे पीछे कोई नही था और जो समाज की नैतिकता की सीमा से बाहर निकल चुकी थी। लेकिन दशा या परिस्थितियां जैसी भी रही हो महिलाओं को एक अच्छा अवसर मिला। बोद्व धर्म ने महिलाओं को इस सब संस्थाओं से केवल मुक्ति पाने का बल्कि उन्हे खुद को संयोजित करने का मौका भी दिया। इस प्रकार के वातावरण में पेरीगाथा जैसे एक अद्वितिय ग्रंथ कीरचना की गयी। जिसका नाम हर बार तब लेना चाहिए जब भी बौद्व धर्म में महिलाओं की बात की जाए।

इस तरह थैरी गाथा की भिक्षुणियां इस तथ्य का प्रमाण है कि बुद्व के महासंघ में जाति व वर्ण का नही, नारी का महत्व था। जिसमें समानता का भाव अपने आप झलकता था। बुद्व दर्शन ने जातिगत, वर्णगत मतभेदों को नकारा, वहीं नारी को पुरूष के समकक्ष लाने का प्रयास किया। यह उनका मानवतावादी दर्शन था कि बौद्व धर्म नारी को बुराई के रूप में नहीं देखता था, उसे भोग की वस्तु के रूप में नही देखता था। बुद्व यह मानते थे कि मानसिक धरातल पर स्त्री और पुरूष दोनों समान हो।

संक्षेप में स्त्रियों की दशा पर श्री नेत्र पाण्डेय लिखते है "इस काल में बालकों की भांति बालिकाओं के पालन पोषण तथा उनकी शिक्षा दीक्षा का ध्यान रखा जाता था, संगीत का ज्ञान तथा गृह के कार्य में प्रवीणता बालिकाओं का प्रधान गुण समझा जाता था। यद्यपि कन्याओं का विवाह उनके माता पिता अथवा संरक्षक ही तय करते थे परन्तु कुछ कन्याएँ स्वयं वर चुन लिया करती थी। स्त्रियों का घर में सम्मानपूर्वक स्थान था और चरित्रवान स्त्रियां समाज में बड़े आदर के साथ देखी जाती थी। यद्यपि पर्दे की जटिल प्रथा का प्रकोप इस युग में न था। परन्तु स्त्रियों को शील, लज्जा तथा पुरूषों से थोड़ा आवरण रखना पड़ता था। यद्यपि स्त्रियों को भिक्षुणी अथवा परिव्राजिका बनने का अधिकार नहीं था, परन्तु बाद में उन्हे यह अधिकार प्राप्त हो गया था। कुछ स्त्रियां गणिका अथवा वेश्या का भी धर्म करती थीं।"

इस प्रकार महात्मा बुद्व ने अन्धविश्वासी परम्परावादी समाज पर अपने विचारों से सीधा प्रहार किया। उन्होने अपने उपदेशों में नैतिक जीवन, वचन या वाणी की सत्यता और कार्य पर जोर दिया। उन्होंने समाज में प्रचलित अनेक रूढ़ियों को तोड़ा व स्त्री को पुरूष के समकक्ष रखा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. प्रो. के. टी. एस. सराओ, प्राचीन भारतीय बौद्व धर्म, उद्भव, स्वरूप और पतन, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय।
2. भरत सिंह उपाध्याय, बुद्व और बौद्व साधक, सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली।
3. डॉ. सद्वातिस्स, बुद्व जीवन और दर्शन, सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली।
4. श्री नेत्र पाण्डे, भारतवर्ष का वृहत इतिहास, लोक भारती प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. डॉ. सुमन राजे, हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, तीसरा संस्करण, 2006

फोन नः 9316345002

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 32-37
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

गिरीश पंकज के व्यंग्यों में चित्रित नारी-जीवन का संघर्ष एवं समस्याएँ

-डॉ. आर.के. पाण्डेय, शोध निर्देशक,
विभागाध्यक्ष, संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
-चुन्नीलाल, शोध-छात्र
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)

'नर-नारी एक गाड़ी के दो पहिये के समान हैं' इन दोनों की सहभागिता के बगैर सामाजिक जीवन अधूरा है। वैदिक काल में नारी को देवी का दर्जा प्राप्त था, वे पुरुषों के साथ धार्मिक-सामाजिक अनुष्ठानों में साथ रहा करती थीं। मध्यकाल तक आते-आते उन पर अत्याचार, हिंसा, शोषण शुरू हो गए। उन्हें घर की दासी, अबला-अशक्त, भोग-विलास की वस्तु समझा गया साथ ही उन्हें शिक्षा से वंचित कर दिया गया। उन पर विभिन्न प्रथाएँ थोप दी गई, जैसे- सती-प्रथा, बाल-विवाह, जौहर-प्रथा, पर्दा-प्रथा, बहु विवाह, विधवा विवाह निषेध, तत्पश्चात् अंग्रेजी शासन काल के समय राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद विद्यासागर, सावित्री बाई फूले जैसे समाज-सुधारक सामने आए और महिला उत्थान, नारी-चेतना के अंतर्गत इन प्रथाओं का विरोध किया तथा नारी-शिक्षा और उनकी सामाजिक उपादेयता को स्थापित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए।

21वीं सदी अर्थात् आधुनिक भारत में नारी को पुरुषों के समानांतर खड़ा करने के लिए उन्हें शिक्षा, रोजगार, विभिन्न सामाजिक अवसरों एवं नवाचार से जोड़ा जा रहा है। अनेक अधिकार प्रदान किए गए हैं, फिर भी पुरुष सत्तात्मक परिवार में नारी उपेक्षित है। विभिन्न तरह के यातनाओं की शिकार है, समाज में बालिकाएँ सुरक्षित नहीं हैं। वर्तमान समय में देश और समाज परिवर्तन, विकास, प्रगति की ओर जिस तेजी के साथ बढ़ रहा है, उस तेजी के साथ महिलाओं का विकास अवरूद्ध है। आज भी समाज के भीतर महिलाएँ उपेक्षित हैं। लड़कियों, स्कूली छात्राओं पर विभिन्न तरह की अपराधिक घटनाएँ घट रही हैं, जिसे गिरीश पंकज ने अपनी व्यंग्य-रचनाओं में पिरोकर सामाजिक जागरूकता एवं लोगों के मन-मस्तिष्क में चेतना स्थापित करने का प्रयास किए हैं।

गिरीश पंकज ने अपनी व्यंग्य-रचनाओं के माध्यम से नारी-समाज एवं लड़कियों, बालिकाओं के ऊपर होने वाले अत्याचार, हिंसा, अपराध, यथा- दहेज-प्रथा, बाल-विवाह, तलाक-प्रथा, पति एवं सास-ससुर, ससुराल पक्ष द्वारा यातनाएँ देना, भ्रूण-परीक्षण, शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना, दफ्तरों में महिलाओं- लड़कियों के साथ छेड़छाड़, बलात्कार आदि शर्मसार घटनाओं का व्यंग्य-चित्रण किया है, जिसकी बानगी शोध-सारांश में दृष्टव्य है-

'ऐसी सास का सत्यानाश' दहेज–प्रथा देश एवं समाज के लिए एक अभिशाप है। इसकी रोकथाम के लिए कानून भी बने हैं और कड़ी सजा का प्रावधान भी है, फिर भी लोग बिना डरे–सहमे माँग करते हैं और देते भी हैं। इस प्रथा के चलते अनेक बहू–बेटियाँ आज भी प्रताड़ित हैं, घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं। कई दफा परिस्थितियाँ इतनी गंभीर निर्मित होती है कि बहू को मौत के मुँह में झोंक दिया जाता है। रचनांतर्गत दहेज लोभी ससुराल पक्ष पर करारा व्यंग्य है– ''कल फिर एक सास ने अपनी बहू को मार डाला। क्यों? मामला वही था शाश्वत यानी दहेज। पता नहीं ये सासें, ये पति, ये ससुरे कब दहेज से परहेज करेंगे। बेटे की नालायकी पर माँ आँसू नहीं बहाती और अपनी बहू को खलनायिका बनकर प्रताड़ित करती है– 'लारे ला पैसा ला ऐसे ला वैसे ला, ला रे ला पैसा ला....' ।''[1]

कुछ सास तो इतनी अत्याचारी होती हैं कि दहेज के लिए बहू को 'मौत के घाट' पहुँचा देती हैं और सामाजिक दिखावे के लिए कुछ क्षण ढोंगिया आँसू बहाकर दूसरे ही दिन से अपने पुत्र के लिए नई वधू की तलाश शुरू कर देती हैं– ''एक सास की बहू मर गई या मार दी गई। जो भी हुआ हो हम शोक जताने पहुँचे। उस शोक के अवसर पर भी हमारा अचानक उस घड़ी मनोरंजन होने लगा, जब हमने देखा कि बहू पर हमेशा अत्याचार करने वाली सास इस तरह छाती पीट–पीट कर रो रही है, गोया उसकी बेटी मर गई हो। सास की अदा देखकर सारे लोग मन–ही–मन हँस रहे थे। सास के कुछ शब्द तो देखें– 'हाय–हाय, मेरी बेटी। मेरी लाजो। मेरी बहू... ये तुने क्या किया। मुझको खाना खिलाए बिना ही चली गई। हाय–हाय, मेरा बेटा अब कैसे जिएगा तेरे बिना ? हाय रे भगवान, पहले मुझे क्यों न उठा लिया'। बदकिस्मती देखिए, सास को उठाने फौरन दो यमदूत भी आ गए। सास घबराई, कहने लगी– 'मुझे अभी धरती पर रहने दो। मुझे अपनी दूसरी बहू की सेवा करनी है।''[2]

'सु–वर की तलाश' व्यंग्य रचनांतर्गत दहेज लोभी पिता पर कटाक्ष है। वर्तमान समय में किसी लड़की के पिता के लिए सबसे मुश्किल कार्य है अपनी बेटी के लिए एक योग्य वर की तलाश, उसके पश्चात् ससुराल में उसके सुखमय जीवन की कामना एवं चिंता। कुछ पिता अपने पुत्र का 'रेट' तय कर रखे हैं, मानो लड़का नहीं बाज़ार की कोई वस्तु हो, लेकिन लड़की का पिता चाहता है एक सज्जन–सुयोग्य वर, जहाँ उसकी बेटी सुख से जीवन–यापन कर सके– ''लड़की का बाप कंझाकर कहता है– 'बोलते क्यों नहीं कि सिंचाई विभाग में बाबू है। खैर, क्या लोगे, वर–बिक्री का ?'

'एक लाख!'

'इतना रेट? यूनिवर्सिटी वाला तो इक्कीस हजार में तैयार है।'... 'अरे भई, ये सिंचाई विभाग है। बॉस खींचता है तो बाबू भी खींच लेता है। ऊपरी कमाई इतनी है कि आपकी बेटी राज करेगी राज।'... लड़की का बाप– 'नमस्ते, फिर मिलेंगे। 'जगह मिलने पर साइड दी जाएगी' स्टाइल में आगे बढ़ जाता है। अनेक वरों के घर जाता है और कोसता है मँहगाई को, बढ़ते हुए झूठे बाज़ारवाद को। कोई तो हो जो अपने लड़के को जो है, जैसा है, पेश कर नीलाम करे। घटी हुई दर (अधिक उमर वाले) के वर का रेट भी एक लाख से कम नहीं होता। डिप्टी कलेक्टर है तो बताएँगे बस कलेक्टर होने ही वाला है और जो कलेक्टर है तो बस है। बोलो, कितना दोगे? बाज़ार में वर की तलाश जारी है। परेशान है लड़की का पिता। कोई पैसा माँगता है, तो कोई रुपया। कोई सीधे माँगता है कोई घुमाकर। लड़की का पिता चाहता है योग्य वर। अपनी हैसियत का जहाँ उसकी

लड़की सुख–शांति के साथ रह सके।''[3]

इसी प्रकार 'तीन तलाक हो गया लॉक' व्यंग्य रचनांतर्गत मुस्लिम समाज की तलवार रूपी तलाक–प्रथा को झेलने वाली महिलाओं पर संवेदना के भावाभिव्यक्ति है और मुस्लिम पुरुष प्रधान समाज पर कटाक्ष है। कुछ एक मुस्लिम घरानों में एक समय तक औरतों को घर की दासी, पैरों की जूती समझा जाता था। वे विभिन्न तरह की यातनाओं का शिकार थीं, छोटी सी नोंक–झोंक, तकरार पर उन्हें मारा–पीटा जाता था, तीन बार तलाक बोल देने से उनका बसा–बसाया घर उजड़ जाता था। पति के घर, परिवार, जीवन से बेदखल होना पड़ता था, लेकिन मुस्लिम समाज की इस अमानवीय प्रथा को सुप्रीम कोर्ट ने खत्म कर तीन तलाक के खिलाफ मुस्लिम माता–बहनों को उचित अपीलीय कानूनी अधिकार प्रदान किया, जिससे कि उनकी वैवाहिक जीवन सुरक्षित हो सके। ''सुप्रीम कोर्ट ने आखिरकार तीन तलाक को लॉक कर ही दिया। उसके बाद तो शादीशुदा मोहतरमाओं की निकल पड़ी। एक ने अपने मियां को उस दिन खुशी के मारे चाय पिलाना भूल गई। मियां जी गुस्से में आ गए और बोले– 'जाओ मैं तुम्हें तलाक देता हूँ, तलाक! तलाक!! तलाक!!!' उसकी बीबी हँस पड़ी और जोर–जोर से हँसती रही और बोली कुबूल नहीं! कुबूल नहीं!! कुबूल नहीं!!!' शौहर जी हमेशा की तरह भड़क उठे– 'अरे ओ पैरों की जूती, तेरी इतनी हिमाकत? हमको जवाब दे रही है? लाहौल विलाकूवत। पहली बार मेरी हुक्मउदूली कर रही है? अपने शौहर की? या अल्लाह, ये क्या माज़रा है? तलाक! तलाक!! तलाक!!!' उनकी बीवी फिर तीन बार हँसी और बोली– 'वो दिन हवा हुए जब पसीना गुलाब था। मर्दों के दिन बीत गए। औरत का जमाना आया है। सोते से जागे हो शायद, पता नही क्या कि तीन तलाक अब इतिहास हो गया है। अवैध ! अब मुझे तलाक दोगे तो मैं थाने चली जाऊँगी, तुम देखते रहियो।''[4]

'औरतों पर डंडा' व्यंग्य–रचना में अपने अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा को लेकर आंदोलन करने वाली महिलाओं पर लाठी बरसाने वाले पुलिस प्रशासन को व्यंग्य के घेरे में लिया है– ''हमने कहा– 'आपने बड़ा ही पवित्र काम किया। वीरों को यह कार्य शोभा भी देता है। हिजड़े ये काम नहीं कर सकते। आप हिजड़ों से कुछ श्रेष्ठ हैं। वे महिलाएँ पिटने लायक काम कर रही होंगी, तभी आपने उन पर डंडे बरसाए होंगे?' सिपाही अकचकाते हुए बोला– 'जी हाँ, आप ठीक कह रहे हैं। महिलाएँ अपनी सुरक्षा की माँग को लेकर धरना दे रही थीं। ये क्या बात हुई? क्या वे अपनी सुरक्षा खुद नहीं कर सकती थी? बेफालतू में हम सबकी नींद हराम कर रही थीं। रात–रात भर बैठी रहतीं थी धरने पर हमारे साहब को यह बुरा लग रहा था। उनकी नींद हराम हो रही थी। देखिये बर्दाश्त की सीमा होती है? जब बर्दाश्त नहीं हुआ तो साबजी ने लाठी–चार्ज का आदेश दे दिया। बस क्या था, हमको मौका मिल गया। जी भर कर भड़ास निकाली और लड़कियों को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा।''[5]

'रमंते तत्र बलात्कारी' कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बलात्कार की घटनाएँ घट रही है। आज देश का ऐसा कोई राज्य, जिला, कस्बा अथवा गाँव नहीं जो इन नर–पिशाचों से बचा हो। क्या बूढ़ी, क्या जवान, मासूम बच्ची जो इनकी नज़र में पड़ जाए, कुकर्म करके फरार हो जाते हैं। देश एवं राज्यों में इस अपराध को रोकने के लिए कड़े कानून बने, लेकिन अब तक इस तरह की पशु–प्रवृत्तियाँ घटनाएँ रूकी नहीं। नारी को पूजने वाले देश में उनकी अस्मत लूट की घटनाएँ बढ़ती ही जा रही है। ''मैंने पूछा– 'तुम्हारी कोई लड़की है?' वो बोला– 'दो–दो लड़कियों का बाप हूँ। अब ये मत कहना कि अभिशाप हूँ।' मैंने कहा– 'तुम बहुत बड़े अभिशाप हो। सोचो, कल को तुम्हारी बच्चियों से कोई गलत काम करे तो तुमको कैसा लगेगा?' वो बोला– 'मार डालूँगा

उसको।' 'लेकिन वो भी फरार हो गया तो? न मिला तो?' मेरी बात सुनकर बलात्कारी गंभीर हो गया, बोला– 'ठीक कहते हैं आप, मुझे सोचना चाहिए। मेरे साथ भी हो सकता है।' मैंने कहा– 'अब तुमको अकल आ रही है? कुकर्म करने के पहले सोचा कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वो एक दिन खुद उसी में गिरता है।' बलात्कारी मौन हो गया, मैंने कहा– 'हमारे यहाँ स्त्रियों की पूजा होती है। कन्या–भोज की प्रथा है। देवियों को पूजता रहा है देश और तुम जीवित देवियों के साथ गलत काम करते हो ? पिछले जन्म में कोई शैतान रहे शायद?''[6]

आगे गिरीश पंकज 'आज की जनधारा' पत्रिका के माध्यम से समाज में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर संवेदना अभिव्यक्त करते हुए लिखते हैं कि आज बलात्कारियों को कानून की नहीं जनता के हाथों सौंपने की जरूरत है, क्योंकि ये आरोपी बड़ी आसानी से कानून के शिकंजे से बच निकलते हैं। इनके लिए जन–अदालत ही सही है। वर्तमान में महिलाओं और बच्चियों को इन भेड़ियों से संभलकर रहने की आवश्यकता है। हो सके तो वे हमेशा परिवार या झुंड में रहें, अपने बचाव के लिए कुछ हथियार साथ रखें, ताकि इन दरिंदों से अपनी जिस्म–आबरू की रक्षा कर सकें–

''भेड़िऐ बचकर जाने न पाएं,
संभल कर रहना इस बस्ती में कि
उग आए हैं घने आदमखोर से जंगल।
जहाँ घूम रहे हैं चंद भेड़िए
सूँघते रहते हैं कोमल जिस्मों को
और मौका पाते ही टूट पड़ते हैं यकायक।
ओ लड़कियों !!
रखना ही होगा तुमको अपने पास
धारदार हथियार तभी बचेगी जान
चौकस निगाह देखती रहे चारों ओर।
एक से भले दो हो तो बेहतर
हर आदमखोर जानवर से निपटने के लिए
हथियार के साथ–साथ चाहिए हिम्मत
उसे भी रखना होगा संजोकर।
बेहद खतरनाक समय में जी रहे हैं हम सब
हर युग में स्त्री जूझती रही है नीचों से
अब फिर से जूझना है मगर पूरी तैयारी के साथ
अब भेड़िए बचकर जाने न पाएँ।''[7]

इसी प्रकार 'चमत्कारी बाबा उर्फ बलात्कारी बाबा' में ऐसे पाखंडी साधु बाबाओं पर व्यंग्य–प्रहार है जो धर्म–कर्म, भक्ति–साधना के नाम पर आश्रम स्थापित करके अथवा विभिन्न तरह के लालच दिखाकर भोली–भाली औरतों, लड़कियों की अस्मत लूटते हैं। इस तरह के कई एक ढोंगी बाबा कानून के पींजरे में कैद हैं तो कई

आज भी पाखंड का दरबार लगाए समाज में खूले सांड की भाँति घूम रहे हैं। ''रात को बाबा लोग एक ही पाप करते हैं भाई, बलात्कार नामक प्रिय क्रिया। इसका उनको लम्बा अभ्यास रहता है। मुझे एक बार बलात्कारी बाबा ने बताया था कि यह भी एक तरह का योग है। रेप–योग। इसके लिए लम्बी साधना चाहिए। लड़कियों को अपने जाल में फँसाना पड़ता है। पैसे का लालच दो, नौकरी लगाने का झांसा दो, उसके घर के लोगों की कुछ मदद करो और उसके बाद अपने योग को सिद्ध करो। कोई लड़की बस में नहीं आ रही है तो उसे ज़हर दे दो मार कर आश्रम में ही दफना दो।''[8]

'गर्भ हिंसा हिंसा न भवति' भ्रूण हत्या या गर्भपात कानूनन अपराध है, इसके लिए सजा का प्रावधान भी निर्धारित है। फिर भी लोग–बाग 'पुत्र–रत्न' की इच्छा में डॉक्टरों से लिंग–परीक्षण कराकर लड़कियों को माँ के पेट में ही मार डालते हैं। ''राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2011 के दौरान देश में कन्या भ्रूण हत्या के कुल 132 मामले दर्ज किए गए। इस सिलसिले में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया, 58 के खिलाफ आरोप–पत्र दायर किया गया और 11 को दोषी ठहराया गया।''[9] रचनांतर्गत भ्रूण परीक्षण एवं गर्भ हत्यारों पर व्यंग्य–प्रहार है– ''हम लोग नई सदी की बात करते हैं, लेकिन दिमागी तौर पर मध्ययुगीन मानकिता के गलियारे में टहल रहे हैं। ज़्यादातर लोग नहीं चाहते कि लड़की हो। ये लोग सोचते हैं लड़की होने का मतलब है जीवन भर की जमा–पूँजी स्वाहा। मित्र ने कहा– 'क्योंकि लोग आज भी औरत को कुचलने– मसलने के पक्षधर हैं। अब तीन तरह के लोग पाए जाते हैं।

एक सती–प्रथा के समर्थक, दूसरे बहू को जलाकर मार डालने के पक्षधर और तीसरे गर्भ–परीक्षण के बाद कन्या की भ्रूण–हत्या के समर्थक।' मित्र थोड़ी देर चुप था, फिर बोला– 'कन्या विरोधी लोगों से एक प्रष्न पूछा जाना चाहिए कि अगर पचास–साठ साल पहले भ्रूण–परीक्षण संभव रहता और पुरुष प्रधान समाज कन्याओं का जन्म न होने देता तो वर्तमान पीढ़ी कैसे पैदा होती? मतलब साफ है कि औरत न केवल सृष्टि का विस्तार करती है, वरन् हमारी परंपरा को भी विकसित करती है, जिसके कारण हम माँ–बहन, बेटी जैसे रिश्तों के बिना या यूँ कहें तो सचमुच औरत के बिना ये दुनिया कितनी मनहूस हो जाएगी। ममता और प्रेम का पहला पाठ तो औरत ही पढ़ाती है। उसका रूप कैसा भी हो। अच्छा हो कि हम गर्भ–परीक्षण की मानसिकता को इतिहास के गर्भ में ही पड़े रहने दें।''[10]

वर्तमान में नारी–समाज घर की बंद चौखट से निकल कर सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, राजनैतिक अर्थव्यवस्था और ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में तथा आधुनिक भारत की विभिन्न पहलूओं में अपना लोहा मनवा रही हैं, किंतु समाज में उनके प्रति उपेक्षा का भाव थमा नहीं है, वह आज भी शोषण, अत्याचार, हिंसा की शिकार है, समाज में पशु–वृत्तिय घटनाएँ दिनों–दिन बढ़ती जा रही है, माँ के गर्भ तक में बेटियाँ सुरक्षित नहीं हैं। श्रम–शक्ति में नारी–समाज की भागीदारी और उनकी सुरक्षा का मुद्दा कई बार उठता रहा है, फिर भी प्रभाव निष्क्रिय दिखलाई पड़ते हैं। अतः गिरीश पंकज ने नारी–समाज के जिन संघर्षों एवं समस्याओं को अपनी व्यंग्य–रचनाओं में अभिव्यक्त किया है, वह बहुत ही गंभीर, मार्मिक एंव संवेदनशील और विचारणीय विषय हैं। गिरीश पंकज ने नारी–समाज पर हो रहे अत्याचार, हिंसा, शोषण को अपने व्यंग्य का निशाना बनाकर उन्हें सुरक्षा प्रदान एवं जागरूक करने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया है।

संदर्भ-ग्रंथ :-

1. पंकज, गिरीश. मूर्ति की एडवांस बुकिंग. रायपुर : शताक्षी प्रकाशन, 2010, पृ. 100.
2. वही, पृ. 101.
3. वही, पृ. 123.
4. पंकज, गिरीश. मौसम है सेल्फियाना. कानपुर : अमन प्रकाशन, 2019, पृ. 160.
5. वही, पृ. 126.
6. पंकज, गिरीश. पूँजीवादी सेल्फी. नई दिल्ली : किताब वाले प्रकाशन, 2019 पृ. 120.
7. आज की जनधारा. वर्ष–29, अंक–14, रायपुर, सोमवार 02, दिसम्बर 2019, पृ. 8.
8. पंकज, गिरीश. मौसम है सेल्फियाना. कानपुर : अमन प्रकाशन, 2019, पृ. 151.
9. vikaspedia.in – स्रोत महिला एवं बाल विकास विभाग, पत्र सूचना कार्यालय.
10. पंकज, गिरीश. मौसम है सेल्फियाना. कानपुर : अमन प्रकाशन, 2019, पृ. 65–66.

मो. 9302148050, chunnisahu92@gmail.com

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 38-42
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

कुमाऊंनी लोकगीत और सामाजिक परम्परा

–महिपाल सिंह कुटियाल
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, इतिहास, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग, पिथौरागढ़

सार :–

संगीत एक बहुआयामी कला है और पहाड़ की संस्कृति, लोक साहित्य ओर लोक कलाओं को संगीत से भी दर्शाया जाता है, क्योंकि यहां के संगीत का मानव समाज, प्रकृति, वन, जंगल, परम्परायें, संस्कार के साथ घनिष्ट सम्बंध है। इसलिये संगीत सभी कलाओं में सबसे अच्छा माना जाता है। संगीत समाज की संस्कृति, इतिहास, समस्त जीवन का परिचय और भाषा एवं शारीरिक विकास का माध्यम माना गया है। वह चाहें किसी भी प्रदेश या देश का हो सदैव मधुरता, सरसता, शुद्वता को बयान करता है। क्योंकि कलाकारों, कवियों, नर्तकों, मूर्तिकार और संगीत उस राष्ट्र के संस्कृति को उजागर करता है।

प्रस्तावना :–

भारतीय इतिहास में सभी शासकों ने अपने शासनकाल में संगीत को बढ़ाया दिया। क्योंकि संगीत एक दिव्य कला है जो हमारी संस्कृति में मोक्ष प्राप्ति का साधन माना गया है। वेद, स्मृतियां, पुराण, उपनिषद और पौराणिक ग्रंथों में भी संगीत का उल्लेख मिलता है। भारतीय संगीत का आधार ही सत्यं शिवं सुंदरम के भाव से घिरा रहता है। संगीत सत–चित–आनंद प्राप्ति का साधन हैं। सामवेद से निकला संगीत मानव समाज के लिये सदा ही लाभकारी सिद्व रहा है। यह सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्रों में समान रूप से उपकारी, चिकित्सकीय आधार पर प्रयोग किया जाता रहा है। हिमालय में मानव का निवास आदिकाल से ही था। जो यहां के मनुष्य की चित्रकारी, नृत्य तथा अभिनय लोकगीतों से अभिव्यक्त किया जाता रहा है। पर्वतीय लोक गीतों की परम्परा बहुत पुरानी है, यहां के लोकगीत धार्मिक, रीति–रिवाजों से परिपूर्ण होने के साथ–साथ प्रकृति और प्रर्यावरण–सामाजिक चेतना से जुड़े हैं। ये भी सच है, कि यहां के लोक गीत का मूल रूप सुरक्षित नहीं है।

पहाड़ों में सबसे पहले अपने पित्रों को पूजा जाता है उनसे आशीर्वाद लेने की प्रथा है, कि जो धार्मिक, या संस्कार, या कोई परम्परा को सामाजिक रूप से पूरा करने के लिये उनका आह्वान किया जाता है। इस आहवान में आप हमें शक्ति दो, हमारे मार्ग को आसान बनाओं। पर्वतीय क्षेत्रों के गीतों का सम्बंध प्रकृति मानव, पशु पक्षी से भी सम्बंधित रहता है। इसमें न्यौली गायन पद्वति का सम्बंध प्रेमी के वियोग, श्रृंगार आदि से है। पर्वतीय स्थलों में कोयल की भांति काले रंग की मादा पक्षी का नाम न्यौली है जो अपने प्रेमी पक्षी से अथाह प्रेम करता था परंतु प्रियतम के बिछड़ जाने से उसे वनों, जंगलो, में ढुंढता रहता और उसके वियोग में मधुरगीत गाकर उसे खोजता, आज ये न्यौली पहाड़ी क्षेत्रों में प्रेमी वियोग गीत के रूप में गाया जाता है। पहाड़ी परम्परा में न्यौली का अर्थ नई नवेली अर्थात नये गीतों का सार है। जब पर्वतीय क्षेत्रों में नई नवेली बहु अपने पति के

याद में अपने पशु पक्षी के लिये चारा लाने जंगल जाती है तो वो भी अपने प्रेमी के याद में न्यौली गाकर इस परम्परा को सार्थक करते है। यह गीत वियोग के सम्पूर्ण विरह दशाओं का मार्मिक और सजीव समाज की स्थितियों का वर्णन करता है।

"चमचम चमक छी त्यार नाकै की फूली,
धार में धेकालि भै छै, जनि दिशा खुली।"

अर्थात– ऐ प्रेमी तेरे नाक की फूली चमचम चमकती रहे, तुम जब शिखरों पर प्रकट हुए तो दिशांए खुल गयी हो।

जोड़ गीतों में लोक कलाकार समाज के लोक जीवन में व्याप्त विभिन्न आस्था और कल्पनाओं को व्यक्त करते हैं। यह भी सच है कि न्यौली में लयात्मक अंतरा जोड़कर जो गीत गाया जाता है उसे जोड़ कहा जाता है। इसमें धार्मिकता, आस्था, प्रेम भाव, सुंदरता, संयोग और विप्रलंभ का वर्णन कर गाया जाता है। जैसे –बरत बरुँलो। नथुली ले पॉसो लगै, छात्यूनी मरूँलो। अर्थात इस अंतरा में मन की स्थितियों को दर्शाया गया है जैसे नदी की भांति छलकता पागल यौवन किसी की परवाह किये बगैर अपने हृदय में बस एक ही मूर्ति को बसाता है और कहता है यदि मुझे भुलाने का प्रयास करोगे तो ऐ प्रेमी तेरी छाती पर ही फांसी खा कर मर जाऊंगी।

कुमाऊं में नृत्य दृताल और संगीत की विशिष्ट शैली को चॉचरी कहा जाता है, यह मेलों, उत्सवों और पर्वों तथा त्यौहारों पर गाये जाने वाला गीत है। यह नृत्य गीत होने के कारण इसमें सामूहिक रूप से स्त्री पुरूष दोनो भाग लेते हैं। इसमें गायक गोल घेरे के मध्य में और पुरूष तथा स्त्री दोनो गोल घेरे में एक दुसरे के कंधों पर हाथ रखकर दो कदम आगे फिर एक कदम पीछे की और रखकर चॉचरी नृत्य किया जाता है। इसमें मुख्य गायक को चॉचरियां या दुहरिया कह कर पुकारा जाता है। कई स्थानों पर इसे झोडा भी कहा जाता है। इसमें लोक कलाकार वाद्य यंत्र के रूप में हुडका बजाया करते हैं। चॉचरी की शुरूआत ईश्वर की वंदना, मंगल गीत के साथ साथ इसमें इसमें धार्मिक, लोकविश्वास, राजनीती, रीति–रिवाज के विभिन्न रूपों का उल्लेख कर गाया जाता है। चॉचरी में पर्वतीय पर्व, उत्सव के झांकियों को गीतों व नृत्यों के माध्यम से दर्शाया और दिखाया जाता है।

ऐसे अन्य नृत्य शैली के गीतों में छपेली प्रमुख है जो विवाह, मेलों, त्यौहारों के अवसर पर प्रेम सम्बंध पर हंसी–ठिठोली, नोक–झोंक करते हुए गाये जाते हैं इसलिये इसे दो प्रेमियों का नृत्य भी कहा जाता है। इसमें एक मुख्य गायक, एक नर्तकी व समूह में गाने वाले भी शामिल होते है। प्राचीन समय में नर्तकी एक स्त्री होती थी परंतु समय के साथ–साथ अब नर्तकी का स्थान पुरूष ने ले लिया है। इस नृत्य और गीत की विशेषता यह है कि अंतिम पंक्ति के साथ टेक पदों का प्रयोग कर द्रुत गति में गाया जाता है। जिसमें नर्तकी अपने अंग संचालन और भाव–भंगिमा से गीत के भावार्थ को अभिनय के द्वारा स्थानीय समाज की दशा प्रेम भाव को प्रदर्शित करता है।

दातुला की धार, भोलिया की हार।
काणा कमस्यार, पड़नी तुस्यार।
त्यार छन खेलीं ख्याला; मै नि औनी सार।

संगीत कला भी एक मानव व्यवहार है, जिसका उद्देश्य मानव व्यवहार को स्वर तथा ताल के माध्यम से

आंतरिक भावों द्वारा अभिव्यक्त करना है। जागर धार्मिक गाथाएं है जो किसी जीवित शरीर में मृत प्राणी या लोक देवता का अवतरण करने के लिये गाया जाता है। इसमें स्वर और लय की प्रधानता रहती है जिसकी सहायता से देवता का नृत्य करते हुए अपने चमत्कारों का प्रदर्शन रहता है। जागर के कई प्रकार भी है जैसे घणेली, बैसी, ख्याला, नौर्त। वहीं कुमाऊंनी समाज में देवी देवताओं के मंदिरों में सामूहिक रूप से जागर लगाई जाती है। जागर शब्द जागरण से लिया गया है। कुमाऊंनी समाज में ये मान्यता प्राचीन समय से चली आ रही है, यहां धार्मिक आस्थाओं पर बहुत विश्वास किया जाता है। घणेली जागर का ही एक रूप है जो कुमाऊंनी परम्परा और संस्कृति की पहिचान है। कुमाऊं में प्राचीन काल से ही घणेली में देवी देवताओं की गाथाओं को गाया जाता है, कुछ लोग इसे घटियाली भी कहते हैं। इस गायन शैली में जागर की भांति ड़मरू के साथ कांसे की थाली जिसे तांबे के तौली के ऊपर रखा होता है, दो पीतल की छड़ी से बजाया जाता है। ड़मरू लकड़ी का एक खोलनुमा आकृत है जिसमें दोंनो और बकरी की खाल की पुड़ी लगाई जाती है। इस डमरू का प्रयोग कुमांऊनी संस्कृति में घणेली के समय बहुत अधिक मात्रा में किया जाता है, क्योंकि यह अवनद्य वाद्य यंत्र के अंतर्गत आता है। जो व्यक्ति इस वाद्य यंत्र को बजाता है ओर शणेली (जागार) गाता है उसे जगरिया कहकर पुकारा जाता है।

उत्तराखंड के लोकगीत का सामाजिक जन चेतना व लगाव इतना अधिक था कि हर पर्व को वे प्रकृति से जोड़ते हैं। फूलदेई जो चैत के महीने मनाया जाता है इसे फूल देली औए फूल संक्रांत भी कहा जाता है सर्दी और गर्मी के बीच चैत माह का आगमन एक नये साल का, नई ऋतु का, नई फूलों के आने का संदेश के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने के लिये भी मनाया जाता है।

फूलदेई, फूलदेई, छम्मा देई
वैणी द्वार, भरी भकार
त्वें देली पूजूं बारम्बार
तू देली ऊनी रैं, मैं चौली पूजनी रौ
फूलदेई फूलदेई, तुमार भकार भरी जैं
हमार टुपर भरी जैं, फूल देई, फूल देई।

प्योंली, बुरांश, कचनार, सिलपाडी, सरसों, लाल, सफेद, पीले फूल के साथ गुड़ चावल और काष्ठ कला व वन सम्पदा से प्राप्त रिंगाल, निंगाल की टोकरी की सजावट कर गांव, मुहल्ले, के आबाद और खुशहाली के लिये बालिकायें प्रत्येक घर के दरवाजे पर जाकर ये गीत गाते हैं। इसमें प्रकृति को बचाने का संदेश भी रहता है। फूलदेई में बालिकायें कहते हैं कि तुम्हारे घर अन्न–धन का भंडार हो जैसे तुम्हारे दरवाजे (देहरिया) फूलों से भरी है वैसे ही सम्पन्नता बनी रहे। इस पर्व में यह भी संदेश दिया जाता है कि सभी को प्रकृति के साथ अपना सम्बंध बनाना चाहिये। इस लोक पर्व की कई कथाए हैं।

एक बार भगवान शिव अपनी शीतकलीन तपस्या में लीन हुए, कई वर्ष, कई ऋतुए बीत गये लेकिन भगवान शिव की तंद्रा नहीं टुटी। जिस कारण मां पार्वती और नंदी आदि शिव गण उदास रहने लगे, तब माता पार्वती ने महादेव की तंद्रा को तोड़ने के लिये कैलाश में प्योंली के पीले फूल को तोड़कर पीताम्बरी माला बनाकर सबको बालक रूप परिवर्तित कर इन प्योंली के फूलों को भगवान शिव पर बरसाया ताकि इन फूलों की खुशबु से उन्हे जगाया जाये। सभी ने ऐसा ही किया परंतु महादेव के तंद्रा भंग से उन्हें क्रोध न आ जाये। इसलिये

सभी को बालक रूप दिया। यदि उनकी तंद्रा टुटी तो वो बच्चों को देख क्रोध न करें। ऐसा ही हुआ जब भगवान शिव पर वो प्योलीं के फूल बरसाये गये तो वो फूलों से खेलने लगे तभी से यह पर्व मनाया जाता है। क्योंकि उस दिन चैत मकर सक्रांत के साथ नये ऋतु का समय भी था। तभी से इस पर्व को मनाया जाता है।

फूलदेई पर्व के साथ चौतुआ लोक गीत गाने वाले गायक घर–घर जाकर गीत गाते हैं, जिसके बदले में इन लोगो को अन्न, वस्त्र और वस्तुऐं दिये जाने की परम्परा है। इसी चैत के महीने में कुमांऊ और गढवाल के पर्वो में भिटौली एक महत्वपूर्ण परम्परा है। यह उत्सव प्रेम सम्बंधों का प्रतीक है। चैत माह में पुत्री और बहिन को माईके की और से दी जाने वाली भेंट को ही भिटौली कहा जाता है। इस चौतुआ गीत में सामाजिक सम्बंधों को उजागर किया जाता है। चैत्र मास में गाये जाने वाले इस गीत के बारे में लोक कथा यह है कि– मानदेव की पत्नी कौशिला को स्वप्नलोक में पाताल के राजा कालीनाग के बाग़ में एक अद्भूत फल का पेड़ दिखा और उस फल को खाने की इच्छा व्यक्त की। तो राजा मानदेव कई दिनों की यात्रा के बाद पाताल लोक पहुंचा। कालीनाग ने इस शर्त पर वह फल कोशिला को दिया, कि यदि उनकी पुत्री हुई तो उसका विवाह कालीनाग से करना होगा। कालान्तर में उनकी पुत्री गोरिधना और पुत्र सचदेव का जन्म हुआ और शर्त के अनुसार मानदेव ने अपनी पुत्री का विवाह कालीनाग के साथ कर दिया। विवाह के पश्चात गोरिघन माईके कभी नहीं आ पाई। जिस कारण बारह वर्ष के पश्चात सचदेव उससे मिलाने पाताल लोक गया दोनों के मिलन से कालीनाग की बहिन भागा को ईर्ष्या होने लगी। जब सचदेव अपनी बहिन को माईके लेकर आ रहा था। तब भागा ने अपने भाई कालीनाग को कहा, कि सचदेव गोरिघन का भाई नही लगता अवश्य कोई प्रेमी होगा। इस प्रकार के लांछन लगने पर सचदेव ने आत्महत्या कर ली। जब कालीनाग को सच पता चला तो उसने भी आत्महत्या कर ली। कथा के अनुसार इस घटना के बाद विवाहिता पुत्री, बहिन को माईके वालों के और से चैत माह में भिटौली दी जाती है।

ऐगे ऋतुरैणा, मेरी बैणा, नरैणा, यो भेटूली को मैणा
मिलत बोली चब्वे, भूला आलू।
खाजा कलेऊ मी कूं ल्यालू।।

मेरी बहिन नरैणा, ऋतुरैण बसंत आ गयी है यह भिटौली का महिना है बहिन आश लगाती है कि भैया आयेगा खाजा, कलेवा लायेगा। पर्वतीय लोक जीवन में यहाँ के लोगो का स्थानीय देवताओं में बहुत आस्था रहता है। पत्नी लोक देवता से अपने पति को सकुशल घर लौटा लाने की प्रार्थना करती है। मंगल गीत गाते हैं।

उत्तराखण्ड में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए हरेला पर्व मनाया जाता है और इस दिन पहाड़ के लोग ऋतु पर्व के रूप में लोक गीत गाकर जन चेतना और जागरूकता के लिए वृक्षों का रोपड़ की परम्परा को सदियों से निभाते आ रहे हैं जैसे–

लाग सातूँ – लाग आठूँ।
लाग दशै– लाग हरियाली।।
लाग सिरी – पंचमी लाग बग्वाली।
जी रयै जागि रयै, हिमालयन में यू छन जाणै।।
दुबाक जाड़ा छन जाणौ, गंगा कवलू छन जाणौ।

जी रयै जाबक रयै।

तात्पर्य यह है, कि वन सम्पदा को हम अपने सिर माथे पर लगाते हैं, और यह कामनायें करते हैं कि हिमालय की चोटियां में बर्फ रहने तक, दूब घास की जड़े रहने तक, गंगा में जल रहने तक चिरंजीवी रहो, जीते रहो। यह पर्व बताता है कि दूब घास, पेड़ पत्तियां, गंगा नदी और प्रकृति के होने तक ही मनुष्य का अस्तित्व है। इसलिये हमारा कर्तव्य है, कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें।

निष्कर्ष :-

परिवर्तन प्रकृति का नियम है, नया पुराने को प्रचलन से बाहर कर देता है। लेकिन कुमाऊँ अंचल में गाये जाने वाले गीत काफलिया, रूडी एवं हिनौल, ऋतु गीत आज प्रचलन में नही है। क्योंकि इन लोक गीतों के लिए आज खेती के पुराने तौर तरीके न रहे, जमींदारी न रही, तब श्रम गीत हुडकी बौल भी न रहा वन, जंगल काटते गये तो पशु को हेय समझा जाने लगा। घसियार और घसियारिन न रही तो न्यौली, शगनौल कोन गाने लगा। प्रेम जनित त्याग को पागलपन समझने वाले मालूशाही, सुनपति शौका की पुत्री राजुली के अमर प्रेम को भूल गए। परन्तु यहाँ बसंत आगमन पर बसंत पंचमी मनाई जाती है। शीतकाल के बाद सम्पूर्ण प्रकृक्ति में नव जीवन संचार होता है, तो चैत के महीने में ऋतुरैणा गीत गाये जाते हैं। इन गीतों में सुख–दुःख के भाव के साथ विरह वेदना और करुणागीत शामिल रहते हैं। वर्षा ऋतु में हरियाली की पूजा और वन सम्पदा हरा भरा रहे इसके लिए हरियाला या हरेला पर्व मनाया जाता है। यहाँ की लोक गाथाओं में इतिहास का मिश्रण स्थानीय विशेषताओं को उल्लेखित करता है, आज जरुरत है, अपने क्षेत्रों की लोक बोलियाँ, लोकगीतों के संरक्षण की और ध्यान देंने की। ताकि सामाजिक व प्राकृतिक जीवन में समरसता बना रहे पौराणिक गाथाओं का पुन संकलन किया जाये और अपने लोक गीतो के माध्यम से इनका प्रसार किया जाये।

संदर्भ :-

1. जोशी, दिनेश, 1988, कुमाऊंनी लोकगीतों में पर्यावरण शिक्षा, पिथौरागढ, हिमालयन अध्ययन, पेज – 22
2. शर्मा, डी०डी०, 2007, उत्तराखण्ड़ के लोकोत्सव एवं पर्वोत्सव, अंकित प्रकाशन हल्द्वानी, पेज 60
3. पोखरिया, देव सिंह, 2005, न्यौली सतसई 1, ज्ञानोदय प्रकाशन नैनीताल, पेज 13, पेज 24
4. डा० दिवा भट्ट, 2012, हिमालयी लोक जीवन, प्रकाश पब्लिकेशन, अल्मोडा, पेज 159,160,164
5. डा० पोखरिया, देव सिंह, 1994, लोक संस्कृति के विविध आयाम मध्य हिमालय के संदर्भ, अल्मोडा, अल्मोडा बुक डिपो, पेज 63
6. डा० पोखरिया, देव सिंह, 1996, कुमाऊंनी लोक जीवन, अल्मोडा बुक डिपो, पेज 2, पेज 10, पेज 14
7. बिष्ट, प्रो०, शेर सिंह, 2008, पर्यावरण एवं भारतीय संस्कृति, अंकित प्रकाशन, हल्द्वानी, पेज 123
8. चातक, गोविंद, 1996, गढ़वाली लोक गाथाएं, नई दिल्ली, तक्षशिला प्रकाशन, पेज 78
9. वैष्णव, यमुनादत्त, 1977, कुमाऊं का इतिहास, मार्डन बूक स्टोर्स, पेज 295
10. कृष्ण चंद्र, उत्तराखण्ड पत्रिका, अक्टूबर –2018, पेज 28, पेज 30

mahipalkutiyal@gmai.com

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 43-47
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

भारतीय क्लासिकल संगीत में महिलाओं का योगदान

–डॉ. तमसा

सहायक प्राध्यापिका संगीत (वादन), राजकीय स्नात्तकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर।

संगीत का इतिहास कलाकारों के संघर्ष का इतिहास हैं। कलाकार चाहें पुरुष हो अथवा महिला, ईश्वर की अदभुत् देन हैं। हमारा इतिहास सुसंस्कृत महिलाओं की कलाकृतियों से परिपूर्ण है। क्षेत्र चाहे वीरता का हो अथवा कला का हमारे देश की महिलाओं ने उसमें प्रशंसनीय योगदान दिया हैं। कलाकृतियों में जीवन के संकटों को झेलने की अदम्य शक्ति होती हैं। इतिहास की तमाम शिकायतों, अत्याचारों और मजबूरियों के बोझ में दबी हुई महिला जीवन में यदि कुछ हासिल कर लेती हैं, तो उसके लिए वह सचमुच ही एक उपलब्धि हैं। मुसीबतों, तकलीफों एवं संघर्ष के गर्भ से ना जाने कितनी महान विभूतियों का जन्म हुआ जिन्होंने अपने युग को पूर्ण रूप से प्रभावित कर उनकी विभिन्न दिशाओं को बदल दिया। ऐसी महान विभूतियाँ युग विशेष की धारा में स्वयं प्रभावित नहीं होती वरन अपने प्रवाह में युग को बहा देती है। ऐसी ही अनगिनत भारतीय संगीत महिलाये हैं जिनके पद चिह्नों के निशान आज भी संगीत की पृष्टभूमि पर देखे पढ़े व सुने जा सकते है। कुछ संगीतज्ञ महिलाओं के संगीत सफर का जिक्र कर रही हूँ।

शास्त्रीय गायन महिलाएँ :–

1. लक्ष्मीबाई बड़ौदकर :–

आपका मूल नाम श्रीमती लक्ष्मीबाई जाधव। कोल्हापुर–राज्य में सन 1902 ईसवी में, मराठा–कुल में आपका जन्म हुआ। आपकी माता का नाम यशोदा बाई तथा पिता का नाम परशुराम था। गायन सम्राट स्वर्गीय अल्लादिया खां साहब के भाई, खां साहब हैदर खां के द्वारा अपने संगीत की शिक्षा ली। सन 1922 से 45 ईस्वी तक बड़ौदा–दरबार में दरबार–गायिका के पद पर आप रही। बाद में आप मूल स्थान कोल्हपुर चली गई। संगीत –कार्येक्रम मैसूर, इन्दौर, कश्मीर, नागपुर, राजपूताना और कठियावाड़ा आदि में सफलतापूर्वक हुये, जिससे आपकी ख्याति चारों और फैल गई। हिज मास्टर्स वॉयस तथा यंग इंडिया कंपनी द्वारा आपके लगभग 50 ग्रामोफोन रेकार्ड प्रकाशित किये गए। आकाशवाणी, बॉम्बे–केन्द्रो से आपके संगीत कार्य्रक्रम प्रसारित होते रहे। ख्याल ठुमरी में आपकी विशेषता रही। लक्ष्मीबाई की आवाज मीठी व् सुरीली होने के कारन सारंगी के साथ ऐसे मिल जाती, जैसे दूध में पानी। आपकी ताने दानेदार जिसमें स्वाभिक कम्पन भी रहा।

2. मोघूबाई कुड़ीकर : –

महिला गायिकों में शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत करने वाली श्रीमती मोघूबाई को जिन व्यक्तियों ने सुना, उन्हें भली प्रकार विदित है कि संगीत की बैठकों में आदि से अंत तक शास्त्रीय संगीत के प्रेमी कितने दतचित होकर

आपका गयां सुनते। आपका जन्म सन 1904 हुआ। एक बार प्रसिद्ध गायक उस्ताद अल्लादिया खां को मोघूबाई का गाना सुनने को अवसर मिला। इनकी सुरीली आवाज से उस्ताद बहुत प्रभवित हुए और इन्हें तालीम देने और अपनी गायकी सिखाने को तैयार हो गए। कुछ समय तक उस्ताद से संगीत शिक्षा पाने के पश्चात् मोघूबाई बॉम्बे जा कर रहने लगी। बॉम्बे में अपने वशीर खां तथा आगरा वाले विलायत हुसैन साहब से तालीम प्राप्त की। उस्ताद अल्लादिया खां बॉम्बे आकर रहने लगे। मोघूबाई ने फिर से अपनी तालीम शुरू करने की प्रार्थना की। मोघूबाई को घराना बदलने में बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ा। अपने गुरु के प्रति श्रद्धा और भक्ति रखते हुए, तालीम जारी रखी। गोद में बच्चा और एक हाथ में तानपूरा लेकर आप रियाज करती थी तथा घर–गृहस्थी के सभी कामो को पूरा करते हुए संगीत शिक्षा के लिए समय निकाल लेती थीं। मोघूबाई का संगीत के प्रति अटूट अनुराग देखकर अपने घराने की कठिन गायकी को उस्ताद ने इन्हे लगन से आतमसात कराया।

आज खां साहब अल्लादिया खां के घराने की गायकी को सही रूप में प्रदर्शित करने वाली गायिकाओं में मोघूबाई और केसरबाई केरकर के नाम आज भी आदर से लिए जाते है। कौन सा स्वर, किस परिणाम में, कितने समय तक और कितने विस्तार में लेना चाहिए, यह संतुलन आपकी गायकी की महत्वपूर्ण विशेषता रही। श्रोताओं के ऊपर स्वरों के अनुकूल प्रभाव डालने में जिस संयम और धैर्य की आवश्यकता होती है, उसे भी आप अच्छी तरह समझती थीं। ताल की एक आवृति में किसी भी मात्रा से सम पर आते समय मुखड़े की बंदिश में बारम्बार नवीनता पैदा करना मोघूबाई की मौलिक कल्पना–शक्ति का परिचायक रहा। सन 1969 में आपको संगीत नाटक अकादमी का पुरस्कार मिला। सन 1974 में भारत सरकार ने इन्हें पदमभूषण के अलंकरण से विभूषित किया। 10 फरवरी 2001 बॉम्बे में आप अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर गई।

3. एम.एस.सुब्बलक्ष्मी :–

संगीत भाषा की सीमाओं से परे है और उसकी अपनी भाषा है। मैं नहीं मानती कि हिन्दुस्तानी और कर्नाटक संगीत को एक दूसरे के निकट लाने की आवश्यकता है। अच्छा होगा हर संगीत पद्धति अपनी परम्परा कायम रखे और मिश्रण के लिए बाध्य करने का प्रयास न किया जाए। उपयुक्त विचार दक्षिण–भारत की विख्यात गायिका श्रीमती एम. एस. सुब्बलक्ष्मी के है, जिन्होंने काफी प्रतिष्ठा अर्जित की। दक्षिण–भारत की ये गायिका भारत के कोने–कोने में तो लोकप्रिय हुई ही, विदेशों में भी काफी ख्याति मिली। यह इस गायिका की प्रतिभा का ही परिणाम है कि जिस प्रकार दक्षिण के श्रोता उनके गायन से प्रभावित होते रहे, उसी प्रकार उतर–भारत के श्रोता रसिक। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, मलाया, बर्मा, दक्षिण–अफ्रीका, पूर्वी–अफ्रीका, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब गणतंत्र आदि देशों में सुब्बलक्ष्मी लोकप्रियता उनके व्यक्तित्व, कर्णस्वर आवाज, कठोर साधना, जन्मजात प्रतिभा, गायन चातुर्य, चरित्र एवं विन्रमता के कारण। सुब्बलक्ष्मी का जन्म ही संगीत–परिवार में हुआ और महान पोषक उनकी माता उनकी पथ–प्रदर्शक रहीं। दस वर्ष की आयु में वह अपनी माता के गायन में संगति करने लगीं। सत्रह वर्ष की आयु से ही वह मद्रास–संगीत–अकादमी जैसी संस्थाओं में एकांकी कार्यक्रम प्रस्तुत करने लगीं।

सन 1944 में बॉम्बे में आयोजित अखिल–भारतीय संगीत सम्मेलन में उनके कार्यक्रम तथा मीरा फिल्म प्रदर्शित होने के बाद सुब्बलक्ष्मी की ख्याति पूरे भारत में फैल गई। सन 1954 में राष्ट्रपति ने आपको पदमभूषण के अलंकरण से विभूषित किया और सन 1956 में शास्त्रीय कर्नाटक–संगीत के लिए उन्हें राष्ट्रपति–पुरस्कार

प्रदान किया गया। सन 1968 में सुब्बलक्ष्मी ने एडिनबरा अंतराष्ट्रीय समारोह में भाग लेने के लिए प्रथम बार यूरोप की यात्रा की। इस महान गायिका को भारत के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार 1998 में भारत रत्न से नवाजा गया। 11 दिसंबर 2004 मद्रास में आप अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर गई।

4. उमा देवी (टुन-टुन) :-

एक ऐसी पार्श्वगायिका जिन्हें हास्य अभिनय के लिए जाना जाता है। शरीर में भारीपन और मोटे होने के कारन उन्हें टुन–टुन नाम दिया गया और वो इसी नाम से जानी गई, याद भी आ गया होगा। उमा देवी का जन्म 11 जुलाई 1923 में उत्तरप्रदेश में हुआ, पर क्या आप जानते है उमा देवी २३ वर्ष की आयु में मुंबई–नगरी में आई। यहाँ उमा देवी संगीत वाग्गेकर (Composer) नौशाद अली से मिली और अपने गायन के शौक को बया किया। उन्होंने नौशाद अली, ए.आर.केदार, एस.एस.वसन जैसे संगीत निदेशको, फिल्म–निर्माताओं के साथ काम किया। उमा देवी ने सबसे पहले फिल्मी दुनिया में एक पार्श्वगायिका के रूप में कदम रखा। उनके गाये गये गीत आज भी उतने ही मनमोहक लगते है जितनी लोकप्रिता उन गीतों की तब रही जब ये गाये गए।

1947 में नौशाद अली निर्देशक द्वारा तैयार गीत अफसाना लिख रही हूँ दिल–ए–बेकरार का ये प्रसिद्ध गीत आज भी कई संगीत महफिलो की रौनक है। इस गीत के अलावा ये कौन चला मेरी आँखों के सामने, आज मची है धूम झूम खुशी में झूम, बेताब है दिल–दर्द–ए–महोब्बत के असर से, काहे जिया डोले, दिल को लगा के हमने कुछ भी न पाया, साँझ की बेला जैसे बेहतरीन गीतों को गाने वाली मधुर आवाज आजभी दिल को छू लेती है। उमा देवी का पहला गीत अफसाना लिख रही हूँ दिल–ए–बेकरार का आँखों में रंग भर के तेरे इंतजार का इस गीत में उनकी आवाज सुन कर लगता है कि जब वह मुंबई आई कितने सपने ,रंग और बहुत मधुर आवाज अपने साथ लेकर आई। हर क्षेत्र में चुनौतियों का सामना सभी के लिए है। उमा देवी के लिए ये चुनौतियां इतनी बडी हो गयी की एक मधुर आवाज की पार्श्वगयिका हास्य अभिनेत्री बन कर रह गई और फिल्मी दुनिया को इस शख्सियत की आवाज से महरूम होना पड़ा। 24 नवम्बर 2003 में मुंबई में इनका निधन हो गया।

शास्त्रीय वादन महिलाएं :-

1. अन्नपूर्णा देवी –

उस्ताद अल्लाउदीन खां उदय शंकर की नृत्य–पार्टी के साथ विदेश भ्रमण पर थे, मैहर नामक कस्बे में सन 1927 में पूर्णिमा के दिन उनकी पुत्री का जन्म हुआ। मैहर के राजा ने उस लड़की का नाम अन्नपूर्णा रखा। बचपन से ही अन्नपूर्णा को खां साहब ने सितार की शिक्षा देनी आरम्भ कर दी थी। सितार की शिक्षा 1940 तक चली, इसके बाद उस्ताद ने सितार की शिक्षा बंद कर सुरबहार का अभ्यास शुरू करा दिया। सन 1941 में पंडित रवि शंकर साथ इनका विवाह हुआ। तत्पश्चात पिता की आज्ञा लेकर पति–सहित इप्टा संस्था के साथ अन्नपूर्णा शंकर भारत भ्रमण के लिए निकल पड़ी। पंडित जवाहरलाल नेहरू की डिस्कवरी ऑफ इंडिया मंच पर अभिनीति की जा रही थी। इसमें पार्श्व से अन्नपूर्णा शंकर वादन किया करती थीं।

श्रीमती अन्नपूर्णा को रागों में यमन कल्याण और मालकौंस तथा तालों में चौताल और धमार बहुत प्रिये रही। सेनी घराने की सारी विशेषताएँ नई कल्पनाओ और नए रूप को लेकर इनके वादन में दृष्टिगोचर होती थीं। जनता में श्रीमती अन्नपूर्णा बहुत काम अपना प्रदर्शन करती थीं। इसका कारण पूछने पर आप प्रत्युत्तर में कहती थीं –मेरे पिता जी ने मेरे शिक्षण काल में मुझसे कहा था कि मेरा संगीत जनता में प्रदर्शित करने के लिए

नहीं होगा, बल्कि आत्मानन्द और स्वयं के विकास तक ही सीमित रहेगा। लेकिन उस स्थान पर प्रदर्शित करने में मैं कभी नहीं हिचकिचाती, जहाँ कि संगीत के गंभीर पारखी होंगे ये विचार अन्नपूर्णा जी के रहे। पर मुंबई और दिल्ली में अनुरोध करने पर कई बार सुरबहार–वादन कर प्रस्तुत कर चुकी थीं और देखा गया है कि शास्त्रीय संगीत की और थोड़ी भी अभिरुचि रखने वाले श्रोता उनके जोड़ और आलापचारी के अंगो से प्रभावित संगीत में आत्म–विभौर हो जाते थे। 13 अक्टूबर 2018 में इनका स्वर्गवास हो गया।

2. शरन रानी :–

पहली सरोद वादिका शरन रानी जिन्हें सरोदरानी कहा गया। इनका जन्म 9 अप्रैल 1929 को दिल्ली के चांदनी चौक, जुगल किशोर हवेली में हुआ। वह दिल्ली के लिए मिसाल बन गई। शरन रानी ने एक ऐसा वाद्य चुना जो अब तक केवल पुरुषों द्वारा ही बजाया जाता रहा। उन्होंने सरोद जैसे कठिन वाद्य को अपनी संगीत शिक्षा का एक माध्यम चुना। सरोद एक शास्त्रीय वाद्य है, गुरु की जरुरत तो थी ही। सरोद के स्वरों को समझने के लिए उसकी तारों में उलझने की जरुरत थी, ताकि उसके मनमोहक जादू को पहचाना और महसूस किया जा सके। एक कार्यक्रम में उनकी मुलाकात सरोद उस्ताद अल्लाउद्दीन खां साहब से हुई और शरन रानी ने सरोद सीखने की बात खां साहब के समक्ष रखी तो खां साहब ने कहा–तुम सितार सीखो। तब शरन रानी ने कहा यह मेरे लिए कठिन है कि प्यार किसी से और शादी किसी और से यहाँ कैसे हो सकता है।

यहाँ प्रमाण था कि खां साहब ने उन्हें अपना शिष्य बनाने की स्वीकृति देनी पड़ी। गुरुद्वारा प्राप्त तालीम में सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि बाबा (अलाउद्दीन खां) प्रांरम्भ में स्वर साधना गले से करवाते थे और इसके साथ–साथ वाद्य यंत्र की साधना चलती रहती थी। शरन रानी ने मैहर अपने गुरु घर पर रह कर लगातार दस–बारह वर्ष तक शिक्षा ग्रहण की। शरन रानी सरोद जैसे कठिन वाद्य को लेकर मंच पर उतरने वाली पहली कलाकार रही। उन्होंने सरोद वाद्य की खोज पर पूरे भारत का भ्रमण किया और अपनी सारी खोज एक सुन्दर सी पुस्तक THE DIVINE OF SAROD के रूप में, प्राचीनतम एवं विकाश पर लिखी उनकी पहली और आखरी रचना रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात भारतीय संगीतज्ञों में वह प्रथम महिला थे जिन्होंने विदेशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत में रूचि पैदा की। शरण रानी ने अपने जीवन के लगभग 60 वर्ष संगीत को दिए और इस दौरान साजों का संग्रह करना उनका उद्देश्य रहा। उन्होंने पुराने दुर्लभ वाद्यों का अनूठा संग्रह नई दिल्ली जनपथ पर स्थित शरण रानी बाकलीवाल गैलरी ऑफ इंस्ट्यूमेंट्स, नैशनल म्युजियम 30 अक्टूबर 1980 को पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गाँधी द्वारा उद्घाटन करके इसे राष्ट्र को समर्पित किया। शरन रानी को अनेक पुरस्कारों, उपाधियों से नवाजा गया। जनवरी 1968 में पदमश्री पुरस्कार, 1974 में साहित्य कला परिषद् पुरस्कार, 1986 संगीत नाटक अकादमी, 1999 में पदमभूषण पुरस्कार, 2000 में दिल्ली में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, 2005 भोपाल से कला परिषद पुरस्कार। 8 अप्रैल 2008 को प्रातः वह घड़ी आ गए जब वह सबको छोड़ कर चली गई।

3. एन.राजम :–

डॉ. (श्रीमती) एन. राजम का जन्म परम्परागत संगीतज्ञों के परिवार में सन 1938 में हुआ। चार वर्ष की उम्र से उन्हें वॉयलिन वादन की तकनीक की शिक्षा लेनी आरंभ की। आरंभ कर्नाटक संगीत से हुआ और यह श्रीमती राजम के कुशल बुद्धि का ही परिणाम था कि एक वर्ष में ही वे कर्नाटक संगीत के वर्णम बजाने लगी। पाँच वर्षो के बाद ही श्रीमती राजम मद्रास रेडियो से कार्यक्रम प्रसारित करने लगी। श्रीमती राजम ने मद्रास संगीत

अकादमी द्वारा आयोजित संगीत प्रतिस्पर्धा में भाग लिया और प्रथम पुरस्कार के रूप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। श्री केलकर से शिक्षा ग्रहण करते समय श्रीमती राजम को पंडित ओंकारनाथ ठाकुर के रिकॉर्ड सुनने का अवसर मिला और इनका प्रभाव इतना अधिक था कि वे पंडित जी कि शिष्या बनने का स्वपन देखने लगी। इस स्वपन को साकार रूप मिला 1955 में, उन्हें पंडित जी से मिलने और उनके समक्ष वॉयलिन बजाने का अवसर मिला। श्रीमती राजम उनसे शिक्षा ग्रहण करते हुए 1957 की घटना स्मरणीय रही, जब पंडित जी ने श्रीमती राजम को संगति करने के लिए आमंत्रित किया।

1959 में श्रीमती राजम ने बनारस हिन्दू विश्वविधालय में हिंदुस्तानी संगीत (वॉयलिन) में लेक्चरार का पद स्वीकार किया। 1960 में श्रीमती राजम में रेडियों के नेशनल प्रोग्राम में भाग लिया और 1965 में अपने भ्राता विख्यात वॉयलिन वादक श्री टी. एन. कृष्णन के साथ कर्णाटक युगल संगीत कार्यक्रम में भाग लिया। इनके गायन की विशेषता गायकी अंग है। हिंदुस्तानी और कर्नाटक दोनों पद्धतियों में निपुणता के कारण उनकी अपनी प्रणाली है, किन्तु ओंकारनाथ ठाकुर जी की गायकी का प्रभाव स्पष्ट दिखा देता है। श्रीमती राजम ने दोनों पद्धतियों में वॉयलिन वादन के लिए स्वर्ण–पदक प्राप्त किए और 1967 में सुरसिंगार–संसद ने उन्हें सुरमणि की उपाधि से विभूषित किया। इस समय आप मद्रास में अपना जीवन व्यतीत कर रही है। संगीत जगत अपनी चिर आयु की कामना करते है।

4. जरीन दारूवाला :–

कुमारी जरीन दारुवाला प्रतिभाशाली सरोद वादिका है। इनका जनम 9 अक्टूबर 1946 को मुंबई में हुआ। उन्होंने श्री हरिपद घोष, पंडित भीष्मदेव वेदी, पंडित वी.जी. जोग, पंडित एस सी.आर.भट्ट, पदमभूषण डॉ. एस. एन.रातंजनकर से संगीत शिक्षा पाई। इनका सरोद पर अच्छा नियंत्रण है और हाथ भी सुरीला है इनकी वादन शैली अपनी विशिष्ट है। इन्हे एक स्वर्ण पदक व कई ट्रॉफियां मिल चुकी है। १३ वर्ष की आयु में उन्होंने दिल्ली स्पर्धा में भाग लिया, उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार मिला। जरीन ने देश के विभिन्न भागों में सरोद वादन पेश किया। उन्होंने राज्यपालों, विदेशों, कूटनीतिज्ञों एवं प्रतिनिधि मंडलों के समक्ष सरोद वादन पेश किया। इन्होने 1961 में इंग्लैण्ड की महारानी के समक्ष कार्यक्रम पेश किया। वास्तव में जरीन ने 3 वर्ष की आयु में संगीत में अपनी रूचि प्रदर्शित की। उनके पिता उस समय शौकिया वॉयलिन बजाते थे। पुत्री के रूचि संगीत में देखकर हारमोनियम ले आए। जरीन ने हारमोनियम सीखा और उनके कई कार्यक्रम भी पेश किए। उस्ताद अली अकबर खान को सुकर सरोद सिखने की तीव्र लालसा जरीन के मन में जागृत हुई, जरीन ने गायन भी सीखा, जिससे एक स्वस्थ पृष्ठभूमि बनती है। उन्होंने सरोद वादन की प्रतिभा के बल पर अनेक पुरस्कार प्राप्त किये है। उन्हें 1988 में संगीत नाटक अकादमी, 1990 में महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार, 2007 दादा साहब फाल्के जैसे सम्मानित पुरस्कारों से अलंकृत किया गया। आज भी ये संगीत सेविका के रूप में संगीत के सेवा कर रही है। हम इनके स्वस्थ जीवन की कामना जीजी करते है।

सन्दर्भ :–

1. हमारे संगीत रत्न, लक्ष्मी नारायण गर्ग, संगीत कार्यालय, हाथरस – उत्तरप्रदेश।
2. संगीत विशारद, बसंत, संगीत कार्यालय, हाथरस – उत्तरप्रदेश।
3. नारी कलाकार, आशा रानी व्होरा, ज्ञानगंगा प्रकाशन, दिल्ली।
4. हिन्दुस्तानी संगीत के रत्न, डॉ सुशील कुमार चौबे, हिन्दी ग्रंथ अकादमी – लखनऊ।
5. हिन्दुस्तानी संगीत में तंत्र वादकों का योगदान, वीणा शर्मा, कनिष्क पब्लिकेशन – दिल्ली।

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 48-52
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं की स्थिति

–मुकेश चौहान
एम. फिल शोधार्थी, हिंदी विभाग, गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी, कामरूप, (असम)

अगर देखा जाए तो महिलाओं की स्थिति सदा एक सामान नहीं रही है। इसमें युगानुरूप परिवर्तन होता रहता हैं। यह स्थिति वैदिक काल से आरंभ होकर आधुनिक काल तक आते–आते अनेक उतार–चढ़ाव एवं विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए आ रहा है तथा उनके अधिकारों में भी तदनरूप परिवर्तन भी होता रहा है। वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ थी, परिवार तथा समाज में उन्हें इज्जत एवं सम्मान प्राप्त था। भारतवर्ष में महिलाओं की स्थिति में पिछले कुछ दशकों में कई बड़े बदलाव देखा गया है। प्राचीन काल में पुरुषों के साथ समानता की स्थिति से लेकर मध्ययुगीन काल के निम्न स्तरीय जीवन और साथ ही कई समाज सेवियों द्वारा महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार को बढ़ावा दिए जाने तक। भारतवर्ष में महिलाओं का इतिहास काफी विकसित एवं चलायमान रहा है। आज के वर्तमान समय में स्त्रियां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, खेलकूद, संगीतकला, नाट्यकला, वैज्ञानिक तकनीकी, प्रशासनिक सेवा, चिकित्सा सेवा आदि जैसे क्षेत्रों में अपना स्थान एवं वर्चस्व स्थापित करने में सफलता पाई है। वह सिर्फ स्थान ही नहीं बनाई बल्कि अपने–अपने क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर आसीन रहकर न केवल खुद का अपितु पूरे देश का मान एवं गौरव बढ़ाया है।

वर्तमान समय में भारत के परिपेक्ष में महिलाओं की स्थिति अनेक उठा–पटक के साथ परिवर्तित होता रहा है। पर इस विषय पर बारीकी से चर्चा किया जाए तो हमारे समक्ष यह प्रश्न उठता है कि महिलाओं की यह स्थिति, उनके अधिकारों एवं समाज में पुरुषों को समान हक एवं समानता की बात करने की जरूरत ही क्यों आन पड़ी है? जब हम इस विषय से संबंधित विविध पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट करते हैं, तो हम पाते हैं कि पुरुष द्वारा स्थापित समाज में पुरुष खुद तो अपने जीवन यापन के लिए मानदंड तैयार करता ही है साथ ही महिलाओं के हक एवं अधिकार भी पुरुषों द्वारा ही तय किए जाते हैं। जिससे पुरुष समाज के मान्यताओं एवं परंपराओं को अपने मुताबिक ढालने एवं संचालित करने का प्रयत्न करते हैं। जिसके चलते वह खुद के अधिकार एवं हक के मामले में महिलाओं की तुलना में ज्यादा सहज एवं ज्यादा छूट पाना चाहता है।

पर मुझे ऐसा लगता है कि वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति आज जो है उससे और ज्यादा बेहतर हो सकता था, क्योंकि अगर पुरुष समाज अपने सभी मानदंड खुद तैयार कर सकता है तो महिलाएं भी इस मामले में पुरुषों की तुलना में कहीं से भी कम नजर नहीं आती। कम से कम महिलाओं के हित एवं उनके क्षमताओं, आकांक्षाओं एवं अधिकारों को ध्यान में रखा जाना भी पुरुषों का आवश्यक दायित्व एवं कर्तव्य है। किसी भी समाज का निर्माण पुरुष एवं स्त्री दोनों के मेल एवं सहभागिता से ही संभव है। क्योंकि समाज में जितना हक

पुरुष को है, उतना ही एक स्त्री को भी। हिंदी के बहुत ही प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रवादी कवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा रचित निबंध 'अर्धनारीश्वर' में भी इसी बात को प्रमाणित करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत करता है। जिसके अनुसार आधा नारी और आधे पुरुष के संयोग से इस संसार का निर्माण एवं सृष्टि हुआ तो फिर आज के समाज में महिलाओं के हितों को, उनके अधिकारों को समझे बिना हम किसी भी समाज एवं देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं।[1]

21वीं शताब्दी में महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। आज महिलाओं की स्थिति में सुधार ने देश का नक्शा ही बदल कर रख दिया है। यद्यपि हम यह तो नहीं कह सकते हैं कि महिलाओं की दशा पूरी तरह से बदल गई है पर हां पहले की तुलना में काफी हद तक सुधार देखा गया है। आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति पहले से अधिक सचेत एवं जागरूक नजर आती हैं। आज की महिलाएं अपने पेशे वाली जिंदगी चाहे वह सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक कोई भी क्षेत्र हो, सभी के प्रति अधिक कर्तव्यनिष्ठ हैं।

वर्तमान समय में हमारे देश में भारतीय महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पर वास्तव में इन योजनाओं की आवश्यकता ही क्यों है? क्योंकि पुरुष समाज के लिए या उसके उत्थान के लिए तथा समाज में उसके महिलाओं के समान अधिकार के लिए किसी प्रकार की योजनाओं की आवश्यकता नहीं होती, तो फिर महिलाओं के लिए ही क्यों? क्योंकि आरंभ से ही पुरुष प्रधान समाज महिलाओं के प्रति अपनी संकीर्ण मानसिकता एवं समाज में उनकी स्थिति को लेकर दोहरे चरित्र को प्रदर्शित करता रहा है। जिसके बदौलत आज महिलाओं के स्थिति एवं उनको भी पुरुषों के समान सम्मान एवं हक दिलाने के लिए विभिन्न प्रकार के योजनाओं की आवश्यकता जान पड़ी है।

आज देश में महिला सशक्तिकरण, नारी शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जैसी अनेक योजनाएं लागू की जा रही है ताकि महिलाएं भी पुरुषों के समान सम्मान एवं अधिकार प्राप्त कर सकें। पर वास्तव में इन योजनाओं का लाभ समाज के निचले तबके के स्त्रियों तक नहीं पहुंच पाता है और इसका मुख्य कारण है इन योजनाओं का संचालन उचित तरीके से ना हो पाना। सच तो यह है कि आज के समय में स्त्रियों की स्थिति में काफी कुछ परिवर्तन आ गया है पर फिर भी अभी आने को ऐसे क्षेत्र हैं जहां वह पुरुष प्रधान मानसिकता से पीड़ित हो रही है। जैसे उदाहरण के तौर पर हम भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को उदाहरण स्वरूप ले सकते हैं। जिसमें आज भी महिलाओं की संख्या एवं हिस्सेदारी को लेकर अभी बहुत कार्य करना शेष है।

इसे और अधिक प्रमाणित एवं सुव्यवस्थित ढंग से समझने के लिए स्वामी विवेकानंद द्वारा दी गई यह पंक्तियां अधिक सार्थक सिद्ध हो सकती है– "किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है वहां की महिलाओं की स्थिति। हमें नारियों को ऐसी स्थिति में पहुंचा देना चाहिए, जहां वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से स्वयं सुलझा सकें। हमें नारी शक्ति के उद्धारक नहीं, वरन उनके सेवक और सहायक बनना चाहिए। भारतीय नारियां संसार की किसी भी अन्य नारियों की भांति अपनी समस्याओं को सुलझाने का क्षमता रखती हैं। आवश्यकता है उन्हें अवसर देने की। इस आधार पर भारत के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं सन्निहित है।"[2]

महात्मा गांधी ने नारी के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके अधिकारों के मामले में किसी प्रकार का समझौता न करने वाला घोषित किया था। उनका मानना था कि समाज के पुनर्निर्माण में स्त्रियों को एक

सुनिश्चित भूमिका अदा करनी है। और सामाजिक न्याय पाने के उनकी क्षमता के अधिकार को मान्यता देना एक अनिवार्य कदम है। स्त्रियों के मताधिकार दान को भी उन्होंने अपना सतत और संपूर्ण समर्थन दिया था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में स्त्रियों के भारी संख्या में भाग लेने के साथ मिलकर गांधी जी के इस प्रयास ने सामाजिक एवं राजनीतिक संभ्रांत वर्ग पर जिसने महिलाओं को भी सम्मिलित करने का प्रत्यक्ष प्रभाव डाला।

मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित 'यशोधरा' महाकाव्य में भी यशोधरा के माध्यम से न केवल भारतीय नारियों के बल्कि मानव जाति द्वारा निर्मित समाज में बस–बास कर रही नारियों के वेदना को उकेरा गया है। इसमें एक नारी की पीड़ा एवं उसके विरहजन्य जीवन को विशेष रुप से महत्व दिया गया है। जिसमें यशोधरा को पति द्वारा छोड़कर जाना तथा उसे बच्चे राहुल के प्रेम पास के बदौलत मजबूरन जीवन घुट–घुट कर जीना एक नारी के विवशता को प्रदर्शित करता है। गौतम बुध अपने कर्तव्य पथ से विचलित होकर खुद के मानोकांक्षा हेतु निर्माण खोज को चले जाते हैं। वह भी चोरी–चोरी। परंतु यशोधरा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करती है। आंचल में दूध को छिपाए हुए तथा आंखों में पानी लिए वह जीवन यापन करती है। इसी परिपेक्ष में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित यशोधरा की यह पंक्तियां दृष्टव्य है :–

"अबला जीवन हाय! तुम्हारी यही कहानी,
आंचल में है दूध और आंखों में पानी।"[3]

आज के इस आधुनिक वैज्ञानिक युग में नारियों ने कृषि से लेकर अंतरिक्ष तक अनेक क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर स्थान हासिल कर लिया है, परंतु आज भी ज्यादातर महिलाएं अपनी मौलिक अधिकारों सं वंचित रहने को विवश हैं। महिला सशक्तिकरण के जितने भी प्रयास किये जा रहे हो पर नारी को अपने अस्तित्व की सबसे बड़ी चुनौति उसे अपने घर में, मां की कोख से ही मिल रही है। इससे बच भी गयी तो धरती पर आने के बाद उसके लिए जैसे चनौतियों का अम्बार लगा हुआ है। भूण हत्या, लैंगिक भेदभाव, घरेलु हिंसा, दहेज निर्यातना, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, शोषण, दमन, बलात्कार, तिरष्कार, मानसिक यंत्रणा आदि अनेको समस्याएँ हैं जिनसे हर पल महिलाओं का सामना होता रहता है। प्रकृति ने नर–मादा का समन्वय करके सृष्टि की निरंतरता को बनाए रखा। पुरुष और नारी में शारीरिक और स्वभावगत भिन्नताएं हैं, एक कठोर है और एक कोमल, पुरुष स्वभाव से अहंकारी और नारी त्याग करने वाली। इतिहास के अनुसार वैदिक काल की नारियों को सामाजिक संपन्नता प्राप्त थी, नारी शिक्षा, शास्त्र अध्ययन, यज्ञ में पुरुषों के बराबर भागीदारी, स्वेच्छा से विवाह करना आदि अनेको उदाहरण है।

वास्तव में जब लोगों की मानसिकता नहीं बदलेगी, दृष्टिकोण नहीं बदलेगा तब तक महिलाओं की स्थिति नहीं सुधरेगी। अगर समाज की किसी बेटी में अपनी बेटी या बहन जैसा भाव आ जाये तो महिलाएं सिर उठाके चल पाएंगी। पुरुषत्व की सार्थकता महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने में है, उनका शोषण करना तो कायरता है। यहीं भारत की पहचान है। कदाचित् इस मंत्र को लोग भूल गये हैं, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता। नारी का सम्मान जहां है, संस्कृति का उत्थान वहां है। अभी और चिंतन की आवश्यकता है, नारी हीं शक्ति है, उसे नुकसान पहुंचे तो समाज शक्तिहीन हो जाएगा, अतः पुरुषों कों अधिक संवेदनशील होना पड़ेगा तभी महिलाओं का उत्थान संभव है।

भारत में लगभग सभी धर्मों और वर्गों के लोगों में लंबे समय से समाज की मुख्यधारा में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को लेकर अधिक स्वीकार्यता नहीं रही है। वर्तमान में भी देश के कई हिस्सों में महिलाओं को घरेलू

कामकाज या अध्यापक अथवा नर्स आदि जैसी भूमिकाओं में ही कार्य करने को प्राथमिकता दी जाती है। सामाजिक दबाब और विरोध के भय से कुछ पारंपरिक क्षेत्रों को छोड़कर आमतौर पर अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी कम ही रही है। भारतीय समाज में व्याप्त इस भेदभाव की शुरुआत बच्चे के जन्म से ही हो जाती है, इस भेदभाव को भारत में जन्म के समय लिंगानुपात में भारी असमानता के आधार पर समझा जा सकता है।

पिछले दो दशकों में देश में प्रारंभिक शिक्षा के मामले में व्याप्त लैंगिक असमानता को दूर करने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, हालाँकि उच्च शिक्षा और पेशेवर प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी में कमी अभी भी बनी हुई है। कार्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी शिक्षा और रोज़गार के अवसरों की उपलब्धता के साथ आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी निर्भर करती है। देश में अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों या छोटे शहरों में घर से कार्यस्थल की दूरी, 24 घंटे यातायात के सुरक्षित साधन, सार्वजनिक स्थलों पर प्रसाधन या अन्य आवश्यक संसाधनों का न होना और इनकी वहनीयता भी महिलाओं की भागीदारी में कमी का एक प्रमुख कारण है। इन संसाधनों की अनुपलब्धता का प्रभाव उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर भी पड़ता है। कार्यस्थलों पर होने वाला भेदभाव महिलाओं के विकास में एक बड़ी बाधा रहा है, देश में सक्रिय सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अधिकांश संस्थानों में शीर्ष निर्णायक पदों पर महिला अधिकारियों की कमी इस भेदभाव का एक स्पष्ट प्रमाण है। कृषि क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भूमिका अधिक होने के बावजूद भी समाज के साथ–साथ सरकार की योजनाओं में इसकी स्वीकार्यता की कमी दिखाई देती है।

अब महिलाएं अन्याय नहीं सहती है और हर परिस्थतियों से मुकाबला करने की हिम्मत रखती है। आज महिलाएं ऊँचे पदों पर कार्य करती है, आत्मविश्वास के साथ परिवार में अपनी भूमिका निभाती है। समाज का बहुमुखी विकास तभी होगा जब नारी को उनका उचित सम्मान और दर्जा मिलेगा। आज नारी ने यह समझा दिया है कि अगर उन्हें अधिक मौके दिए गए, तो वह पुरुषों से अधिक अपने आपको बेहतर साबित कर पाएगी। नारी में जन्म से दया, त्याग, प्रेम जैसे गुण होते है। आज समाज में इस परिवर्तन के कारण, उनमें शक्ति, हिम्मत, आत्मविश्वास जैसे गुण भी विकसित हो गए है। नारी को इस आधार पर एक महान देवी के रूप में चित्रित किया गया और उसके प्रति विश्वास और श्रद्धा वन होने के लिए कहा जाता है, कि नारी कैसे श्रद्धेय और पूज्य स्वरूप को स्वीकारना है। कविवर श्री जयशंकर प्रसाद ने अपनी महाकृति कामायनी में लिखा है कि–

"नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नगयगतल में।
पीयूष स्त्रोत सी बहा करो,
जीवन के सुंदर समतल में।।[4]

इस दृष्टिकोण के आधार पर नारी पूज्य और महान है। जिससे जीवन अमृत तुल्य बन जाता है। नारी का सम्मानिय स्वरूप प्राचीन काल में बहुत ही सशक्त और आकर्षक रहा है।

निष्कर्ष :–

निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि लक की नारी और आज कि नारी में बहुत फर्क है। कल जहा नारी केवल दासी का रूप अदा करती थी। वही आज न केवल किचन ओर घर, बच्चो को संभालने के साथ घर के बहार भी अपना वर्चस्व लहरा रही है। जहां नर में कोई मात्रा नहीं होती वही नारी में दो मात्राएं लगती

है। महिलाएं परिवार बनाती है, परिवार घर बनाता है, घर समाज बनाता है और समाज ही देश बनाता है। इसका सीधा सीधा अर्थ यही है की महिला का योगदान हर जगह है। महिला की क्षमता को नज़रअंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है। शिक्षा और महिला ससक्तिकरण के बिना परिवार, समाज और देश का विकास नहीं हो सकता।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अर्धनारीश्वर दिनकर संपादक गोपाल राय ग्रंथ निकेतन, उदयांचल, पटना, पृष्ठ संख्या 196
2. डॉक्टर राज नारायण स्त्री विमर्श और सामाजिक आंदोलन।
3. यशोधरा मैथिलीशरण गुप्त साहित्य सदन चिरगांव, झांसी, पृष्ठ संख्या 112
4. कामायनी माहाकाव्य, जयशंकर प्रशाद, विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी पृष्ठ संख्या –24
5. शोधगंगा।
6. माधुक्षी सिंह, (2002) सर्वांगीण ग्रामीण विकाश में महिलाओं की भूमिका–एक सामाजिक अध्ययन, पृष्ठ संख्या– 22–28
7. स्वेता मिश्रा, (1998) "पंचायाती राज एम्पावरिंग द पीपुल योजना", जुलाई।

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 53-54
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

मनुस्मृति और नारी जाति

–डॉ. विवेक आर्य

वैदिक विद्वान, नई दिल्ली।

भारतीय समाज में एक नया प्रचलन देखने को मिल रहा है। इस प्रचलन को बढ़ावा देने वाले सोशल मीडिया में अपने आपको बहुत बड़े बुद्धिजीवी के रूप में दर्शाते है। सत्य यह है कि वे होते है कॉपी पेस्टिया शूरवीर। अब एक ऐसी ही शूरवीर ने कल लिख दिया मनु ने नारी जाति का अपमान किया है। मनुस्मृति में नारी के विषय में बहुत सारी अनर्गल बातें लिखी है। मैंने पूछा आपने कभी मनुस्मृति पुस्तक रूप में देखी है। वह इस प्रश्न का उत्तर देने के स्थान पर एक नया कॉपी पेस्ट उठा लाया। उसने लिखा–

'ढोल, गंवार, शूद्र, पशु, नारी सकल ताड़ना के अधिकारी।'

मेरी जोर के हंसी निकल गई। मुझे मालूम था कॉपी पेस्टिया शूरवीर ने कभी मनुस्मृति को देखा तक नहीं है। मैंने उससे पूछा अच्छा यह बताओ। मनुस्मृति कौनसी भाषा में है? वह बोला ब्राह्मणों की मृत भाषा संस्कृत। मैंने पूछा अच्छा अब यह बताओ कि यह जो आपने लिखा यह किस भाषा में है। वह फिर चुप हो गया। फिर मैंने लिखा यह तुलसीदास की चौपाई है। जो संस्कृत भाषा में नहीं अपितु अवधी भाषा में है। इसका मनुस्मृति से कोई सम्बन्ध नहीं है। मगर कॉपी पेस्टिया शूरवीर मानने को तैयार नहीं था। फिर मैंने मनुस्मृति में नारी जाति के सम्बन्ध में जो प्रमाण दिए गए है, उन्हें लिखा। पाठकों के लिए वही प्रमाण लिख रहा हूँ। आपको भी कोई कॉपी पेस्टिया शूरवीर मिले तो उसका आप ज्ञान वर्धन अवश्य करना।

मनुस्मृति में नारी जाति :–

यत्र नार्य्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्रऽफलाः क्रियाः। मनुस्मृति 3/56

अर्थात जिस समाज या परिवार में स्त्रियों का सम्मान होता है, वहां देवता अर्थात् दिव्यगुण और सुख–समृद्धि निवास करते हैं और जहां इनका सम्मान नहीं होता, वहां अनादर करने वालों के सभी काम निष्फल हो जाते हैं।

पिता, भाई, पति या देवर को अपनी कन्या, बहन, स्त्री या भाभी को हमेशा यथायोग्य मधुर–भाषण, भोजन, वस्त्र, आभूषण आदि से प्रसन्न रखना चाहिए और उन्हें किसी भी प्रकार का क्लेश नहीं पहुंचने देना चाहिए। –मनुस्मृति 3/55

जिस कुल में स्त्रियां अपने पति के गलत आचरण, अत्याचार या व्यभिचार आदि दोषों से पीड़ित रहती हैं। वह कुल शीघ्र नाश को प्राप्त हो जाता है और जिस कुल में स्त्री–जन पुरुषों के उत्तम आचरणों से प्रसन्न रहती हैं, वह कुल सर्वदा बढ़ता रहता है। –मनुस्मृति 3/57

जो पुरुष, अपनी पत्नी को प्रसन्न नहीं रखता, उसका पूरा परिवार ही अप्रसन्न और शोकग्रस्त रहता है और यदि पत्नी प्रसन्न है तो सारा परिवार प्रसन्न रहता है। – मनुस्मृति 3/62

पुरुष और स्त्री एक–दूसरे के बिना अपूर्ण हैं, अतः साधारण से साधारण धर्मकार्य का अनुष्ठान भी पति–पत्नी दोनों को मिलकर करना चाहिए।–मनुस्मृति 9/96

ऐश्वर्य की कामना करने हारे मनुष्यों को योग्य है कि सत्कार और उत्सव के समयों में भूषण वस्त्र और भोजनादि से स्त्रियों का नित्यप्रति सत्कार करें। मनुस्मृति

पुत्र–पुत्री एक समान। आजकल यह तथ्य हमें बहुत सुनने को मिलता है। मनु सबसे पहले वह संविधान निर्माता है जिन्होंने जिन्होंने पुत्र–पुत्री की समानता को घोषित करके उसे वैधानिक रुप दिया है– ''पुत्रेण दुहिता समा'' (मनुस्मृति 9/130) अर्थात्–पुत्री पुत्र के समान होती है।

पुत्र–पुत्री को पैतृक सम्पत्ति में समान अधिकार मनु ने माना है। मनु के अनुसार पुत्री भी पुत्र के समान पैतृक संपत्ति में भागी है। यह प्रकरण मनुस्मृति के 9/130 9/192 में वर्णित है।

आज समाज में बलात्कार, छेड़खानी आदि घटनाएं बहुत बढ़ गई है। मनु नारियों के प्रति किये अपराधों जैसे हत्या, अपहरण, बलात्कार आदि के लिए कठोर दंड, मृत्युदंड एवं देश निकाला आदि का प्रावधान करते है। सन्दर्भ मनुस्मृति 8/323, 9/232, 8/342

नारियों के जीवन में आनेवाली प्रत्येक छोटी–बडी कठिनाई का ध्यान रखते हुए मनु ने उनके निराकरण हेतु स्पष्ट निर्देश दिये है।

पुरुषों को निर्देश है कि वे माता, पत्नी और पुत्री के साथ झगड़ा न करें। मनुस्मृति 4/180 इन पर मिथ्या दोषारोपण करने वालों, इनको निर्दोष होते हुए त्यागने वालों, पत्नी के प्रति वैवाहिक दायित्व न निभाने वालों के लिए दण्ड का विधान है। मनुस्मृति 8/274, 389, 9/4

मनु की एक विशेषता और है, वह यह कि वे नारी की असुरक्षित तथा अमर्यादित स्वतन्त्रता के पक्षधर नहीं हैं और न उन बातों का समर्थन करते हैं जो परिणाम में अहितकर हैं। इसीलिए उन्होंने स्त्रियों को चेतावनी देते हुए सचेत किया है कि वे स्वयं को पिता, पति, पुत्र आदि की सुरक्षा से अलग न करें, क्योंकि एकाकी रहने से दो कुलों की निन्दा होने की आशंका रहती है। मनुस्मृति 5/149, 9/5–6 इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि मनु स्त्रियों की स्वतन्त्रता के विरोधी हैद्य इसका निहितार्थ यह है कि नारी की सर्वप्रथम सामाजिक आवश्यकता है –सुरक्षा की। वह सुरक्षा उसे, चाहे शासन–कानून प्रदान करे अथवा कोई पुरुष या स्वयं का सामर्थ्य।

उपर्युक्त विश्लेषण से हमें यह स्पष्ट होता है कि मनुस्मृति की व्यवस्थाएं स्त्री विरोधी नहीं हैं। वे न्यायपूर्ण और पक्षपातरहित हैं। मनु ने कुछ भी ऐसा नहीं कहा जो निन्दा अथवा आपत्ति के योग्य हो।

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 55-59
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

भारतीय रंगमंच में बहुआयामी भूमिका निभाती स्त्री रंगकर्मियों का रंग विमर्श

–शबनम

शोधार्थी, इण्डियन थिएटर, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़–160014

सार :–

रंगमंच में स्त्री की अहम भूमिका है। भारतीय रंगमंच में स्त्रियों द्वारा अभिनय के प्रति समाज के कुछ प्रांतों को छोड़ पूरा समाज लज्जा हीनता और घृणा का भाव लिए हुए था। घर से बाहर हर क्षेत्र में स्त्रियों को संघर्ष करना पड़ा और उसका भाग्य चार दीवारों के भीतर तक ही सीमित रह गया। जिसकी वजह से मंच पर अपना स्थान बनाने में स्त्रियों ने सर्वाधिक संघर्ष किया है। यह शोध–पत्र बहुआयामी भूमिका निभाती महिला रंगकर्मियो के संघर्ष का अध्ययन करेगा। यह भारत में रंगमंच के विकास के साथ–साथ समकालीन रंगमंच के दृश्य का एक ऐतिहासिक अवलोकन प्रदान करता है। यह इस बात पर भी विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है कि स्त्री की अस्मिता और पहचान को लेकर कई स्तरों पर वह अपने विचारों को किस प्रकार व्यक्त करती हैं?

संकेत शब्द – रंगमंच, आधुनिक रंगमंच, स्त्री की भूमिका, नाटककार, स्त्रीवादी आदि।

प्रस्तावना :–

सन् 1960 के बाद जब नयी चेतना का बोलबाला था तब एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में सामाजिक स्तर पर स्त्री चेतना भी जागृत हुई। जिसकी अभिव्यक्ति कई स्तरों जैसे सामाजिक परिदृश्य में, साहित्य में रंगमंचीय प्रस्तुतियों एवं मीडिया आदि में दृष्टिगत होती है। जैसे की हम जानते है कि रंगमंच के इतिहास में एक युग ऐसा भी था, जब स्त्री का मंच पर पांव धरना भी वर्जित था। और एक युग ऐसा भी आया, जब स्त्री खुले मन से रंगमंच पर विचरित हुई। कई नाटककारों ने स्त्री की भावनाओं, इच्छाओं और उनकी महत्वाकांक्षाओं को लेकर नाटक रचे। और समाज में पुरूष वर्चस्व एवं सामंतवाद समाज की विडंबनाओं का परिचय दिया। स्त्री के संघर्ष, रिश्तों की प्रतिकूलता और समाज की जकड़न से मुक्ति की ओर उसकी यात्रा, इन नाटककारों के नाटकों का अभिन्न विषय बनी। बीसवीं सदी के अंत तक रंगमंच में पुरुष कलाकार ही स्त्रियों की भूमिका निभाया करते थे। जैसे मराठी रंगमंच में 'बालगंधर्व' के नाम से प्रसिद्ध गायक एवं रंगमंच में स्त्री प्रतिरूपण के लिए प्रसिद्ध कलाकार थे। इसी प्रकार गुजराती रंगमंच में 'जयशंकर सुंदरी' के नाम से। प्रसिद्ध ऐसे कलाकार थे जिन्हें स्त्री पात्रों के अभिनय के लिए आदर्श और गौरव का प्रतीक माना जाता था।

नैमिचन्द्र जैन नें अपनी पुस्तक, 'रंग परंपरा' में कहा है, ''.....देश की अन्य भाषाओं के रंगमंच पर आम तौर पर बीसवीं शताब्दी के मध्य तक ही स्त्रियाँ नाटकों में काम करना शुरू कर पायीं। यहाँ तक कि महाराष्ट्र के पारंपरिक नाट्य तमाशा में शुरू से स्त्रियों की साझेदारी के बावजूद, आधुनिक मराठी रंगकर्म में भी स्त्रियों की भूमिकाओं में पुरुष का एकछत्र राज्य रहा।''

समाज के बाकी क्षेत्रों की तरह रंगमंच भी पुरुषों का ही क्षेत्र था। लेखन, अभिनय, मंचन और प्रस्तुति की प्रक्रिया में भी पुरुष ही प्रधान था। भारत में 50 के दशक के बाद से औपचारिक रूप से स्त्री ने रंगमंच पर प्रवेश किया। उसने सामाजिक, पारिवारिक, सांस्कृतिक मान्यताओं की चुनौतियों को स्वीकारा। रंगमंच एक ऐसा क्षेत्र है जहां काम का समय अनिश्चित होता हैं। और आर्थिक दृष्टि से भी कोई लाभ प्राप्त नही होता। इसके साथ सम्पूर्ण परिवार की, पति और बच्चों की जिम्मेदारी औरत की ही थी। उन्होंने जीवन एवं रंगमंच में भी दोहरी तिहरी भूमिकाएं निभाई। और फिर धीरे–धीरे अपनी पहचान बनाई। बीसवीं शताब्दी का आरम्भ ही नाट्य साहित्य के एक संपूर्ण नाट्य आंदोलन से हुआ हैं। स्वाधीनता आंदोलन में भागीदारी के कारण स्त्रियाँ राष्ट्रीय और सामाजिक स्तर पर सशक्त भूमिका में नजर आई हैं।

स्वतंत्रता के उपरांत भारतीय रंगमंच ने एक नई विचारधारा अपनाई और नयी कल्पनाओं और नयी सामाजिक समस्याओं के साथ, एक नये युग की ओर कदम रखा। उस समय कई नाटककार जैसे : बादल सरकार, विजय तेन्दुलकर, मोहन राकेश, गिरीश कार्नाड, सुरेंद्र वर्मा, बलवंत गार्गी और अन्य कई थे जिन्होंने स्त्री की इच्छाओं, भावनाओं और उनकी महत्वाकांक्षाओं को विषय बनाकर नाटक लिखे। उन्होने जिस स्त्री की व्याख्या की वह पुरुष प्रभुत्व से स्वयं के लिए विद्रोह करने वाली, अपनी इच्छाओं के लिए लड़ने वाली, अपना आत्मसम्मान हासिल करने वाली थी। मोहन राकेश ने नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' में 'मल्लिका' को भावमयी, त्यागमयी और निष्ठावान दिखाया गया है जो जीवन के कड़वे सच के परे, एक भावनात्मक दुनिया में चली जाती है। वह एक आदर्श औरत है जो अपने समर्पण एवं त्याग से प्रसन्न है। इसके विपरीत उन्होंने नाटक 'आधे अधूरे' में एक मध्यवर्गीय कामकाजी स्त्री के संघर्ष को प्रस्तुत किया हैं। जो घर से बाहर पूर्णता की तलाश में समाज की हिंसा का शिकार होती है और इसी कारण वे घर में नरक भोगने के लिए विवश है। मोहन राकेश ने 'सावित्री' को घर की कैद से मुक्त नहीं किया या फिर यह भी कह सकते हैं कि उसकी पुरुषवादी सोच के कारण वह उसे मुक्त करना नही चाहता? गिरीश कर्नाड ने 'हयवदन' में 'पद्मिनी' को व्यक्तिवादी और महत्वकांक्षी स्त्री के रूप मे के रूप में प्रस्तुत किया है। विजय तेन्दुलकर के नाटकों में स्त्री पात्र स्वतंत्र, स्वावलंबी और स्व–आग्रही हैं।

इन नाटककारों और इनके स्त्री पात्रों की तुलना जब स्त्री नाटककारों के पात्रों से करें तो कुछ अलग तथ्य सामने आते हैं। पुरुष नाटककार की स्त्री कहीं ज्यादा आक्रोश, आक्रामक और विद्रोही है जबकि स्त्री नाटककारों के पात्र विन्रम, सहानुभूति, शांत, संयमी और मानवीय हैं। यह विनम्र भाव से अपना विद्रोह व्यक्त करते हैं। मृदुला गर्ग का 'एक और अजनबी', मन्नू भंडारी का 'बिना दीवारों के घर', शांति मल्होत्रा का 'ठहरा हुआ पानी' नाटक इत्यादि के स्त्री पात्र इसका सशक्त उदाहरण है। सन् 1970 तक रंगमंच में औरतें बहुत कम थी और जो

थी उनकी आवाज कोई सुनना नही चाहता था। पश्चिम रंगमंच में सन् 1980 तक स्त्रियों की लगभग ऐसी ही स्थिति थी। वहां नारीवाद आंदोलन भी बहुत हुए हैं। इसी बीच हेंनरिक इब्सन के नाटक 'डॉलस हाउस' के पात्र 'नोरा' ने स्त्री की महत्वाकांक्षाओं को एक रूप दे दिया। 'नोरा' जो अपने पति के मुँह पर दरवाजा बंद करके घर से बाहर एक अनिश्चित भविष्य में कदम रखने का साहस करती है। 'नोरा' स्त्री लेखिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पात्र बनी। भारत में स्त्री रंगकर्मियो की परिवर्तन की प्रक्रिया सन् 1970 के बाद 1980 आसपास शुरू हुई थी। त्रिपुरारी शर्मा एक नाटककार, एक अभिनेता के साथ–साथ एक निर्देशक भी हैं। जिन्होनें अपने नाटकों में स्त्री की दशा और सामाजिक सरोकार को बयान किसा हैं। त्रिपुरारी शर्मा ने नाटक 'बहू' और 'एक पहेली' पर काफी चर्चा हुई। वह लिखती हैं – '' 'बहू' का किरदार ही मेरे रंगमंच के साथ रिशते को परिभाषित भी करता हैं। मेरी अभिव्यक्ति का माध्यम, रंगमंच ही है।'' त्रिपुरारी शर्मा ने हमारे समाज में औरतों की कड़वी सच्चाई को प्रस्तुत किया। नाटककार, अभिनेत्री और निर्देशक की भूमिका में एक साथ कार्यरत, अमाल अलाना लिखती है – ''ज्यादातर नाटककार पुरुष ही होते हैं। उन्होंने स्त्री की मनोभूमि में प्रवेश भी किया हो चाहे उनका संवेदनशील चित्रण भी किया हो परन्तु उनके नाटकों में पुरुष दृष्टि ही प्रमुख रहेगी।''

भारतीय रंगमंच में बहुआयामी भूमिकाएं निभाती स्त्री रंगकर्मियों ने रंगमंच के कई स्तर पर काम किया है। अनुराधा कपूर, अमाल अल्लाना, उषा गांगुली, त्रिपुरारी शर्मा, विजय मेहता, सुधा शिवपुरी सुषमा सेठ, सुरेखा सीकरी, उत्तरा बावकर, नादिरा बब्बर, हेमा सिंह, प्रतिभा अग्रवाल, संजना कपूर इत्यादि ऐसे स्त्री रंगकर्मी है जिन्होंने स्क्रिप्ट लेखन, अभिनय, निर्देशन, रंग शिल्प और मंचन में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है। सन् 2001 में एक नाट्य उत्सव 'पुर्वा' के आयोजन से इन स्त्री रंगकर्मियों की उपलब्धियों और विशेषताओं को पहचाने की एक सार्थक पहल की गई। इस उत्सव में कई एशियाई एवं भारतीय प्रसिद्ध रंगकर्मीयों ने विभिन्न भाषाओं में अपने नाटकों को प्रस्तुत किया था। अमाल अल्लाना ने मंच पर भव्य दृश्य एवं परिदृश्य को विभिन्न रंगों से सृजित किया। उन्होने स्त्री की पहचान उसकी आस्मिता और स्त्री–पुरुष के संबंधों आदि को लेकर कई स्तरों पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उषा गांगुली ने कथ्य को मंच पर नृत्य संरचना से अभिभूत किया। अनुराधा कपूर ने आधुनिक तकनीक, मल्टीमीडिया आदि का प्रयोग रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। कीर्ति जैन ने बड़ी सादगी एवं संवेदनशीलता से दर्शकों को बाधा। समस्त नाट्य प्रस्तुतियों में चाहे वे देशी थी या विदेशी सभी में एक बात समान थी उनके 'कथ्य का चुनाव', सभी कथाओं का केंद्र औरत की स्थिति, उनकी सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर के सच को प्रस्तुत करना था। उनके जीवन की विसंगतियों, विरोध, अवरोधों, घुटन, दर्द, कुंठा, असमानता और रूढ़ि छवि से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का चित्रण ये प्रमुख विषय थे। जो पुरूषों द्वारा चित्रित नाटकों से विभिन्न है। इनके नाटकों में उन समस्त स्त्रियों की छवियां निहित रहती हैं जो दूसरे क्षेत्रों में अपने होने को सिद्ध करने के लिए कठोर परिश्रम कर रही हैं। रंगमंच से जुड़ी रंगकर्मियों ने अपने परिवार और रंगमंच के कार्यक्षेत्र के बीच एक मजबूत संतुलन बनाया और रंगकर्म के क्षेत्र में अपनी नई पहचान एवं प्रतिष्ठा बनाई।

भारतीय रंगमंच में कुछ और स्त्री रंगकर्मियो ने अपनी अलग पहचान दी। मन्नू भंडारी, कुसुम कुमार, मृदुला गर्ग, शांति मेहरोत्रा, और मृणाल पांडे (हिंदी थिएटर), जमीला निशात (उर्दू थिएटर), वर्षा अदलजा

(गुजराती), अनुराधा कपूर, मंजुला पद्मनाभन (अंग्रेजी), त्रिपुरारी शर्मा (अंग्रेजी और हिंदी), कुसुम कुमार (हिंदी), गीतांजलि श्री (हिंदी), इरपिंदर भाटिया (हिंदी), रानी बलबीर कौर (पंजाबी), नीलम मानसिंह चौधरी (पंजाबी), बिनोदिनी (तेलुगु), बी.जयश्री (कन्नड़), शनोली मित्रा (बंगाली), उषा गांगुली (हिंदी), शांता गांधी (गुजराती), सुषमा देशपांडे (मराठी), वीणापानी चावला (मराठी), और कडसिया जदी (उर्दू) कुछ प्रमुख महिला नाटककारों में से हैं। उन्होंने अपने नाटकों में स्त्री दृष्टिकोण भी सामने रखा है और अपने पात्रों को नया रूप दिया है। रंगमंच की सुप्रसिद्ध अभिनेत्रियों ने भी इन नाटककारों द्वारा निरूपित स्त्री चरित्रों को विभिन्न अंदाज से मूल एवं अनुदित रूप से प्रस्तुत किया है। उनमें कुछ मुख्य नाम हैं – सुधा शिवपुरी, उत्तरा बावकर, सुरेखा सिकरी, रोहिणी हतंगड़ी, सीमा बिसवास। कई रंगकर्मियों ने इन नाटकों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद कर विश्व भर में इसका सफल प्रदर्शन किया है।

उपसंहार :–

इस परिदृश्य में, जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, महिला रंगकर्मियो के प्रयासों ने समाज में जो बदलाव लाये है यहां भी चर्चा के लायक है। आज के रंगमंच में औरतों ने स्क्रिप्ट लेखन, अभिनय, निर्देशन मंचन, शैली, शिल्प सभी क्षेत्रों में अद्‌भुत कार्य किया है। अपना एक विशेष स्थान बनाया है। कई तरह के नए–नए प्रयोग किये हैं। रंगमंच भी नई शैलियों का लिया है और लोक मंच की शैलियों को भी प्रयोग में लाया गया। औरतों ने रंगमंच पर औरतों के स्टीरियोटाइप को तोड़ा। उसे रूढ़ी छवि से बाहर निकालकर उसे बहुआयामी पहचान दी। उनका रंगमंच के प्रति अलग दृष्टिकोण था। उन्होंने नाटक की संरचना में पात्रों की शिल्प और रंगमंच प्रस्तुति की पुरानी मान्यताओं से आगे, इनको एक नई भूमिका में प्रस्तुत किया है। इनकी संरचना एक तरफा नहीं है कई अभिव्यक्ति की धाराएं साथ आती हैं और अदृश्य हो जाती हैं। इन्होने रंगमंच की एक नई भाषा का इन्होंने अविष्कार किया। स्त्री रंगकर्मियों ने रंगमंच को एक नई पहचान दी। नाटकों की कथा के तथ्यों का चुनाव इस प्रकार से किया जो औरत के जीवन से संबंधित हो। इनके कारण अभिनेता और निर्देशक के संबंधों में बदलाव आया। एक रंगमंच का अपना दर्शक वर्ग बना। स्त्री रंगकर्मियों ने कई नए प्रयोग किए। पुरुष वर्चस्व के समांतर रंगमंच में स्त्री वर्चस्व की स्थापना हुई।

स्त्रीवादी रंगमंच महिला पात्रों पर केंद्रित है और स्त्रीवादी नाटक, रिश्ते, भाईचारे, कामुकता और स्त्री स्वायत्तता के विषयों की पड़ताल करता है। इसने जीवन के पुरुष–केंद्रित दृष्टिकोण और पुरुष–प्रधान विमर्श पर सवाल उठाया। नारीवादी रंगमंच का लक्ष्य सशक्तिकरण है। यह महिलाओं को अपनी आवाज देने में सक्षम बनाता है। विभिन्न परिप्रेक्ष्य से देखे तो, इनके नाटकों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है, कट्टरपंथी विचारधारा से हटकर समाज में महिला नायिका का निर्माण करना। जहाँ एक महिला अपनी पहचान और सम्मान की जगह स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। उनकी महिला आधुनिक सोच की उपज हैं। जो अपनी इच्छाओं को हासिल करने के लिए विद्रोह करती है, वह पुरूष प्रधान समाज के दृष्टिकोण को ध्वस्त कर देना चाहती है।

समकालीन रंगमंच की स्त्री रंगकर्मी कलाकारों पर कोई सामग्री प्राप्त नही होती। केवल एक–दो कलाकारों पर ही पुस्तकें थी और जो जानकारी उपलब्ध है, वह भी अंग्रेजी में। हिन्दी में ऐसी कोई पत्रिका एवं

पुस्तक नही जो हमें रंगमंच में स्त्री के योगदान पर एक पूरा परिदृश्य प्रस्तुत कर सके। मैं चाहती हूँ कि मेरे काम की परख एक व्यापक दृष्टि से रंगमंच में स्त्री की भूमिका के तहत हो। जो किसी विद्यार्थी को भविष्य में जानकारी उपलब्ध करा सको। अंत में हम यही कहेंगे कि स्त्री ने अपने जीवन के अंधेरे सच की कई परतों को खोला है वहीं उनकी उपलब्धि और विशिष्टता हैं।

संदर्भ सूची :-

1. नैमिचन्द्र जैन, रंग परंपराः भारतीय नाट्य में निरंतरता और बदलाव, वाणी प्रकाशन, दिल्ली 1996
2. रंग प्रसंगः अप्रैल–सितम्बर, 2010 में प्रकाशित, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, दिल्ली 2010
3. नटरंग, भारतीय रंगमंच का त्रैमासिक पत्रिका, खण्ड 20, 2006, संपादक : अशोक वजपायी एवं रश्मि वाजपायी,
4. डॉ. रीतारानी पालीवाल, रंगमंचः नया परिदृश्य, वाणी प्रकाशन 2018
5. डॉ. वैशाली देशपांडे, स्त्रीवाद और महिला उपन्यासकार, विकास प्रकाशन
6. मिथिलेश गुप्ता, मोहन राकेश की कृतियों मे स्त्री–पुरूष संबंध
7. Aston Elaine, An Introduction to Feminism and Theatre, London, Routledge, 1995.

फोन न. 9478582110, Email: shabnamsunny08@gmail.com

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 60-68
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

भारतीय नारी का बदलता स्वरूप समकालीन हिन्दी कहानियों में

–डॉ. सूसन अलक्स

असिसटेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, सरकारी कॉलेज, कोट्टयम, केरल

समकालीन हिंदी कहानी नारी की स्थिति को लेकर बदलाव की स्पष्ट अवधारणा प्रस्तुत करती है। समाज व साहित्य का संबंध गहरा होने के नाते कहानी साहित्य भी नारी की बदलती सामाजिक स्थिति के प्रति जागरूक दिखती है। हिंदी कहानी की लंबी यात्रा के दौरान अनेक महिला रचनाकार उभरीं जो अपनी रचनाओं के माध्यम से समसामायिक नारी की बदलती मन:स्थिति को उजागर करने में सक्षम रहीं। संपूर्ण विश्व भूमंडलीकरण से उत्पन्न सांस्कृतिक बदलाव से गुज़र रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। उत्तराधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में भारतीय नारी भी अपने अस्तित्व की तलाश करती दीखती है। आधुनिकता के आगे समकालीन युगबोध ही नारी अस्मिता की तलाश को वाणीबद्ध करने में सक्षम है। देश की सामाजिक , सांस्कृतिक परिस्थिति में नारी जीवन में भी आमूल परिवर्तन दृष्टिगोचर है। ऐसी परिस्थिति में अपनी अस्मिता को तलाशते नारी जीवन की आशा- आकांक्षाओं को अपनी रचनाओं में उकेरने को समकालीन महिला कहानीकार अपनी प्रतिभा दिखाती है।

उत्तराधुनिक विचारसधारा के अंतर्गत परिस्थिति, दलित व नारी विमर्श उभर आये। हाशियेकृत समूहों की स्वत्व की खोज ही उत्तराधुनिक विचारधारा का आधार है। व्यक्ति का जीवन बहुत हद तक समाज की रीति रिवाज़ों से बंधी है। सभ्यता और संस्कृति के विकास क्रम अपना 'स्पेज़' ढूँढती नारी की विह्वलताएँ और विवशताएँ उभारने में नारी लेखन की विशेष भूमिका है। संसार भर में नारी मुक्ति आंदोलन स्त्री जाति की उन्नति व विकास की अनेक योजनाओं में कार्यरत है। हर देश की परिस्थिति के अनुसार नारी जीवन की स्थिति में भिन्नता है। भारतीय नारी मुक्ति आंदोलन पाश्चात्य जगत के आंदोलनों से सर्वथा भिन्न है। हमारे देश में संविधान पुरुष और स्त्री को समान अधिकार प्रदान करता है। नारी को कानूनी संरक्षण भी प्राप्त है। लेकिन सामाजिक अंतर्धाराओं और अंतर्विरोधों में जकड़ी होने से नारी को वह सामाजिक अधिकार प्राप्त नहीं है जिसका वह अधिकारी है। इसलिए उसे अपने अधिकारों के लिए पुरुष समाज से भिड़ना पड़ता है। देश का वास्तविक विकास तभी संभव है जब पुरुष व नारी कंधे से कंधा मिलाकर विकास के मार्ग में अग्रसर रहें। अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष 1975 के अवसर पर प्रसारित अपने संदेश में श्रीमति इंदिरा गाँधी का वक्तव्य इस ओर इशारा करता है- 1. **"नारी स्वतंत्रता भारत के लिए विलासिता नहीं है, अपितु राष्ट्र की भौतिक, वैचारिक व आत्मिक संतुष्टि के लिए अनिवार्य बन गई है।"**

दुनिया भर नारीवादी आंदोलनों के इतने कार्यकलापों के बावजूद भी हमारे देश में सामान्य जनता या तो इन सब से अनभिज्ञ है या तटस्थ है। डॉ. बबनराव बोडके के मत में 2. **"स्त्री विमर्श अथवा नारीवाद पुरुष और स्त्री के बीच नकारात्मक भेदभाव की जगह स्त्री के प्रति सकारात्मक पक्षपात की बात करता है। वस्तुत इस रूप में देखा जाए तो स्त्री विमर्श अपने समय और समाज के जीवन की वास्तविकताओं को तथा संभावनाओं को तलाश करनेवाली दृष्टि है। यह दृष्टि एक ओर संपूर्ण सामाजिक जीवन को देखने और रचने का माध्यम बनाती है, तो दूसरी ओर साहित्य में जीवन की जटिल वास्तविकताओं और अनुभूतियों की शक्ति भी है।"**

स्त्री विमर्श के साहित्य में महिला लेखिकाओं की ही भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वानुभवों के साथ दूसरों के अनुभवों को सहज रूप से समझने में लेखिकाएं सक्षम हैं। साधना अग्रवाल जी का मत इस अवसर पर महत्वपूर्ण है- 3. **"महिला होने के नाते स्त्री वर्ग की कठिनाइओं को लेखिकाओं ने सहज स्वाभाविक रूप से पकड़ा है और निसंकोच उसकी अभिव्यक्ति की है"।**

भारतीय सामाजिक जीवन धार्मिक, जातीय जैसी भिन्न भिन्न श्रेणियों में विभक्त है। भारतीय परिवार अपने सांस्कृतिक बंधनों में इस तरह जकड़ा है कि बड़े बूढ़े लोग रूढ़ियों से अपने को हटने नहीं देते। शिक्षा के प्रचार प्रसार से नारी अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। लेकिन पुरुष वर्चस्ववादी समाज सामंती मानसिकता से मुक्त नहीं हो पा रहा है। पाश्चात्य संस्कृति से परिचय, शिक्षा का प्रभाव, औद्योगीकरण, बदलती आर्थिक, सामाजिक परिस्थिति आदि के कारण पारिवारिक ढ़ांचे में भी आमूल परिवर्तन हो रहा है। नारीवादी साहित्य बदलते हुए जीवन मूल्यों को मानवीय स्तर पर प्रतिष्ठित करता दीखता है। इसमें मानवीय विसंगतियों का खुलासा है। नव पूंजीवाद, भूमंडलीकरण और उदार बाज़ार व्यवस्था ग्रामीण जीवन को भी बदल डाला है।

जीवन की इन बदलती परिस्थितियों की नब्ज़ पकड़कर महिला लेखिकाएँ अपनी रचनाओं में उन्हें उकेरने में सक्षम दीखती है। कोई भी साहित्यक रचना वास्तव में तत्कालीन युगबोध का परिचायक है। सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परिवेश मानव जीवन को प्रभावित करता है। समकालीन मानव जीवन समसामायिक जटिल परिस्थितियों से आबद्ध है। स्वातंत्र्योत्तर भारतीय जनजीवन गाँधीवादी आदर्श से अपने को बिलकुल अलग पाता है। समाज में भ्रष्टाचार ही अब आदर्श है। नयी आर्थिक व्यवस्था में पूरी दुनिया एक बाज़ार है। इस विश्व बाज़ार में सब कुछ बिकाऊ है। ज्ञान- विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के विकास से सारी दुनिया आज एक 'क्लिक' में सिमट गई है। घर के अंदर बैठकर इंटरनेट के माध्यम से खरीदारी और बिक्री आज संभव है। दुनिया की दूरियाँ मिट गई हैं। लेकिन मानव-मानव में आपसी दूरियाँ बढ़ गईं। मानव अब यंत्रवत जीवन जीने केलिए विवश है। यांत्रिकता की इस भागदौड़ में मानवीय मूल्य नष्ट होते जा

भारत की सांस्कृतिक धरोहर प्राचीन है। प्रौद्योगिकी के विकास क्रम में देश की भौगोलिक सीमाएँ जैसे मिट रही हैं। पूरे विश्व में बाज़ारवादी संस्कृति का फैलाव है। इस नई व्यवस्था में हर कोई या तो खरीददार है या बिक्री की चीज़। ऐसी स्थिति में नारी जीवन दुगने संकट में है। मध्यकालीन विलासिता के फलस्वरूप भारतीय नारी भोग की वस्तु रह गई थी। स्वतंत्रता आंदोलन के समय नारी का आदर्श रूप सामने आया जो देश की स्वतंत्रता के लिए मर मिटता है। स्वातंत्र्योत्तर परिस्थिति में शिक्षा के माध्यम से नारी पढ़ी लिखी हुई और कामकाजी बनी पर उसके पैरों मे पुरुषसत्तात्मक समाज द्वारा डाली अनदिखी बेड़ियाँ हैं। नारी क्या करे, क्या पहनें, क्या बोले इसका निर्धारण समाज के ठेकेदार करते हैं। एक हद तक उसे आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त है। आज भी अगर कोई नारी अकेली रहना पसंद करती है तो समाज उसे शक की दृष्टि से देखता है। समाज नारी का शरीर मात्र देखता है, उसके मन और आत्मा को नज़र अंदाज़ करता है। नारी जीवन संक्रमण काल से गुज़रता दीख पड़ता है। इस संदर्भ में डॉ.हरदयाल का कथन उल्लेखनीय है- 4. **"भारतीय समाज ने अपनी मध्यकालीन स्थिरता और स्तब्धता को तोड़कर जैसे ही आधुनिक काल में प्रवेश किया है, वैसे ही उसी क्षण से भारतीय जीवन निरंतर बदलता जा रहा है, उसका परिवेश बदलता रहा है। इस परिवेशगत बदलाव ने भारतीय जीवन के हर अंश को प्रभावित किया है।** ... जब हमारे देश ने मध्यकालीन परिवेश से आधुनिक परिवेश में प्रवेश किया तो मध्यकालीनता और आधुनिकता के बीच द्वंद्व उत्पन्न हुआ, हम संक्रमण की स्थिति से गुज़रे।"

नारी शिक्षित हो या अशिक्षित, उसे शोषण का शिकार होना पड़ता है। पुरुष अपनी नारी दोस्त से खुलकर बर्ताव करता है, उसकी स्वतंत्रता की ड़ींग मारता है, पर पत्नी को घर के अंदर दबाकर रखना पसंद करता है। नारी को परिवार और समाज के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान देना पड़ता है। वह खुद अपनी एक पहचान बनाने के लिए विवश दीख पड़ती है। आज की नारी घर के चार दीवारों के अंदर अपने को बंद रखना नहीं चाहती है। वह ठोस यथार्थ से जूझकर परिवार और समाज में अपने लिए एक 'जगह' को तलाशती है। डॉ. गीता सोलंकी लिखती है- 5.."**आज की नारी भावनाओं के धागों में ख्वाबों के मोती पिरोकर ज़िंदगी जीना नहीं चाहती। वह चाहती है एक ऐसा ठोस धरातल और यथार्थ दृष्टि जो उसके भविष्य को सुरक्षा प्रदान कर सके। 'पति देवो भव:' की आदर्शवादिता से दूर वह अब परिवार और समाज में अपना अस्तित्व खोजने लगी है।**" समसामायिक हिंदी कहानी नारी की अस्मिता की तलाश में उसके साथ निभाती दृष्टिगोचर है। स्त्री की स्थिति को लेकर स्पष्ट बदलाव कहानी साहित्य में परिलक्षित है।

बदलाव की दहलीज़ पर खड़ा नारी जीवन : चंद्रकांता की कहानियों में

हिंदी कथा साहित्य के विशाल पट पर चन्द्रकांता जी ने अपनी अमिट छाप छोड़ी हैं। अपने विशाल रचना संसार द्वारा उन्होंने मानव मन की विह्वलताओं को , विशेष्कर नारी जीवन की आशा- निराशा और आकांक्षाओं को बखूबी उभारा है। मानव अधिकारों के प्रति उनके समान उनके पात्र भी सचेत हैं। समसामायिक जीवन की ज्वलंत समस्याओं को उभारने में चन्द्रकांता जी विशेष रूप से सक्षम है। प्रतिष्ठित व्यास सम्मान सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त चन्द्रकांता जी की कुछ रचनाएँ विविध भाषाओं में अनूदित है।

3 दिसंबर 1938 को श्रीनगर कश्मीर में जन्मी चन्द्रकांता जी ने अनुभव किया कि युद्ध तथा सामाजिक – राजनैतिक दुर्व्यवस्था नारी जीवन को ही ज़्यादा बेबस बनाती है। नारी ही इसके शिकार होती है। उनकी कहानियाँ अंधविश्वास, आतंकवाद और रूढ़ी मान्यताओं के विरुद्ध आवाज़ मुखरित करती है। ये कहानियाँ संकुचित विचारों से ऊपर उठकर संपूर्ण मानवता के पक्षधर होकर मूल्यों और मानव अधिकारों की पुन: स्थापना पर बल देती है। वैश्वीकरण की इस अंधी दौड़ में नारी सोच में आए बदलाव को उजागर करनेवाली ये कहानियाँ नारी की गहन आंतरिक शक्ति का भी परिचायक हैं। यहाँ विचार के लिए 'अलकटराज देखा' और 'दहलीज़ पर न्याय ' कहानियाँ चुनी गई है।

अलकटराज देखा

यह छवि की कहानी है जो यूनिवर्सिटी में बेस्ट गर्ल का खिताब पाई लड़की है, ए ग्रेड होल्डर, सुन्दर और स्मार्ट। एक्स्ट्रा करिक्यूलर एक्टिविटीज़ , ड्रामा, डिबेट, खेल के मैदान में, कहाँ नहीं थी वह। आज अपने पति रवि के साथ सैनफ्रेंसिस्को में आकर वह खुद को अलकटराज की जेल के उम्र कैदी के बराबर पाती है।

छवि सोचती है कि इस शहर में रात बाहर है या भीतर। भीतर स्याह अंधेरा है और बाहर रोशनी का आलम। खूबसूरत परदों से ढके- मूँदे बेडरूम में झिर्री भर जगह नहीं कि हवा का नन्हा झोंका भी भीतर घुसने की हिम्मत करे। छवि को बंद कमरे में नींद नहीं आतीं। सांसें रुकने लगती है। जब वह अपने देश में थी तब घर में खिड़कियाँ खोलकर सोने की आदत थी। लेकिन वह नींद और सपने बाकी न रहे। छवि को अब चैन नहीं है, 6.**"एक देश है जो सालता रहता है, एक तिलमिलाहट, जो भीतरी रसायन में खलबली मचा उसे बेकरार करती रहती है।"**

छवि धीरे से उठकर परदा सरका देती है। यहाँ से नज़र की ओट, सागर के बीच, अलकटराज का द्वीप है, उम्र- कैदियों का अंतिम रिहायश, जहाँ चौबीसों घंटों काली रात आवाज़ाही करती रहती है। एक बार छवि गई थी मिसेज़ संघू के साथ अलकटराज की जेल देखने। छवि को लगता है, वह सैनफ्रेंसिस्को शहर के बंगले में नहीं, अलकटराज के टापू में उम्र कैद काट रही है।

रवि के साथ उसकी शादी कराके माँ- बाप खुश हैं। वे सोचते हैं कि बेटी खुशकिस्मत है, रवि जैसा साथी मिला है उसे। छह फुटा हैंडसम जवान, होनहार, सुलझा हुआ। कइयों से रवि के बारे में पता लगाया। सभी ने अनुकूल उत्तर दिया। यानि कि दुनिया भर की नियामतें छवि की झोली में आ गिरी है। पापा ने निष्कर्ष निकाले कि रवि को पाते ही वह पीछे मुड़कर देखना भूल जाएगी। और उस पोनीटेलवाले कवि रघु की कविताई भी। एक बार स्टेज पर छवि शकुंतला बनी और दुष्यंत बना वह लंबे बालोंवाला रघु। वहीं से आपसी मेल- मुलाकातें बढ़ीं। माँ -बाप चिंतित हुए। रघु छवि को क्या दे पाएगा। पापा ने बेटी के लिए बड़े सपने देखे थे। रघु पी. एच. डी के लिए दिल्ली चला गया और छवि को उसकी खाली जगह का सूनापन महसूस होने के पहले मंच पर रवि का अवतरण हो गया। रवि ने कहा कि वहाँ औरत- मर्द दोनों के हक बराबर है, वह चाहे आगे पढ़ाई करे ,या जॉब करे , उसकी मर्ज़ी। आखिर छवि राज़ी हो ही गई।

पन्द्रह दिन रवि उसे शहर दर शहर घुमाता रहा। वे दिन हवा के पंखों पर सवार थे। हनीमून बीता भी नहीं कि उसके भीतर नई हलचलें जन्म लेने लगी। रवि बहुत खुश हुए। एक छोटा सा 'गेट टुगेदर' रखा घर में। चार जोड़ी करीब दोस्तों को बुलाया। इसी बीच रवि के खास दोस्त कमल का जिक्र हुआ जो पार्टी में उपस्थित न था। कुछ दिन बाद कमल से मुलाकात हुई। दुबला जिस्म, लड़कीनुमा गोरा-शर्मीला सा चेहरा। कमल के आने से रवि में अजीब सी तब्दीलियाँ आने लगी। छवि से दूरी बढ़ने लगी। घर में हर जगह कमल नज़र आने लगा। ऑफिस में देर रात तक रवि- कमल व्यस्त रहते। परमजीत ने समझाया कि कमल रवि की कमज़ोरी है। तुम्हें उसकी आदत डालनी होगी। छवि पूछ बैठती है कि फिर रवि ने शादी क्यों की। उसने कहा, 7. **"छवि, यह सैनफ्रेंनसिस्को नगर है, ए फ्री कंट्री। कुछ भी गलत नहीं। रही शादी की बात, तो रवि एक्सपेरिमेंट करना चाहता है कि शायद वह गृहस्थ जीवन पसंद करे या शायद पिता बनना चाहता है। है तो मेल शोवनिस्ट ही। पुरुष की प्रकृति को समझना भई, मुझे तो आसान नहीं लगता, पर यह मान लो, वह कमल को छोड़ नहीं सकता।"**

छवि के भीतर तूफ़ान उठा, कि रवि ने उसे 'गिनिपिग' बनाया है। एक्सपेरिमेंट। पिता होने का प्रमाण पाने के लिए। छवि की सहनशक्ति जवाब दे गई। वह कहती है, 8. **"मुझे मेरे प्रश्नों का उत्तर नहीं मिलेगा तो, मैं तुम्हारे पिता होने का सपना नहीं होने दूँगी। मान लो कि मैं गिनिपिग नहीं हूँ"** । छवि की आवाज़ में जाने कैसी चुनौती थी कि रवि ने खुद को अपराधी महसूस किया। छवि का यह रूप वह पहली बार देख रहा था। रवि ने आग्रह किया कि छवि ऐसा कोई कदम न उठाए कि बच्चा नष्ट हो। जेल से भागनेवाले उम्रकैदी की जीवनेच्छा और साहस को अपने मन में बटोरकर एक निर्णय लिया कि कोख में पलते नन्हे जीव को जन्म देने के लिए इंतज़ार करना था। वह उसका अपना अंश था। नन्हीं बेटी कोयल के जन्म के तीनेक महीने बाद छवि रवि को शादी के कॉण्ट्राक्ट से आज़ाद करके अपना जीवन अपने ढंग से जीने का निर्णय लेती है। रवि ने एलिमनी में छवि को अपना बंगला दिया। बच्ची को छवि के पास छोड़ने पर मज़बूर हुआ। छवि अब बेडरूम की खिड़कियाँ खोलकर अलकटराज का द्वीप देखती है। अब यह उसे डराता नहीं, क्यों कि अब वहाँ कोई कैदी नहीं रहता।

दहलीज़ पर न्याय

यह रुक्की की जीवन गाथा है जो अपने बच्चे के वास्ते अपना न्याय खुद निर्धारित करती है। समाज व धर्म के नाम पर चलती रूढ़ियों के खिलाफ़ वह अपने अधिकार और न्याय के लिए लड़ने में ज़रा भी हिचकती नहीं।

रुक्की की शादी के पाँच साल बाद ही उसकी कोख हरी हुई। काकी माँ का आग्रह था कि छोरे को महंत के पास ले जा। माथे पर हाथ फेर देगा। महंत ने बच्चे को घूरते हुए ,सख्त आवाज़ में रुक्की से कहा 9 **"देवी माँ को तेरे बच्चे की ज़रूरत है।"** उसकी बलि देगी तो दस गबरू जनेगी। लेकिन रुक्की ने आगे की बात न सुनी। उसकी देह तो देह आत्मा तक काँप उठी थी। वह घर लौटकर चुप्पा- गूँगी हो गई। लेकिन गाँव भर में दबी- दबी आवाज़ें उभरने लगी थी, महंत की बात। उसका पति राधे तो पत्थर हो गया था। रुक्की के पेट में चीरा लगाकर बेटा जन्मा है। डॉक्टरनी कह गई थी कि दूसरा बच्चा नहीं होगा। राधे ने जब यह बात महंत से कहा तो उसकी आँख क्रोध से लाल हो गई। वह दांत पीसकर बोला, 10. **"डॉक्टरनी देवी से ज़्यादा जानती है। बच्चे की उम्र एक माह एक दिन लिख गई है धर्मराज के बही खाते में। इसे पत्थर की लकीर समझो।"**

राधे समझाते, पाँव पकड़ते हार गया, लेकिन महंत का दिल न पसीजा। गाँव के बड़े –बूढ़े भी प्रकारांतर से महंत की बात का समर्थन करने लगे थे। रुक्की किसी को न समझा सकी। राधे जान गया कि महंत अपनी ज़िद पूरा करके ही रहेगा। कितने तो गुंडे पाल रखे हें। देवी के नाम पर उसका बच्चा बलि चढ़ेगा और वह अपनी आँखों से यह अत्याचार देख न पाएगा। राधे उसी दिन गाँव छोड़कर भाग गया।

रुक्की अकेली पड़ गई। लेकिन वह हार माननेवाली नहीं थी। वह न्याय के दरवाज़े खटखटाने की हिम्मत जुटाती है। वह पुलिस –दरोगा के सामने सारा कच्चा –चिट्ठा खोलकर रख देगी। गाँव में कोई भी महंत के खिलाफ़ एक शब्द भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। लेकिन रुक्की अड़ गई। यह रुक्की का अपना मामला है। सूर्य उगने से पहले वह पुलिस चौकी पर पहूँच गई थी। पुलिसवालों से उसे अच्छा व्यवहार नहीं मिला। घंटे भर में दारोगा वर्दी में आ गया। रिपोर्ट पढ़ने के बाद थानेदार ने पूरे गाँव में आदमी दौड़ाए। लेकिन कोई भी गवाही देने केलिए तैयार नहीं हुआ। रुक्की खून का घूँट पीकर रह गई। उसने अपना मन पक्का कर लिया। वह मन में निश्चय करती है, 11. " **वह अकेली लड़ेगी। बिलकुल अकेली। वह न्याय केलिए लड़ेगी। मरना होगा तो इंसाफ़ की देहरी पर सिर फोड़कर मरेगी।** दारोगा ने उसे रात भर रोके रखने की हिदायत की। रुक्की का दिल बैठ गया। लच्छू पुलिस बार-बार पूछता कि आराम से तो हो रुकमिनी, अपने दारोगा साहब की बड़ी ताकत है, उन्हें तू ज़रा खुश कर दे, बस। बाकी समझ ले कि न्याय आपे चलकर तेरे दरवाज़े पर खड़ा हो जाएगा। लेकिन रुक्की इस तरह न्याय लेने के पक्ष में नहीं थी। उसकी पहलवानी यहाँ किस काम की, उसको दिमाग से काम लेना पड़ेगा। वह वहाँ से किसी न किसी प्रकार खुद को बचाकर भाग निकली। भागते- भागते पानी के लिए एक घर का दरवाज़ा खटखटाया। वहाँ की स्त्री से सरदार अतरसिंह के बारे में जान गई। अपने बच्चे के साथ रुक्की वहाँ पहूँच जाती है। उसने बताया कि वह काम माँगने आई है। वह कहती है,12 **"लेकिन कोई गलत काम नहीं करूँगी.....मैं वह काम नहीं करूँगी जो मर्द लोग औरत को मज़बूर समझकर कराते है।"** उसके इस कथन में उसका चरित्र साफ़ खुलता है।

रुक्की को वहाँ काम मिल गया। महीना भर उसने काम किया, जी- जान से । सरदार ने उसकी दुख गाथा सुनी और कहा कि वह उसे किसी बड़े वकील से मिलाएगा। महंत को सज़ा दिलाएगा और बच्चा 'कन्हैया' को न्याय दिलाएगा। एक दिन अचानक शहर से तार आया- सरदारनी के पिता बीमार है, वह घर –बार रुक्की को सौंप शहर चली गई। इसी बीच सरदार को सर्दी हो गई। रुक्की पानी लाने गई तो सरदार ने मतलब की बात कही। रुक्की आसमान से धरती पर गिर पड़ी। सरदार ने बच्चे को दाएँ हाथ से उठाया और बाएँ हाथ से रुक्की को अपनी तरफ़ खींच लिया। सरदार ने धमकी दी कि ज़्यादा चूँ- चपड़ की तो इस मरियल पिल्ले को धरती पर पटक दूँगा। रुक्की ने पल भर में चेहरा मुलायम बनाकर अपनी बाँह छुड़ा दी। सधे कदमों से चौके में गई। वहाँ से मीट काटनेवाला छुरा लाकर सरदार के पीछे खड़ी हो गई। रुक्की पर भूतनी सवार हो गई। उसने सरदार की बाँह में बत्तीसों दाँत गड़ा दिए और बच्चे को उसके हाथ से खींचकर परे लुढ़का दिया। सरदार की चीख जब तक संभले, वह फुरती से उसकी छाती पर चढ़ बैठती। छुरी की नोक सरदार के गले पर थी और ज़रा भी हिलने से उसकी सांस की नली काट सकती थी। सहसा रुक्की ने अपना हाथ पीछे खींच लिया। सरदार का सिर पलंग की पाटी पर मारकर अलग हट गई। थर्राती आवाज़ घर के सूने कोने अंतरों को हिलाने लगी। रुक्की कहती है, 13. **"जेहल-फाँसी से तुझ जैसे धर्मी-कर्मी ही डरते हैं, शरीफ़ज़ादे। मैं ते तुम्हारे कानून से डर गई। कल्ल के जुर्म में मुझे फाँसी मिल जाती तो शायद मेरा इंसाफ़ हो जाता रे पापी, पर मेरे इस कलजुगी कन्हैया के साथ कौन इन्साफ़ करता।"** वह अपने लिए न्याय की दहलीज़ खुद निर्धारित करती है।

आशा प्रभात जी की कहानियों में चित्रित नारी जीवन

आशा प्रभात जी लेखिकाओं में अपना विशेष स्थान बरकरार रखती है। उनकी रचनाएँ स्त्री जीवन का खुला दस्तावेज़ है। उनके साहित्य में बदलती भारतीय नारी का पूरा चित्र सामने आता है। वैचारिक दृष्टि से बदली यह नारी समाज में एक नया दृष्टिकोण पैदा करने का भरसक प्रयास करती दीखती है। विचार केलिए आशा प्रभात जी की चार कहानियाँ चुनी गयी हैं जो उनके 'कैसा सच' संग्रह में संग्रहीत है।

कैसा सच

सुबह –सुबह रमन भैया आकर कह गया कि परसों माँ आ रही है। गाँव से उनका छोटा भाई आया है खबर लेकर। यह खबर सुनकर चाहिए यह था कि वह खुशी से उछाल पड़ती लेकिन मन में उत्साह का कोई हल्का सा आभास भी नहीं हुआ। स्वाती के मन में अपराध करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया एक अपराधी का जैसा विचार उमड़ रहा था।

स्वाती को यहाँ महानगर दिल्ली में आये चार वर्ष हुए। इतने वर्षों के बीच माँ से उसका कोई संपर्क नहीं था। न कोई चिट्ठी ,न फोन। लेकिन उसे अपने गाँव, भाई और माँ की याद बराबर आती थी। वहाँ की खोज- खबर वह रमन भैया से लेती थी जो पड़ोसी गाँव में रहता था। साल में वे एकाध बार गाँव हो आते और माँ की खैरियत की खबर ले आते। जब उसके पिता की मृत्यु हुई थी तभी से मां गुस्सैल और ज़िद्दी रहने लगी। बिना कसूर दोनों भाई-बहनों को डाँटती, फटकारती। अपने कृश शरीर को फिर भूखा रहकर सज़ा देती।

मध्यकाल में उत्तर भारत पर मुसलमानों के आक्रमण लगातार होने से मानव जीवन की स्थिरता नष्ट हो रही थी। विदेशों से आये हुये श्रृंगारिक एवं भोग–विलास–प्रधान वातावरण का समावेश भारतीय संगीत में होने से संगीत की पवित्रता समाप्त होने लगी। देश एवं जनता के चरित्र में अज्ञानता, विलासिता एवं दुर्गुणों का प्रवेश होने लगा। यद्पि कुछ मुसलिम सुलतान संगीत प्रेमी भी थे। मुसलिम नारियां भी संगीत प्रेमी थी, पर वे सार्वजनिक रूप से संगीत समारोहों में भाग नहीं लेती थी। मुसलिमों के आने से पर्दा प्रथा का प्रवेश भारत में

हुआ। इस प्रथा ने भारतीय नारियों की स्वतन्त्रता में रूकावट डाली। अतः भारतीय नारियों की संगीत शिक्षा एवं संगीत विकास रूक गया। विदेशी संगीत का प्रभाव भारतीय संगीत पर पड़ रहा था। कव्वाली, गज़ल, ख्याल, ठुमरी आदि प्रचलित हो गये थे।

मुगल राज्य के द्वितीय चरण में संगीत का उत्कर्ष प्रारम्भ हुआ। जिसमें महिलाओं में उत्कृष्ट योगदान दिया। ग्वालियर के महाराजा मानसिंह की पत्नी रानी मृगनयनी, जिन्होंने संगीत के उत्थान में जो योगदान दिया, उसके प्रमाण आज भी मौजूद है। बैजू बावरा मानसिंह के दरबारी गायक थे। उनसे रानी मृगनयनी संगीत शिक्षा लेती थी। गूजरी तोड़ी, मंगल गूजरी राग रानी मृगनयनी के नाम पर ही बने। इन्हीं के कारण अन्य नारियां भी गाने बजाने में प्रवीण थी।

इसी प्रकार अकबर काल में उनके दरबार के महान रत्न तानसेन ने भारतीय संगीत की अभिवृद्धि के लिये बहुत प्रयत्न किया। स्वामी हरिदास, सूरदास, बैजू, तानसेन आदि अनेक महान संगीतज्ञों के नाम है, जिन्होंने संगीत की साधना द्वारा अपना नाम अमर कर लिया। प्राचीन काल से ही नारियां संगीत की साधना करती आ रही हैं, परन्तु उनके नामों का उल्लेख बहुत कम वर्णित हुआ है। पर यहां दो ऐसी उच्च कोटि की महिला संगीत साधिकायों का नाम अवश्य वर्णन योग्य है, जिन्होंने भारतीय संगीत को ऊँचा उठाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। एक थी तानसेन की पुत्री सरस्वती, जो गायन, वादन में सिद्ध हस्त थी। दूसरी थी – मीराबाई जो गायन, वादन, नृत्य में निपुण थी।

अकबर बादशाह के कहने पर तानसेन को दीपक राग गाना पड़ा तो तानसेन की पुत्री ने मेघ राग गाकर उनके जीवन की रक्षा की। यह घटना नारियों की संगीत साधना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

मीरा अति गुणी शास्त्रीय गायिका व कवियत्री थी। झांझ, करताल व इकतारा के रूप में वाद्य प्रयोग और नृत्य के साथ गायन करते हुये, संगीत के तीनों रूपों द्वारा साधना करने का श्रेय मीरा बाई को है। मीरा ने काव्य, संगीत आदि की शिक्षा बचपन से ही पाई थी। उनके पदों में लगभग 90 राग रागिनियों का प्रयोग मिलता है। आपने 'मीरा मल्हार' नामक राग तथा भक्तिपूर्ण गीतों की रचना की। मीरा के संगीत से भारतीय नारियों को सबसे उत्तम लाभ यह हुआ कि जो नारियाँ मुसलिम प्रभाव में जा रही थीं, मीरा के प्रभावशाली संगीत ने उनके अन्दर नवचेतना जागृत की। उन्होंने भारतीय संगीत के कुछ रूप को अपनाना प्रारम्भ किया, जिस कारण उच्च चारित्रिक गुणों का पुनः स्थापन हुआ। इस महिला संगीत रत्न का नाम भारतीय संगीत के इतिहास में सदैव उच्च रहेगा।

आधुनिक काल :–

15वीं शताब्दी के अन्त तक भारत में अंग्रेजी राज्य की नींव पड़ चुकी थी। अंग्रेजी सभ्यता के कारण भारतीय संगीत पतन की ओर अग्रसर होने लगा था। भारतीय संगीत के पवित्र और आध्यात्मिक रूप को विनष्ट कर दिया गया। घराना परम्परा का जन्म हुआ। कला का मूल्य केवल व्यवसायिक ही रह गया। कुलीन घरानों की प्रतिभाशाली स्त्रियां इस क्षेत्र में आने से संकोच कर रही थी, तब विष्णु द्वय ने संगीत के उत्थान के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य किये। संगीत कला में पुनः उच्च नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिये उन्होंने संगीत सम्मेलनों के आयोजन एवं संगीत विद्यालयों, महाविद्यालयों की स्थापना की। तत्पश्चात् अनेक प्रतिभाशाली महिला कलाकारों ने भी अपनी अभ्यास शक्ति, लग्न एवं कठिन परिश्रम के दम पर भारतीय शास्त्रीय संगीत के

प्रचार–प्रसार में उत्कृष्ट योगदान दिया, साथ ही उच्च चारित्रिक गुणों का विकास भी किया। यहां ऐसी ही कुछ विलक्षण महिला कलाकारों का वर्णन करेंगे, जिनका योगदान अद्वितीय है।

शास्त्रीय गायिकायें :–

सुश्री गंगूबाई हंगल, सुश्री हीराबाई बड़ोदेकर, सुश्री केसरबाई केरकर, सुश्री किशोरी अमोनकर, सुश्री कोशिकी चक्रवर्ती, श्रीमती सुलोचना बृहस्पति

शास्त्रीय वादिकायें :–

श्रीमति अन्नपूर्णा देवी (सुर बहार), श्रीमति शरण रानी (सरोद), श्रीमति डॉ. एन. राजम (वायलिन), सुश्री अनुराधा पाल (तबला), डॉ. रेणु जौहरी (तबला), डॉ. सरोज घोष (सितार), डॉ., पुष्पा बसु (सितार), डॉ. पंकज माला शर्मा (सितार) आदि।

शास्त्रीय नृत्यकार :–

सुश्री दमयन्ती जोशी, सुश्री मृणालिनी साराभाई, श्रीमती रूक्मिणी देवी अरून्डेल, सितारा देवी, आदि।

निष्कर्ष :–

उपरोक्त वर्णन से प्रत्येक युग में संगीत द्वारा उच्च चारित्रिक मूल्यों के विकास में महिलाओं की भूमिका प्रशंसनीय रही है परन्तु कुछ बिन्दुओं पर ध्यान देना आवश्यक है।

1. महिला संगीतकारों पर लिखित सामग्री का अभाव है। बड़ी संख्या में महिलायें शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट योगदान दे रही है। इस विषय पर महिला संगीत कारों पर विशिष्ट सामग्री तैयार और एकत्र की जाये और सुरूचिपूर्ण ढंग से उसका प्रकाशन हो।
2. इससे न केवल शास्त्रीय संगीत के साधकों एवं श्रोताओं की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि शास्त्रीय संगीत के प्रचार, प्रसार एवं विकास में पर्याप्त सहायता मिलेगी तथा भावी पीढ़ी में उच्च चारित्रिक मूल्यों का विकास भी होगा।

अतः इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। भावी शोध छात्र भी इस ओर कार्य करने की ओर प्रेरित हों, ताकि भावी पीढ़ियां महिला कलाकारों के उच्च चारित्रिक गुणों को अपना सकें तथा अपने जीवन को उन्नत बना सकें।

संदर्भ :–

1. संगीत रत्नाकर : शार्गदेव, डॉ. आर.के. श्रृंगे प्रेमलता शर्मा, मुंशी राम मनोहर लाल पब्लिशर्स प्रा.लि, नई दिल्ली, 1978
2. सामगान : उद्भव, व्यवहार एवं सिद्धान्त, शर्मा डॉ. पंकजमाला–कात्यायन वैदिक साहित्य प्रकाशन, प्र.स. 1996
3. भारतीय संगीत का इतिहास, जोशी उमेश, मानसरोवर प्रकाशन, आगरा, 1984
4. हमारे प्रिय संगीतज्ञ – प्रो. हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद 1993

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 154-158
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

मध्यकालीन हिन्दी साहित्य में मीराबाई का योगदान

–शाहबाज आलम
शोधार्थी (यू0जी0सी0–नेट), विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

मध्यकालीन भारत में कृष्ण भक्ति शाखा की हिन्दी की महान कवयित्री मीराबाई थी। वे भक्ति आन्दोलन के सबसे लोकप्रिय भक्ति–संतों में एक थी। भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित उनके भजन आज भी उत्तर भारत में बहुत लोकप्रिय है और श्रद्धा के साथ गाये जाते हैं। मीराबाई का जन्म मेड़ता जिले के कुदकी नामक ग्राम में 1498 ई0 में हुआ था।[1] उनका विवाह सन् 1516 ई0 में राणा साँगा के ज्येष्ठ पुत्र युवराज भोजराज से हुआ था। भोजराज की मृत्यु 1518–1523 ई0 के बीच में ही कभी अपने पिता के जीवन–काल में ही हो गई थी। वे बचपन से ही बड़ी धर्मालु थीं और अपने पिता एवं पितामह की तरह वैष्णवों के कृष्ण सम्प्रदाय की अनुगामिनी थी।[2] अपने पति की मृत्यु के पश्चात् वे पूर्णरूप से धार्मिक कृत्यों में लग गयी।

मीराबाई अब पूर्ण रूप से भक्तिमय जीवन व्यतीत करने लगीं और भक्ति भावना से ओत–प्रोत हो उठीं। अपनी कृष्ण–भक्ति और भक्तों की आश्रयदाता के रूप में उनकी ख्याति दूर–दूर तक फैल गयी और साधु–संत, स्त्री–पुरूष दूर–दूर से चित्तौड़ आने लगे।[3] राणा विक्रमादित्य वंश की राजकुमारी मीरा का किन्हीं भी अन्य लोगों के साथ, चाहे वे कितने ही भक्त क्यों न हो, इस प्रकार स्वच्छन्दता से मिलना–जुलना पसन्द न था। इसने मीरा को विष द्वारा मारने का प्रयास किया। सौभाग्य से मीरा पर विष का कोई प्रभाव न पड़ा।[4] राणा से तनाव उत्पन्न होने के कारण मीरा अपने चाचा वीरमदेव के पास रहने लगीं। बीरमदेव मेड़ता के सरदार थे। यहाँ भी उनका नित्य का कार्यकाल चलता रहा। वे तपस्या, कीर्तन और नृत्य में भाव विभोर रहने लगी। मीरा अन्य साधु सन्तों और स्त्रियों की मण्डली में भी कीर्तन करती थी।[5] इस प्रकार मीरा ने मेड़ता में कुछ वर्ष काटे, लेकिन जब जोधपुर के राजा मालदेव ने मेड़ता पर आक्रमण कर उसे जीत लिया तो मीरा ने द्वारका की तीर्थ–यात्रा करने का निश्चय किया। द्वारका में उन्होंने अपना सारा जीवन भक्तों की तरह व्यतीत किया।[6]

मीरा के पदों का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर हमें चार–पाँच विशिष्ट धाराओं के पद मिले हैं। सबसे पहले नाथ सम्प्रदाय के योगियों से प्रभावित होकर उन्होंने जोगी के सम्बन्ध में इस प्रकार के पद लिखे –

जोगी मत जा मत जा मत जा पाँव पडू मैं तेरी।

उसके पश्चात् संतों के प्रभाव में आकर उन्होंने सांसारिक नश्वरता के नैराश्य पूर्ण गीत गाये, और वह निराशा इन शब्दों में व्यक्त हुई –

इस देही का गरव न करना, माटी में मिल जाती।
ये संसार चहर की बाजी, साँझ पड़या उठ जासी।।

आगे चलकर इसी प्रभाव के अनुरूप रहस्योन्मुख विरह के पद बनाये फिर भागवत् के प्रभाव से श्रीकृष्ण लीला और विनय के पद गाये। इनके अतिरिक्त कृष्ण काव्य के विप्रलम्भ श्रृंगार का आभास भी उनमें मिलता है और अन्त में कृष्ण के प्रेम में तन्मय होकर उन्होंने माधुर्य भाव से उनकी उपासना करते हुए निर्भय घोषणा की–

मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरा ना कोई।[7]

हिन्दी साहित्य में महत् गीति–काव्य की रचना करने वालों में मीरा अद्वितीय है। पद–रचना में सूरदास और विद्यापति ने भी अद्‌भुत कौशल प्रदर्शित किया है, परंतु सीधे हृदय पर चोट करने वाली रचना मीरा के कँठ से निसृत हुई है। जहाँ सूर और विद्यापति के पदों में ब्रज को गोपियों अथवा राधा के मिलन वेदनामयी अनुभूतियों की सरस अभिव्यक्ति हुई है। वहाँ मीरा के पदों में स्वयं मीरा की विरह–व्यथा साकार हो उठी है।[8] सूरदास के मुक्तक पदों और गीतियों के भीतर एक कथा के सहारे उन पदों का सौन्दर्य परखा जा सकता है, इसी प्रकार विद्यापति के पदों में भी नायिका–भेद की परम्परा का सहारा लिए बिना उनकी रमणीयता भली प्रकार स्पष्ट नहीं हो पाती। परन्तु मीरा के पदों में कथा की न कोई अंतर्धारा है, न किसी साहित्यिक परम्परा का सहारा है, वहाँ मीरा की भावना सीधे मीरा के हृदय से, उनके अंतर्तम प्रदेश से, निकलती है, इसीलिए उसका प्रभाव भी अधिक पड़ता है। मीरा के पदों में सरलता है, स्पष्टता है और है सीधापन। परन्तु उन पदों की सबसे बड़ी विशेषता है स्वच्छंदता। मीरा की भक्ति–भावना की स्वच्छंदता ने, जिसमें लोक–लाज नहीं थी, समाज का भय नहीं था, काव्य–कला में भी इसी प्रकार की स्वछंदता ढूँढ़ ली थी। भाषा, छंद और काव्य–परंपरा सब में मीरा ने एक स्वाभाविक स्वच्छंदता प्रदर्शित की है।[9]

मीरा ने बहुत से पदों की रचना की थी। वे सभी भजन थें इनमें नरसी म्हारो प्रमुख हैं। मीरा की प्रसिद्धि मुख्य रूप से उनके भजन ही है। इनकी भाषा ब्रजभाषा और राजस्थानी में रचे गये हैं। उनके कुछ पद गुजराती में भी है। ये भजन कृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति भावना से ओत–प्रोत है।[10] वे इतने मधुर है कि सुनने के साथ ही विरह, प्रेम और भक्ति की कोमल भावनाएँ उठ आती है। मीरा के सभी भजन कृष्ण को सम्बोधित कर लिखे गये हैं। उन्हें अपने जीवन के हर कार्य में कृष्ण के सामने होने की अनुभूति होती रहती थी। उनके पद भक्ति–भावना और भक्ति आवेश से परिपूर्ण है।[11] मीराबाई द्वारा रचित कुछ रचनाएँ हैं – गीतगोविंद की टीका, नरसी जी का मायरा, राग, सोरठ का पद, मलार राग, राग गोविंद, सत्ययामानु रूसणं, मीरा के गरबी, रूकमणीमंगल, नरसी मेहता की हुंडी, चरीत, स्फुट पद। इनमें से कुछ पद तो मीराबाई द्वारा रचित है एवं लोकप्रचलित जनश्रृतियों अथवा किवदंतियों के आधार पर मीरा के नाम से संद्ध हो गयी है।[12] मीरा के विचार सूफियों के समान है। मीराबाई की तुलना सुप्रसिद्ध सूफी स्त्री राबिया से की जा सकती है। राबिया ईश्वर रूपी पति से कहती है – ''हे नाथ! तारे चमक रहे हैं, लोगों की आँखे बन्द हो चुकी है, राजाओं ने अपने द्वार बंद कर लिये हैं, प्रत्येक प्रेम अपनी प्रियतमा के साथ एकान्त सेवन कर रहा है तथा मैं यहाँ अकेली आप के साथ हूँ।''[13]

''नरसी जी का माहरा'' मीराबाई द्वारा रचित एक प्रमुख ग्रंथ है। इस ग्रंथ में गुजरात के प्रसिद्ध भक्त नरसी मेहता की पुत्री कुंवरि बाई के सीमान्त के अवसर पर भात भरने की कथा है। सम्पूर्ण ग्रंथ पद में है तथा मिथुला नाम की सखी को सम्बोधित करके लिखा गया है। साहित्यिक दृष्टि से इसका अधिक मूल्य नहीं है। साधारण बोलचाल की भाषा में दो सखियों के संवाद रूप में लिखा हुआ यह ग्रंथ बिल्कुल साधारण कोटि का कहा जा

सकता है। कई स्थलों पर नरसी जी की अलौकिक शक्ति के वर्णन में कुछ रोचकता अवश्य है, पर वह अधिक महत्वपूर्ण नहीं है।[14] ''गीत गोविन्द की टीका'' नामक ग्रंथ अभी उपलब्ध नहीं है। कुछ विद्वानों की धारणा है महाराणा कुम्भा की रसिक प्रिय टीका को ही मीरा की रचना मान लिया गया है। साहित्यिक दृष्टि से जिन रचनाओं का अधिक महत्व है वे हैं मीरा के फुटकर पद।[15] इन फुटकर पदों का संग्रह जनता में प्रचलित गीतों के आधार पर किया गया है। बंगाल के भी कृष्णानद देव व्यास के 'राग कल्यद्रुम' में सबसे पहले मीरा के पदों का संग्रह मिलता है जो संख्या में लगभग 45 पद थे। ये पद बंगाल, गुजरात और राजस्थान में प्रचलित गीतों से संग्रह किये गये थे। राजपूताने में हिन्दी पुस्तकों की खोज में दो ऐसे संग्रह मिले थे जिनमें मीरा के पद भी संग्रहीत थे। ये संग्रह भी सम्भवतः जनता में प्रचलित के आधार पर हुए थे और ऐतिहासिक दृष्टि से 'रागकल्पद्रुम' से कुछ प्राचीन थे।[16]

मीराबाई के भजन' नामक पुस्तिका में मीरा के नाम से प्रचलित कुछ थोड़े से पदों का संग्रह था जिनमें अधिकांश मीरा की प्रामाणिक रचनाएं न थी। एक वृहत्त काव्य–संग्रह ग्रंथ 'वृहत काव्य दोहन' के नाम से दस जिल्दों में प्रकाशित हुआ जिसमें मीरा के गुजराती पदों का संग्रह था। ये पद संख्या में दो सौ से ऊपर थे। इसके बाद 'मीराबाई की शब्दावली' नाम का एक प्रामाणिक संग्रह ग्रंथ प्रकाशित हुआ जिसमें सब मिलाकर 168 पद है। इन पदों में संतों की परम्परा से प्रभावित पद ही अधिक संख्या में मिलते हैं।[17]

हिन्दी के भक्त कवियों में मीराबाई का नाम विशिष्ट है। इस महान कवि के प्रति हिन्दी संसार की उदासीनता अद्‌भुत अवश्य है, परन्तु आश्चर्यजनक नहीं। जिसकी कविता में साहित्यिक कृत्रिमता का लेश भी नहीं, जिसने जनसमुदाय को आकर्षित करने का कोई प्रयास नहीं किया, केवल अपनी भक्ति भावना के उल्लास में भक्ति और प्रेम के मधुर गीत गाए, अपने विरह–विधुर हृदय का भार ही हलका किया, जिसकी कोई शिष्य परम्परा नहीं, जिसका कोई पंथ अथवा सम्प्रदाय नहीं, उसके प्रति यदि हिन्दी संसार उासीन है तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। परंतु हिन्दी प्रान्त के बाहर हिन्दी के इस मधुर कवि का सबसे अधिक मान और प्रचार है – गुजरात और बंगाल में मीरा के पद घर–घर गाए जाते हैं, राजस्थान की तो मीराबाई सर्वस्व ही है। फिर सूर, तुलसी, कबीर और विद्यापति के युग की भक्ति–भावनाओं का जैसा शुद्ध और सुन्दर स्वरूप मीरा के पदों में मिलता है, वैसा अन्यत्र कहीं दुर्लभ और अप्राप्त है।[18] मीराबाई के पद वर्तमान रूप में तीन भिन्न भाषाओं में मिलते हैं। कुछ पदों की भाषा पूर्ण रूप से गुजराती है और कुछ की शुद्ध ब्रजभाषा है, शेष पद राजस्थानी भाषा में पाये जाते हैं, जिनमें ब्रज–भाषा का भी पुट मिला हुआ है।[19] मीरा के मूल पद किस एक अथवा किन–किन भिन्न भाषाओं में लिखे गये थे, परन्तु इस समय उनमें स्पष्ट तीन भाषाएँ हैं। ऐसा भी सम्भव है कि सचमुच ही तीन भिन्न भाषाओं में लिखी गई हो क्योंकि मीरा गुजरात में काफी दिनों रही थी, ब्रज में भी उन्होंने लगभग पाँच–छः वर्ष बिताए थे और राजस्थान में तो वे पैदा हुई थी, वही ब्याही गई थी और जीवन का अधिकांश भाग वही बिताया था।[20]

ब्रजभाषा तथा ब्रज–मिश्रित राजस्थानी भाषा में विरचित मीरा के पदों में भाषा का आडम्बर तनिक भी नहीं है। जायसी, कबीर तथा अन्य संत कवियों की भांति मीराबाई भी परिष्कृत तथा पूर्ण साहित्यिक भाषा नहीं लिख सकती थी, ऐसी बात नहीं है, वरन् इसके विपरीत कुछ पदों में मीरा ने ऐसी परिष्कृत तथा शुद्ध साहित्यिक ब्रजभाषा का प्रयोग किया है जो पिछले खेवे के कवियों के लिए आदर्श मानी जा सकती है। मीराबाई के जितने

भी पद है जो सरलता और स्पष्टता, मधुरता और कोमलता में हिन्दी साहित्य में अतुल है। सूर और मतिराम, रसखान और धनानन्द की ब्रजभाषा भी इतनी मधुर और स्पष्ट नहीं है। अनगढ़ और बीहड़ चट्टानों पर उछलती हुई जल की धारा जिस प्रकार मधुर संगीत उत्पन्न करती है, मीरा की स्वाभाविक भाव–धारा भी इन अनगढ़ और स्वाभाविक शब्दों में उसी प्रकार का संगीत उत्पन्न करती है। यह स्वच्छंद संगीत धारा केवल मीरा के पदों में ही मिल सकती है जो चमक और अनुप्रास के आडम्बर से उत्पन्न हुई संगीत से कम मधुर नहीं है। मीरा की भाषा में अलंकरण नहीं, वरन् एक स्व आवेग है। भाव की स्वच्छंदता के साथ स्वाभाविकता, परिष्कार के अलंकरण मीरा की भाषा की विशेषता है।[21]

इस प्रकार मीरा का नैसर्गिक व्यक्ति हिन्दी काव्य जगत में शाश्वत बन गया है। उनकी चरम अनुभूतियों की सरस अभिव्यक्तियों ने उन्हें अमरता का वरदान दिया है। मीरा कवि नहीं थी, यह कथन काव्य रस से अनभिज्ञ उन कृत्रिम व्यक्तियों की मूढ़ता का परिचायक है जो सचेष्ट छंद रचना तथा अलंकार विधान को ही कला मानते हैं। मीरा की कला उनकी सरस अनुभूतियों तथा आडंबरहीन सरलता में निहित है। उनका काव्य उनके हृदय की अनुभूतियाँ है, अन्वेदना का चीत्कार मीरा की गम्भीर विरहानुभूतियों में व्यंजित है। जायसी, सूरदास तथा विद्यापति की शास्त्रगत परम्पराबद्ध विरहोक्तियां विदाधता तथा चमत्कार की दृष्टि से चाहे मीरा की कविता विरह–व्यंजना से आगे हो, परन्तु उनका बहिर्मुखी दृष्टिकोण मीरा के आभ्यंतरिक विरह की अनुभूतियों की उत्कृष्टता को स्पर्श भी नहीं कर सकता। मीरा चिर–आकुल विरहिणी थी, उनके गीतों में व्यक्त विरह–भावना अनुपम अतुलनीय है।[22]

मीरा के पदों में सबसे अद्‌भुत और अपूर्व कौशल यही है कि उनकी समस्त रचना कला के आडम्बर से रहित है। जैसा कि गुजराती के प्रसिद्ध लेखक श्री कन्हैयालाल मुंशी ने लिखा है, कलाविहीनता ही मीरा की सबसे बड़ी कला है। वकोक्ति जीवितकार ने कवियों की रूवि और प्रवृति–भेद के अनुसार तीन मार्गों की कल्पना की है। कुछ कवि सौकुमार्य प्रवृत्ति के होते है और उनका मार्ग सुकुमार मार्ग कहा गया है, कुछ कवि वैचित्र्य से रूचि रखते हैं और विचित्र मार्ग के पथिक है, कुछ इन दोनों से मध्यम रूचि के होते हैं और अपनी कविता में इन दोनों का समन्वय करते हैं। हिन्दी–साहित्य के अधिकांश कवि विचित्र मार्ग के पथिक है। रीतिकालीन साहित्य में वकोक्ति और वैचित्र्य का ही प्राधान्य है। भक्तिकाल के अधिकांश कवियों ने मध्यम मार्ग का अवलम्बन किया है। सुकुमार मार्ग के पथिक कवि हिन्दी में बहुत ही कम है और इन कवियों में मीराबाई सर्वांगणी है।[23]

निष्कर्ष :–

इस प्रकार उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि हिन्दी के श्रेष्ठ कवियों में मीराबाई का स्थान बहुत ऊँचा है। गीति–काव्य की रचना करने वालों में हिन्दी के तीन कवि–विद्यापति, सूर और मीरा बहुत सफल हुए हैं। मीरा की रचनाएँ परिमाण में अधिक नहीं है, परंतु जो थोड़ी रचनाएँ प्राप्त है, गेयता और गम्भीरता, सरलता और स्पष्टता में वे अतुलनीय है। मीरा का साहित्यिक मूल्य सूर और तुलसी के समकक्ष कदापि नहीं है क्योंकि उन्होंने सूरसागर की भांति अथाह और असीम रस–सागर का निर्माण नहीं किया और न 'रामचरित मानस' की भांति पवित्र मानस की रचना की, परन्तु गिरिश्रृग से उतरने वाली निर्मल निर्झरिणी के स्वच्छंद प्रवाह और कलकल शब्द में यदि कोई सौन्दर्य है तो मीरा के पदों में हमें वही सौंदर्य मिलता है। मीराबाई का नाम भारत के महान भक्तों में है और इनका गुणगान नाभा जी, ध्रुवदास, व्यास जी, मलूकदास आदि सभी भक्तों ने किया है।

संदर्भ सूची :-

1. श्रीवास्तव, आशीर्वादीलाल, मध्यकालीन भारतीय संस्कृति, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, आगरा, पृ0–50
2. अहमद, लईक, मध्यकालीन भारतीय संस्कृति, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 1976, पृ0–46
3. शुक्ल, रामचंद्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, प्रकाशन संस्थान, नयी दिल्ली, 2016, पृ0–145
4. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, हिन्दी साहित्य : उद्‌भव और विकास, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, 1985, पृ0–120
5. सिन्हा, सावित्री, मध्यकालीन हिन्दी कवयित्रियाँ, आत्माराम एंड संस, दिल्ली, 1953, पृ0–106
6. ओझा, गौरीशंकर हीराचंद, राजपूताने का इतिहास, महामहोपाध्याय राय बहादुर साहित्य, अजमेर, 1930, पृ0–770
7. लाल, श्रीकृष्ण, मीराबाई, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, 1970, पृ0–151
8. मिश्र, गणेशबिहारी, मिश्रबंधु–विनोद, गंगा–पुस्तकमाला कार्यालय, लखनऊ, 1926, पृ0–266
9. लाल, श्रीकृष्ण, पूर्वोद्धृत, पृ0–175
10. चौबे, झारखण्डे, मध्ययुगीन भारतीय समाज एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 1979, पृ0–408
11. श्रीवास्तव, अशीर्वादलाल, पूर्वोद्धृत, पृ0–51
12. नगेन्द्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, मयूर बुक्स, नयी दिल्ली, 2018, पृ0–221
13. स्मिथ, मार्गरेट, राबिया दि मिस्टिक, आदम पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, 2016, पृ0–27
14. सिन्हा, सावित्री, पूर्वोद्धृत, पृ0–131
15. चन्द्र, सतीश, मध्यकालीन भारत (राजनीति, समाज और संस्कृति), ओरियंट ब्लैक स्वॉन प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, 2015, पृ0–188
16. देवी प्रसाद, मुंशी, मीराबाई का जीवनचरित्र, ललिता प्रसाद शुक्ल (सम्पा0) बंशीय हिन्दी परिषद, कलकत्ता, 1954, पृ0–27
17. लाल, श्रीकृष्ण, पूर्व्रद्धृत, पृ0–85
18. वही, पृ0–87
19. खुराना, के0एल0, मध्यकालीन भारतीय संस्कृति, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, 2019, पृ0–107
20. अहमद, लईक, पूर्वोद्धृत, पृ0– 47
21. लाल, श्रीकृष्ण, पूर्वोद्धृत, पृ0–176–178
22. सिन्हा, सावित्री, पूर्वोद्धृत, पृ0–156
23. लाल, श्रीकृष्ण, पूर्वोद्धृत, पृ0–180

मो.–8709110968

E-mail : shahbazalam136136@gmail.com

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 159-163
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

धर्म की वास्तविक अवधारणा

-डॉ. निशा चौहान
पीएच.डी. शोधार्थी एवं सहायक आचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीमा (रोहड़)

शोध सार :-

धर्म अखिल ब्रह्माण्ड के अधिपति द्वारा उच्चारित या निःश्वासित ब्रह्माण्ड के नियमन के लिए उत्तमोत्तम विधान है। भारत के प्राचीन महर्षियों ने धर्म को संकुचित अर्थ में नहीं लिया था। धर्म एक मत या सम्प्रदाय का द्योतक नहीं प्रत्युत वह जीवन का राजमार्ग या आचारण की संहिता माना जाता रहा है। ऋषियों ने वेदों पर आधारित धर्म को सनातन धर्म से सम्बोधित किया था। जो शावत है, वही सनातन है जीवति धर्मों में यह सबसे पुराना धर्म है। भारतवर्ष ने धर्म को मानव जीवन के साथ जोड़ दिया। यह मनुष्य का नियामक बन गया। सुख हो, दुःख हो, समृद्धि हो या विपत्ति हो, लौकिक एवं पारलौकिक विचारधारा हो सर्वत्र धर्म के नियम है। मानव से सम्बन्धित सभी क्रिया कलापों को धर्म ने इस तरह व्याप्त कर लिया कि सम्पूर्ण जीवन ही धर्ममय बन गया है।

धर्म शब्द की व्युत्पति घृष धारणे धातु से 'मन' प्रत्यय लगाने से होती है। 'धरति धारयति लोकम' अर्थात धर्म वह जो संसार को धारण करे। महाभारत में कहा गया है कि धारण करने को शक्ति के कारण धर्म होता है। मानवता जिसे धारण करती है, मानवता जिस तत्व से पतित होने बचती है, वही धर्म है। वेदों में सम्पूर्ण मानव जाति के पूर्ण विकास के सिद्धान्तों को धर्म के नाम से अभिहित किया गया है। इसके उपदेश एवं आदेश में ज्ञान एवं कर्म की शिक्षा देते हैं। जिससे मनुष्य जाति पतनोन्मुख नहीं हो सकती। वैशेषिक दर्शन के रचयित महर्षि कणाद ने कहा है कि जिससे इस लोक में उन्नति और परलोक में मोक्ष की प्राप्ति हो वह धर्म है। अतः जिस धर्म में असीम सृष्टि के कल्याण की भावना निहित हो और विश्व के प्राणिमात्र के प्रति परस्पर प्रेम, मैत्री एवं सौहार्द की भावना अभिव्यक्त हो, जो मानव को मानव से जोड़ती है और उसे विश्वमानव बनाती है वहीं वास्तविक धर्म है।

शोध पत्र :-

भारतीय संस्कृति का मूल आधार धर्म है। भारत धर्मप्राण देश है। धर्म का मर्म वेद एवं धर्मशास्त्र ही बतलाते हैं। मूलतः हमारा धर्म वेद और धर्मशास्त्र द्वारा ही प्रतिपादित है। वैदिक एवं धर्मशास्त्रीय ग्रंथ लोकातीत आर्शचक्षुर्मण्डित द्रष्टाओं की वाणी हैं जो सार्वदेशिक एवं सार्वकालिक नैतिकता से परिपूर्ण है। वैदिक धर्म मनीषियों के प्रातिभचक्षु साक्षात्कृत तथ्यों का प्रकाश पुंज है जो गहन अन्धकारको भी ज्योतिर्मय बना देता है। वेदों में सम्पूर्ण मानवजाति के लिए पूर्ण विकास (अर्थात् पूर्ण ब्रह्मरूपता) के सिद्धान्त प्रतिपादित है। उन्नयन के इन सिद्धान्तों को धर्म नाम से अभिहित किया गया है वेद आर्यजाति के पठनीय धर्मग्रंथ है, ये ज्ञान का आगार है। इनके उपदेश एवं आदेश हमें ज्ञान एवं कर्म की शिखा देते हैं, जिससे मनुष्य जाति पतनोन्मुख नहीं हो सकती।

धर्म की व्युत्पति एवं अर्थ :-

भारतीय मनिषियों ने धर्म की व्याख्या इस प्रकार की है – धर्म शब्द की व्युत्पति धृज धारणे धतु से 'मन्' प्रत्यय लगाने से होती है। धरति धारयति का लोकम अर्थात धर्म व है जो संसार को धारण रे। वैदिक साहित्य में धर्मन शब्द धार्मिक विधि, धार्मिक क्रिया, निश्चित नियम एवं आचरण सम्बन्धी नियमों के रूप में प्रयुक्त हुआ। उपनिषद साहित्य में वैदिक अर्थों के अतिरिक्त धर्म शब्द वर्णाश्रम धर्म के अर्थ में प्रयुक्त हुआ और इस शब्द से आश्रम के आधार एवं नियमों का बोध होने लगा। ऐतरेय ब्राह्मण में धर्म शब्द समस्त धार्मिक कर्तव्यों के अर्थ में प्रयुक्त हुआ। कालक्रम से धर्म शब्द का अर्थ व्यापक होता गया एवं आर्य जाति के आचार–विचार का परिचायक बन गया। मानव जीवन के लिए कोई अधिकार हो, कर्त्तव्य हो, अनुशासन एवं आचरण संहिता हो, समस्त नैतिक कार्य धर्म के अर्थ में समाहित हो गए। तैत्तिरीयोपनिषद् ऐसे ही धर्म की शिक्षा देता है। शिष्य को पठनोपरान्त गुरु से 'सत्यं वद धर्म चर..... आदि को शिक्षा मिलती थी।' उपर्युक्त सन्दर्भ में ही उपनिषद् का धर्म श्री प्रयुक्त हुआ है। भगवद्गीता का 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः' का धर्म भी इसी अर्थ का द्योतक है। वेद में बुद्धि की पवित्रता देखी जा सकती है। प्रज्ञा का प्रकाश आत्मस्था किया जा सकता है। व्याकरण की दृष्टि से धर्म का अर्थ धारण करना, आलम्बन देना या पालन करना होता है। निरूक्त ने धर्म शब्द का अर्थ नियम बतलाया है। व्याकरण एवं निरूक्त के अर्थों को ध्यान में रखकर धर्म उस नियम को कहा जा सकता है जिसने विश्व को धारण कर रखा है। इस प्रकार ऋषियों की वाणी 'धर्म सर्व प्रतिष्ठित्म' सत्य प्रतीत होती है।

महाभारतकार ने धर्म की बड़ी रोचकता व्याख्या की है – धारण करने से इसे धर्म कहते हैं। धर्म प्रजा को धारण करता है। जो धारण से संयुक्त हो, धर्म है। 'वैशेषिक दर्शन के रचयिता महर्षि कणाद ने धर्म का लक्षण बताया है – 'यतोऽभ्युदय निःश्रेयस सिद्धि स धर्मः' अर्थात जिससे इह लोक में उन्नति और परलोक में मोक्ष की प्राप्ति हो वह धर्म है। धर्म से सुख की प्राप्ति होती है। सुख भी दो प्रकार के होते हैं – 'इहलौकिक एवं पारलौकिक। कणाद के अनुसार जिस नियम से दोनों प्रकार के सुख प्राप्त हों वही धर्म है।' श्रीमद्भागवतकार ने धर्म का मूल वेद मानकर लिखा है कि वेद ने जो नियम बनाये है वही धर्म है, उसके विपरीत अधर्म है।[8] गौतम सूत्रकार ने कहा है 'वेदो धर्ममूलम्' अर्थात् वेद धर्म का उद्गम है। मनु का वाक्य भी इसी अर्थ की अभिव्यक्ति करता है कि 'वेदोऽखिला धर्ममूलम्' इस कारण महर्षि व्यास ने वेद–विहित कर्म को ही धर्म माना है। भारत के प्राचीन महर्षियों ने धर्म को संकुचित अर्थ में नहीं लिया है। धर्म एक मत या सम्प्रदाय का द्योतक नहीं था प्रत्युत वह जीवन का राजमार्ग या आचरण की संहिता माना जाता रहा है। ऋषियों ने वेदों पर अधारित धर्म को सनातन धर्म से सम्बोधित किया था। जा शाश्वत है, वही सनातन है। जीवित धर्मों में यह सबसे पुराना है।

भारत वर्ष ने धर्म को मानव जीवन के साथ जोड़ दिया। यह मनुष्य का नियामक बन गया। मनुष्य की प्रत्येक स्थिति और अवस्था में धर्म ने प्रकाश बिखेरा है। सुख हो, दुःख हो, समृद्धि हो या विपत्ति हो, लौकिक एवं पारलोकिक विचारधारा हो सर्वत्र धर्म के नियम है। मानव से सम्बन्धित सभी क्रियाकलापों को धर्म ने इस तरह व्याप्त कर लिया है कि सम्पूर्ण जीवन ही धर्ममय बन गया है। मनु ने धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, धी (तत्व ज्ञान) विद्या, सत्य, अक्रोध ये दस धर्म के लक्षण बताए हैं। श्रीमदभागवत में धर्म सम्बन्धी एक बड़ा ही रोचक प्रसंग आया है। युधिष्ठिर ने ब्रह्मपुत्र महर्षि नारद से पूछा कि वर्ण एवं आश्रम से संयुक्त सनातन धर्म क्या है? नारद जी ने नारायण द्वारा कथिन 30 आचारों का नाम गिनाया– जो धर्म है – सत्य, दया, तप, शौच, तितिक्षा

(क्षमा), ईक्षा (उचित अनुचित का ज्ञान) शम (मन को वश में रखना, दम (इन्द्रियों को वश में रखना), अहिंसा, ब्रह्मचर्य, त्याग (दान), स्वाध्याय (जप आदि), आर्जव, सन्तोष, समदृक सेवा (साधुओं की सेवा), 'ग्राम्येहो परम' (प्रवृति नामक धर्मो से निवृति), विपर्ययेच्छा (निष्फल क्रियाओं को समझना), मौन (बेकार की बाते नहीं करना), आत्मविमर्शन (शरीर से अलग आत्मा का ज्ञान), संविभाग (अपनी आवश्यकताओं से अधिक अनेको प्राणियों में बाँट देना), सभी प्राणियों में अपनी आत्मा को देखना, परमेश्वर के गुणों का श्रवण, कीर्तन, परमेश्वर का स्मरण परमेश्वर की सेवा, यज्ञ, परमेश्वर को प्राणिपात, उसके प्रति दास भाव, परमेश्वर के प्रति मित्रता एवं उसके प्रति समर्पण ये 30 कर्म मनुष्य के लिए श्रेष्ठ धर्म हैं जिनसे परमेश्वर सन्तुष्ट होते हैं।' चतुदर्श विधाओं में धर्म की इतनी विशद् व्याख्या की गई है कि धर्म ग्रंथों के सम्पर्क में आने के बाद मानव जीवन अप्रभावित नहीं रह सकता है। कतिपय विशिष्ट उद्धरणों के द्वारा मैंने यहां सामान्यर्मा का निरूपण करने की कोशिश की है।

सत्य :-

भारतीय धर्म ग्रन्था में सत्य की महिमा गाई गई है। उपनिषद् कहते हैं कि 'सत्यं वद सत्य बोलों सत्य के प्रति प्रमाद नहीं करना चाहिए। महाभारत तो सत्य के उदाहरणों से भरा पड़ा है। भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर से कहा कि सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं और असत्य से बड़ा पाप नहीं है। सभी धर्मों का मूल सत्य ही है। इसलिए सत्य का लोप कभी न करें। वेद का मूल और धर्म की जड़ सत्य पर आश्रित है। हजारों अश्वमेध यज्ञ इसकी बराबरी नहीं कर सकते।

धृति (धैर्य) :-

धृति (धैर्य) के सम्बन्ध में हमारे धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि आपत्तिकाल में धर्म न छोड़ना धृति है। धैर्यवान् व्यक्ति वैसी इच्छा नहीं करते जो प्राप्त नहीं हो सकती। नष्ट हुई वस्तु के लिए वैसे व्यक्ति शोक भी नहीं करते हैं। प्रतिकूल भाग्य के अतिरिक्त भी विषाद की रेखा धैर्यवान् को विचलित नहीं करते हैं।

क्षमा :-

क्षमा की महिमा भी सत्य की तरह धर्मग्रन्थों में पाई गई है। क्षमा को धर्म का प्रमुख अंग माना गया है। कहीं कहीं तो इसका भी ब्रह्म स्वरूप वर्णन किया गया है। क्रोध से दूसरे के द्वारा की गई निन्दा, अनादर, क्षेप, अनादि दोषों की क्षमा है। क्षमा के सम्बन्ध में कश्यप मुनि ने कहा है कि क्षमा धर्म है, क्षमा सत्य है, वही परमेश्वर है। यह तपस्वियों का तेज है एवं उनका ब्रह्म है। जिसके पास क्षमा है वह किसी का शत्रु नहीं बन सकता। क्रोध तो क्षमशील को उत्पन्न ही नहीं होता।[14]

दम (मन को वश में करना) :-

मनसो महाभारत में दम का निरूपण करते हुए व्यास ने लिखा है कि 'दमन दमः' मन को दुष्ट विषयों से वारण करना दम है। तैत्तिरीय उपनिषद् में दम की बृहत् महिमा गाई गई है। ब्रह्मचर्याश्रम के सभी धर्म का मूल दम है ब्रह्मचारी दम में ही निरत रहते हैं तथा अपने पापों का नाश करते हैं। निश्चय ही दम मोक्ष का कारण है।

अलोभ :-

वेद, पुराण, उपनिषद्, स्मृति एवं अन्य धर्म ग्रन्थों में लोभ से बचने की शिक्षा दी गई हैं लोभ करना पाप है, किन्तु लोभ नहीं करना धर्म है। धर्म कार्य में रत मनुष्य का पतन लोभ के कारण होता है। यह लोभ कई पापों

को जन्म देता है। भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर से लोभ से उत्पन्न पापों के विषय में कहा है कि क्रोध, काम, मोह, माया, मान (गर्व), स्तम्भ (क्रिया में आसक्ति), पराधीनता, अक्षमा, लज्जा, त्याग, ऐश्वर्यनाश, चिन्ता, अपकीर्ति ये सब लोभ के फल है।

शौच :–

शौच के सम्बन्ध में मनुस्मृतिकार का कथन है कि 'शौचं संकरवर्जनम अशुद्ध वस्तु से सम्बन्ध न रखना शौच है मनुस्मृति में कहा गया है कि मृतिका और जल से तो बाहरी गन्दगी दूर की जा सकती है किन्तु मन को निर्मल करने के लिए सत्य, अहिंसा एवं दम आदि सद्गुणों को अपनाकर लोभ आदि को निकालना होगा। 'कर्मेन्द्रियों एवं ज्ञानेन्द्रियों पर नियन्त्रण रखना धर्मसम्मत है। धर्मकार्यों में विषय–वासना इन्द्रियों के माध्यम से बाधा उपस्थित करती है। मनुस्मृति में इन्द्रिय निग्रह के सम्बन्ध में कहा गया है कि विषयों से इन्द्रियों का कारण किया गया तो सम्पति का मार्ग, नहीं किया तो विपत्ति का मार्ग मिलेगा। इनमें से किसी एक मार्ग पर चलना पुरुष की इच्छा के अधीन है।'

तप :–

तैतिरीयारण्यक में तप के सम्बन्ध में कहा गया है कि तप साधना है। व्रत, उपवास एवं नियम से शरीर को तपाया जाता है। तप के द्वारा ही इन्द्रादि देवता हुए हैं। स्वर्ग जाने का साधन तप ही है। ब्रह्मचारियों के लिए तप वेदाध्ययन है तो गृहस्थाश्रम के लिए दान ही तप है। वानप्रस्थ आश्रमवासियों के लिए उपवास तप है। संन्यासियों के मन की एकग्रता एवं इन्द्रियों का दमन ही तप है।'[19]

दया :–

भागवत् में परमात्मा की प्रीति प्राप्त करने का एक उपाय दया को भी बतलाया गया है कि सब भूतों पर दया, थोड़ी से वस्तु से संतोष एवं सभी इन्द्रियों का दमन, इन तीनों से परमात्मा तुरन्त प्रसन्न होते हैं।

अहिंसा :–

अहिंसा के सम्बन्ध में श्रुति कहती है 'न हिंस्यात् सर्वा भूतानि अर्थात किसी प्राणी की हिंसा न करे। देवल स्मृति कहती है कि अपने प्रतिकूल जो हो वह दूसरे के लिए नहीं करें। जो कार्य स्वयं को कष्ट दे सकता है वह दूसरों को भी दे सकता है, इसलिए अपने आचरण से किसी को दुःख न देना ही धर्म है।'[20]

श्रद्धा :–

श्रद्धा के सम्बन्ध में देवी पुराण में कहा गया है कि धर्मार्जन करने का यह एक प्रमुख सोपान हैं बिना श्रद्धा के किसी कृत्य का फल नहीं मिलता। बृहदारण्यक उपनिषद् में कहा गया है कि हृदय (अन्तःकरण) से श्रद्धा जन्म लेती है। यह हृदय की एक वृति है, इसलिए हृदय में प्रतिष्ठित है। मनु ने भी श्रद्धा के सम्बन्ध में कहा है कि जिनकी जैसे श्रद्धा होती है बुद्धि तदनुरूप हो जाती है। सात्विकी राजसी एवं तामसों श्रद्धा से पुरुष भी सात्त्विक, राजस एवं तामस होता है। इष्ट एवं पूर्त कर्म श्रद्धापूर्वक किए जाएं तो अक्षय फल को देते हैं। वैदिक धर्म की उदारता, सहिष्णुता एवं सत्यवादित के कारण ही भारतीय संस्कृति को गौरव प्राप्त हुआ है। इस प्रकार के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मपरक वैदिक धर्म की किसी अन्य धर्म से तुलना नहीं की जा सकती। वास्तव में जो धर्म किसी धर्म का विरोध न करे वही धर्म है। जो धर्म दूसरे धर्म में बाधा डालता है वह धर्म नहीं कुधर्म कहलाता है। भारतीय धर्म में असीम सृष्टि के कल्याण की भावना निहित है और विश्व के प्राणिमात्र के प्रति परस्पर प्रेम, मैत्री

एवं सौहार्द की भावना ही अभिव्यक्त है। जो मानव को मानव से जोड़ती है और उसे विश्व मानव बनाती है। कल : पस्तीक भूल–दिल यही तो सनातन भारतीय धर्म का विण्डिम नाद है।

''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भ्रदाणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुखभावग भवेत!''

सदाचार :–

सदाचार को धर्म का अंग मानते हुए महर्षि याज्ञवल्क्य कहते हैं अहिंसा, सत्य, असत्ये, शौच, इन्द्रिय, निग्रह, दान, दम (मन को वश में करना) दया और क्षम ये सबके लिए धर्म हैं। अपनी अवस्था, बुद्धि, धन, वचन वेश अध्ययन, कुल और कर्म के अनुसार सीधी और धूर्तता रहित चेष्टा से मनुष्य को रहना चाहिए। यज्ञ, आचार, दम, अहिंसा इत्यादि कर्मों का यही परम धर्म है कि योग (ब्रह्म विषयों से अपने चित की वृतियों का निवारण) से आत्मा का प्रत्यय। यह सभी धर्मों में उतम धर्म है। देश, काल, जाति का प्रभाव इस पर नहीं पड़ता, परम पुरुषार्थ (मोक्ष) का यही कारण है। ऋषि वशिष्ठ ने चुगलखोरी, ईर्ष्या, घमण्ड, अहंकार, अविश्वास, कपट, आत्म प्रशंसा, दूसरों को गाली न देना, प्रवंचन, लोभ, अपबोध, क्रोध, प्रतिस्पर्धा छोड़ने को सभी आश्रयों का धर्म बताया है। अतः धर्म का वास्तविक मूल वैदिक धर्म है जो वैदिक साहित्य एवं धर्म शास्त्रों में प्रतिपादित हुआ है।

सन्दर्भ ग्रन्थ :–

1. धर्मशास्त्र का इतिहास, पृ 01
2. ऐ० ब्राह्मण, 8/17
3. तैत्तिरीयोपनिषद्, 1/11
4. भवदगीता, 3/35
5. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्मद्रुम), पृ 07
6. महाभारत कर्ण पर्व, 69
7. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्मद्रुम) 7
8. श्रीमद्भागवत –6/1/44
9. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्मद्रुम), पृ. 08
10. मनुस्मृति, 6/92
11. नारद उ० भाग –7/11/2/12
12. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म दुम), पृ0 120
13. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 121
14. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 122
15. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 124
16. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 126–127
17. मनुस्मृति, 5/103 18. मनुस्मृति, 2/88
19. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 133
20. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 135
21. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 136
22. धर्मशास्त्र का इतिहास (धर्म द्रुम), पृ0 10

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 164-167
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

साहित्य, समाज और हिन्दी सिनेमा

–डॉ. नसरीन जान

Nishat, Srinagar, Jammu & Kasmir

साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं बल्कि उसका दीपक भी है, वह दशा ही नहीं दिशा भी दिखाता है। दूसरे शब्दों में साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं है, अपितु उसका प्रयोजन समाज का मार्गदर्शन करना भी है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल साहित्य को 'चित्तवृति का संचित प्रतिबिम्ब' मानते हैं। पंडित बालकृष्ण भट्ट ने साहित्य को 'जन समूह के ह्रदय का विकास माना है'। "मानव सभ्यता के विकास में साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विचारों ने साहित्य को जन्म दिया तथा साहित्य ने मानव की विचारधारा को गतिशीलता प्रदान की, उसे सभ्य बनाने का कार्य किया। मानव की विचारधारा में परिवर्तन लाने का कार्य साहित्य द्वारा ही किया जाता है। इतिहास साक्षी है कि किसी भी राष्ट्र या समाज में आज तक जितने भी परिवर्तन आए, वे सब साहित्य के माध्यम से आए।"[1] एक साहित्यकार अपने साहित्य के लिए समाज से ही विषय–वस्तु लेता है। वह समाज में व्याप्त विसंगतियों, विकृतियों, कुरीतियों आदि के बारे में लिखता है। वस्तुतः साहित्य समाज से पूर्णतः प्रभावित होता है। किसी भी देश के साहित्य से वहां के लोक जीवन, संस्कृति, सभ्यता और भूतकाल में घटी घटनाओं को जाना जा सकता है। जब से मानव ने सोचना–विचारना, पढ़ना–लिखना और अपने आप को दूसरों पर प्रकट करना सीखा, तभी से साहित्य व समाज में आदान–प्रदान की प्रक्रिया भी प्रारंभ हुई। इस दृष्टि से दोनों का सम्बंध आत्मा और शरीर के जैसे है। जिस प्रकार से आत्मा अमर है उसी प्रकार से साहित्य भी अमर है। योननागोची के शब्दों में "समाज नष्ट हो सकता है, राष्ट्र भी नष्ट हो सकता है किन्तु साहित्य का नाश कभी नहीं हो सकता।"[2]

वर्तमान युग में मीडिया समाज के मनोरंजन व मार्गदर्शन करने का एक सशक्त माध्यम के रूप में सामने आया है। मीडिया में सिनेमा एक ऐसा दृश्य माध्यम है जिसने संचार व मनोरंजनपरक साधनों में से समाज को सर्वधिक प्रभावित किया। जवाहर लाल के शब्दों में "वर्तमान युग में यदि किसी कला माध्यम का प्रभाव सर्वाधिक है तो निरूसन्देह वे फिल्में हैं।"[3] डॉ. कालिदास नाग सिनेमा को परिभाषित करते हुए लिखते हैं– "अपने वास्तविक अर्थ में सिनेमा केवल गतिशील खिलौने का चित्र मात्र नहीं है प्रत्युत वह जनशिक्षण का बड़ा ही प्रभावशाली माध्यम है।"[4] वस्तुतः फिल्म नाटक का ही विकसित रूप है। यह एक ऐसा नाटक है जो जीवन के रंगमंच पर खेला जाता है तथा जिसकी प्रस्तुति वैज्ञानिक उपकरणों के द्वारा होती है। सत्यजित रे के अनुसार– "एक फिल्म चित्र है, फिल्म आंदोलन है, फिल्म शब्द है, फिल्म नाटक है, फिल्म एक कहानी है, फिल्म संगीत है, फिल्म हजारों अभिव्यक्ति श्रव्य तथा दृश्य आख्यान है।"[5] आज सिनेमा मनोरंजन और ज्ञान को विकसित करने का एक मुख्य साधन बनता जा रहा है। हमीदउद्दीन महमूद के शब्दों में– "सिनेमा जनता तक पहुंचने वाला सबसे अच्छा

माध्यम है।"[6]

साहित्य और सिनेमा दोनों ऐसे माध्यम हैं जिनमें समाज में परिवर्तन लाने की शक्ति सबसे अधिक है। इन दोनों का घनिष्ठ सम्बंध है। गुलज़ार के शब्दों में– "साहित्य और सिनेमा का सम्बंध एक अच्छे अथवा बुरे पड़ोसी, मित्र या संबंधी की तरह एक दूसरे पर निर्भर है।"[7] साहित्य और सिनेमा का मुख्य उद्देश्य आनंद का सृजन करना है तथा दोनों समाज को नई दिशा देने की क्षमता भी रखते हैं जो ऐसा करने में असफल होते हैं वे साहित्य और सिनेमा निरर्थक है। डॉ. राही मासूम रजा के शब्दों में– "सिनेमा साहित्य की एक विधा है इसे भी उन्हीं तकाजों को पूरा करना चाहिए जो दूसरी साहित्यिक विधायें पूरी करती हैं। सिनेमा लोगों को सुख प्रदान करता है तथा इस सुख से वह समाज को स्वस्थ बनाने की लड़ाई लड़ता है। जिस तरह कोई नज़्म, नाविल, कहानी या साहित्य जो इस कर्तव्य को पूरा नहीं करते वह बेकार है उसी तरह जो फिल्म इस कर्तव्य को पूरा नही करती वह त्रुटिपूर्ण है।"[8] जो सिनेमा समाज के साथ नहीं चलता उसे समाज स्वीकार नहीं करता फिर चाहे वह कितने ही बड़े बजट की ही क्यों न हो या फिर कितने ही बड़े कलाकार उसमें अभिनय कर रहे हो। सिनेमा के जैसे साहित्य भी समाज में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं से गहरे रूप में जुड़ा रहता है। सिनेमा के माध्यम से जो कहानी प्रस्तुत की जाती है उसमें विभिन्न प्रकार के चरित्र या उनके क्रियाकलाप ही नहीं होते बल्कि वे समाज की विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से अपने को व्यक्त करते हैं। इस प्रकार प्रत्येक फिल्म कहानी कहते हुए उनसे जुड़ी संस्थाओं के स्वरूप, चरित्र और उनके प्रति लोगों और समुदायों की सोच को भी प्रस्तुत करती है। जैसे 'लज्जा' फिल्म में विदेशी तथा भारतीय नारी की व्यथा कथा को व्यक्त किया गया है। इस फिल्म का विषय समाज के विभिन्न वर्गों में रहने वाली अमीर और गरीब हर तरह की स्त्री को पुरुष समाज द्वारा उत्पीड़ित और लांछित किये जाने से संबंधित हैं।

जिस प्रकार से पग–पग पर साहित्य समाज से प्रभावित होता है उसी प्रकार सिनेमा भी समाज से प्रभावित होता रहा है। भारतीय हिंदी फिल्मों ने गांधीवाद, मानवतावाद, मार्क्सवादी समाजवाद आदि को कई रूपों में दिखाया। अलग–अलग दशकों में सिनेमा पर हम विभिन्न प्रकार के प्रभावों को देख सकते हैं।

सिनेमा देखते हुए लोग न केवल अपना मन बहलाते हैं बल्कि समय और समाज के बारे में नए अनुभव भी लेकर जाते हैं। ये अनुभव उनके जीवन और समाज संबंधी उनकी विचारधारा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित अवश्य करता है। उदाहरणतः बालक मोहनदास करमचन्द गांधी 'सत्य हरिश्चंद' फिल्म के किरधार 'राजा हरिश्चंद' की सत्यनिष्ठा से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने आजीवन सत्य बोलने का प्रण कर लिया। आज लगभग देश के प्रत्येक क्षेत्र में सिनेमा का प्रभाव किसी न किसी रूप में दिखाई दे रहा है। यहाँ तक कि भारतीय राजनैतिक क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। कई फिल्म कलाकार तो संसद और विधानसभा में मंत्री पद पर विराजमान हुए जैसे रेखा, जयाभादुरी, धर्मेंद्र, जयललिता, सुनिल दत्त इत्यादि। आज फैशन के क्षेत्र में भी सिनेमाई कलाकारों का वर्चस्व दिन–प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। बड़े से बड़े फैशन डिजाइनर अपने फैशन शो को प्रसिद्धि दिलवाने के लिए किसी न किसी फिल्मी सितारे को अपने शो का 'शोस्टॉपर' बनाते है। यही नहीं विद्यालयों और महाविद्यालयों में होने वाले उत्सवों अथवा 'अनुवल डे फनक्शनों' आदि को अधिक आर्कषक और मनोरंजनपरक बनाने के लिए बॉलीवुड सितारों को आमंत्रित किया जाता हैं। बल्कि आज के युवा तो फिल्मी कलाकारों के जैसे दिखने के लिए उन्हीं के जैसे हेयर स्टाइल, पौशाक, आदि की नकल करते हैं। इस संदर्भ

में साहित्यकार श्री. प्रसून सिन्हा लिखते हैं– "सिनेमा की नकल उस समय भी लोग करते थे और आज भी करते हैं। लोग अपने जीवन के रहन–सहन के साथ–साथ विचारों से भी खासकर किशोर वर्ग सिनेमा का अनुकरण करते हैं। सिनेमा से दर्शकों का जुड़ाव गहरा है।..... आज भी हमारे मध्य ऐसे कई फिल्मकार हैं जिनकी सोच, तकनीकी क्षमता और प्रस्तुतीकरण शैली में वह ताकत है जो समाज को निश्चित ही एक नई दिशा दे सकती है।"[9]

भारत में फिल्म निर्माण का आरम्भ ब्रिटिश शासन काल में ही हो गया था। यहाँ की पहली फिल्म 1913 में दादा साहेब फालके द्वारा निर्मित एवं प्रदर्शित फिल्म 'राजा हरिश्चन्द्र' थी। यह फिल्म आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रर्वतक लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र के नाटक 'हरिश्चंद्र' से प्रेरित थी जो बहुत लोकप्रिय हुई। भारत की प्रथम बोलती फिल्म अर्देशिर ईरानी द्वारा बनाई गई 'आलम आरा' है। प्रारम्भिक सवाक फिल्में पारसी थिएटर से प्रभावित थी जिसमें अतिनाटकीयता और गीत–संगीत का अधिक समावेश था। हिंदी सिनेमा की प्रारम्भिक फिल्में पौराणिक साहित्य से प्रभावित थी। 'सत्य हरिश्चंद्र', 'लंका दहन', 'भक्त प्रह्लाद , 'कालिय मर्दन', 'अयोध्या का राजा' जैसी फिल्मों में धार्मिक ग्रंथों की कथाओं का चित्रण किया गया था। इनके बाद जो फिल्में बनने लगी उनमें सामाजिक कथाओं की कमी खलने लगी जिसकी पूर्ति सिनेमा ने समकालीन साहित्यकारों की साहित्यिक रचनाओं से की। साहित्यकारों में सर्वप्रथम हिंदी सिनेमा में अपनी छाप छोड़ने के लिए मुंशी प्रेमचंद सामने आए।

वर्ष 1933 में उनकी एक कहानी पर मोहन भागनानी के निर्देशन में 'मिल मजदूर' फिल्म बनी। 1934 में इन्हीं की कृतियों पर 'नवजीवन' और 'सेवासदन' फिल्में बनी। हिन्दी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में भी फिल्में बनने लगी। जैसे उर्दू के लेखक मण्टो की कहानी पर बनी फिल्म 'अछूत कन्या' सुपरहिट रही। इसी प्रकार बांग्ला लेखक शरतचंद्र के उपान्यास 'देवदास' पर हिंदी में चार फिल्में बनी जो सफल भी रही। फलतः हिन्दी, उर्दू तथा बांग्ला भाषा की रचनाओं पर अधिकतर फिल्में बनाई जाने लगी। सत्य जीत रॉय ने प्रेमचन्द की कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' नाम से फिल्म बनाई जो हिट रही। भगवतीचरण वर्मा के उपन्यास 'चित्रलेखा पर भी फिल्में बनी। 1965 में आर के नारायण के अंग्रेजी उपन्यास 'गाइड' पर इसी नाम से फिल्म बनी जिसने बहुत लोकप्रियता प्राप्त की। फणीश्वरनाथ रेणु की 'तीसरी कसम उर्फ मारे गए गुलफाम' पर प्रसिद्ध फिल्म 'तीसरी कसम' बासु भट्यचार्य के निर्देशन में बनी। मोहन राकेश की 'मलबे का मालिक' कहानी पर 'हिना' फिल्म बनाई गई। कृष्ण चंदर की कहानी 'पेशावर एकस्प्रेस' पर 2004 में 'वीर जारा' फिल्म बनी। इसी प्रकार हिन्दी साहित्य के पाण्डेय बेचन शर्मा, चतुरसेन शास्त्री, यशपाल, धर्मवीर भारती, अमृतलाल नागर जैसे साहित्यकारों की रचनाओं पर भी फिल्में बनाई गई।

साहित्य और सिनेमा दोनों हमें समाज के विभिन्न पक्षों की जानकारी देता है। कई बार तो सिनेमा और साहित्य में हम समाज में चल रहे घटना क्रम के तत्कालीन परिणाम भी देख सकते हैं। उदाहरण स्वरूप स्वतंत्रता के पश्चात् हीरेन गुप्ता ने 'आनंदमठ' फिल्म बनाई जो बकिम चंद्र चटर्जी के उपन्यास पर आधारित थी। इस फिल्म में देश को स्वतंत्र करवाने वाले लोगों के बलिदान को प्रमुख रूप से दिखाया गया, 'तमस' फिल्म भीष्म सहानी के उपन्यास 'तमस' पर आधारित थी जिसमें भारत विभाजन की पृष्ठभूमि में फैली साम्प्रदायिक मनोवृति को प्रमुखता से दिखाया गया है। प्रेमचंद की कहानी 'सदगति' पर प्रसिद्ध निर्माता–निर्देशक सत्यजीत राय ने इसी नाम से फिल्म बनाई जिसमें भारत में हो रहे उच्च वर्ग द्वारा निम्न जातियों का शोषण सामने आया। प्रेमचंद के

विख्यात उपन्यास 'गोदान' पर इसी नाम से 1963 में फिल्म बनी। इसमें तत्कालीन भारतीय जीवन को दर्शाने की पूरी कोशिश की गयी। अमृता प्रीतम के पंजाबी उपन्यास 'पिंजर' पर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने हिंदी में इसी नाम से फिल्म बनाई।

इसी उपन्यास पर 2001 में 'गदर' फिल्म बनी जिसमें भारत–विभाजन के समय की उस व्यथा को व्यक्त किया है जिसमें मासूम औरतें साम्प्रदायिकता जैसे जहर का शिकार हुई।

कुल मिलाकर कह सकते है कि आज तक हिन्दी साहित्य पर आधारित अनेक फिल्मों का निर्माण हुआ है। साहित्य और सिनेमा सदैव ही एक दूसरे के विस्तार में सहयोग करते रहें और समाज को प्रभावित भी करते रहे हैं। समाज में मूल्यों की स्थापना के लिए साहित्य ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सिनेमा भी समय–समय पर अपने भिन्न उद्देश्यों को लेकर समाज के समक्ष आया है। हिन्दी साहित्य और सिनेमा के कारण आज हिन्दी भाषा विश्वव्यापी भाषा बनती जा रही है। इस प्रकार समाज के विकास में सिनेमा एवं साहित्य दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

संदर्भ सूची :–

1. http://www.pravakta.com
2. http://www.pravakta.com
3. 'आधुनिक हिंदी सिनेमा का सामाजिक व राजनैतिक अध्ययन', राम अवतार अग्निहोत्री पृ. 1
4. 'सिनेमा और साहित्य', हरीश कुमार, पृ. 2
5. http://www.google.co.in
6. 'सिनेमा और साहित्य', हरीश कुमार, पृ. 2
7. 'हिंदी सिनेमा का सच', सम्पादक मृत्युजय, पृ. 39
8. 'हिंदी सिनेमा का सामाजिक संदर्भ', डॉ. भारती एन.के, पृ. 160
9. वहीं।

मो. 99066394444

www.bohalsm.blogspot.com
Impact Factor : 3.811
Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
Mukeriya Webinar Visheshank 2021 Page No. : 168-172
AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED & REFEREED
MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

A General Study : New Media and Political Communication

-Vikash Berwal

Research Scholar, Department of Communication Management and Technology
Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hisar-Haryana

Government in the West is increasingly regarded as an interdependent system of self-organized networks, with specific norms of collaboration and substantial autonomy from the state. While J. Kooiman defines state governance as a wholeness of state and public cooperation as regards the solution of different social problems and creation of possibilities, he draws attention to interactions understood as a specific form of action undertaken by actors of political communication in order to not only solve problems but also to create new courses of action.

It is becoming increasingly necessary to have interaction principles that are based on specific worldview categories and moral ideals as well as collaborating institutes. Thus, there is an issue with the transparency of political communication when it comes to agreeing on issues between government and non-governmental institutions. Non-state players' demands for the efficiency of political decision-implementation processes have political and communicative justifications. Interests must be mutually shared in order for communication to be successful. Another aspect of society's democratization is the need for more openness in government acts. Citizens' involvement and collaboration in the political arena transform political communication into a sort of assessment tool of the amount and quality of democracy in a society, from participation in different public organizations to online discussions and petition signatures Crozier, M. (2007).

According to the state, information sources are a separate source of legitimacy. Certain politicians who are able to connect well with various participants in the political process also play an important role in the development of an information society. A growth in confidence in society and civic engagement in political processes is due to these factors in particular; a lack of civil awareness might lead to a legitimacy crisis Hale, H. (2013).

On top of all that, the ability to raise and address important political and social problems as well as anticipate probable dangers while making choices, especially controversial ones, is a manifestation of authorities' communication potential. As well as creating a favorable authority profile, a competent use of Internet resources increases the ability to predict governance processes.

It used to be that political communication consisted of gathering, sharing and interpreting information with the goal of achieving a consensus on some political action or other. It was also believed that the meaning of a recipient's communication would remain mostly intact. A one-way information exchange mechanism was perceived as a result of linear logic. A new instrument for ensuring the preparation, formulation, and execution of political

